सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-218 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 17 जनवरी 2024

05 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# सुरक्षा उपाय जारी रखे यूपी सरकार

**आदेश**

- मुख्तार अंसारी से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश
- अगली सुनवाई जुलाई के तीसरे हफ्ते में होगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्रशासन को गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के साथ कोई अप्रत्याशित स्थिति नहीं होने देने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध जारी रखने को कहा है।

हालांकि सभी कदम उठाए जाने के बावजूद अनहोनी हो सकती हैं। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद अंसारी की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े चार्ट का भी अवलोकन किया है। जस्टिस हृषिकेश राय और प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने मुख्तार अंसारी की सुरक्षा व्यवस्था पर सुनवाई के दौरान सुरक्षा को पर्याप्त रूप से विकट माना। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को किसी भी अप्रत्याशित घटना को नहीं होने देना चाहिए। उमर अंसारी ने अपने पिता मुख्तार की सुरक्षा को जेल परिसर के अंदर भी चाकचौबंद करने और सुरक्षा कारणों से उन्हें उत्तर प्रदेश की जेल से बाहर भेजने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश की ओर से पेश अतिरिक्त सालीसिटर जनरल केएम नटराज ने अदालत के समक्ष मुख्तार अंसारी के खिलाफ विभिन्न चरणों में लंबित मामलों का ब्योरा और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी के खिलाफ कई मामले जांच और कई सुनवाई के स्तर पर चल रहे हैं। इस पर खंडपीठ ने कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति भयंकर है।

## पीएम मोदी ने एनएसीआईएन के नए परिसर का उद्घाटन किया

# आजकल पूरा देश राममय है

**तोहफा**

- 10 वर्षों में कर व्यवस्था में बड़े रिफॉर्म किए: पीएम
- पिछले 9 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

### सरकार ने आयकर प्रणाली को आसान बनायाः मोदी

सरकार ने आयकर प्रणाली को भी आसान बनाया। हमने देश में फेसलेस कर निर्धारण प्रणाली को शुरू किया। इन सारे सुधारों के कारण आज देश में रिकॉर्ड कर संग्रह हो रहा है। अतीत में हमारे यहां प्रोजेक्ट्स को अटकाने, लटकाने और भटकाने की प्रवृत्ति रही है, जिस कारण से देश को बहुत नुकसान हुआ है। बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार ने लागत का ध्यान रखा है और योजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया है। पिछले 10 वर्षों में गरीब, किसान, महिला व युवा इन सबको हमने सशक्त किया है। हमारी योजनाओं के केंद्र में वही लोग सर्वोपरि रहे हैं, जो वंचित थे, शोषित थे, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े थे।



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश में नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि हमारी सरकार के पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, जिस देश में दशकों तक गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते रहे, उस देश में सिर्फ 9 वर्ष में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले के पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि एनएसीआईएन का यह नया परिसर सुशासन के लिए नए आयाम बनाएगा और भारत में व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कर प्रणाली में बहुत बड़े सुधार किए, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड कर संग्रह हुआ है। प्रधानमंत्री ने अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मेरा 11 दिवसीय उपवास अनुष्ठान चल रहा है। ऐसे शुभ समय में यहां आकर भगवान का आशीर्वाद लेने से धन्य हो गया हूं। आज कल पूरा देश राममय होकर रामभक्ति में सराबोर है लेकिन प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा, आस्था भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है।

### भाजपा ने दारा सिंह चौहान को बनाया प्रत्याशी

**लखनऊ।** यूपी विधान परिषद में एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने पूर्व विधायक दारा सिंह चौहान को उम्मीदवार घोषित किया है। वह 18 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक यूपी भाजपा की कोर कमेटी ने उप चुनाव के लिए पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजा था। पैनल में सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दारा सिंह चौहान का नाम प्राथमिकता पर था। इनके अतिरिक्त प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा और संतोष सिंह सहित अन्य नाम शामिल थे। केंद्रीय नेतृत्व ने दारा सिंह चौहान के नाम पर सहमति दे दी। सपा से इस्तीफा देने के बाद दारा सिंह घोसी विधानसभा क्षेत्र से उप चुनाव हार गए थे। तब से ही दारा सिंह को विधान परिषद भेजने की चर्चा चल रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने विधान परिषद में एक सीट पर होने वाले उपचुनाव की तारीख में बदलाव किया है।

# भारत में राम के बिना कोई काम संभव नहींः योगी

**तंज**

- अब अयोध्या में गोली नहीं चलेगी, मिलेंगे लड्डू के गोले, कर्फ्यू नहीं, होगा राम का कीर्तनः योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नई अयोध्या में अब कभी कर्फ्यू नहीं लगेगा बल्कि वहां राम नाम संकीर्तन होगा। वहां पर कभी गोली नहीं चलेगी बल्कि रामभक्तों को लड्डू के गोले मिलेंगे। अयोध्या में अब कोई पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा को रोकने का साहस नहीं करेगा।

मुख्यमंत्री आवास पर मंगलवार शाम आयोजित कार्यक्रम में हेरिटेज हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से देश के 12 लाख हस्तशिल्पियों की ओर से श्रीरामलला के लिए तैयार विशिष्ट वस्त्र को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में राम के बिना कोई काम संभव नहीं हैं। जन्म हो तो अखण्ड रामायण का पाठ होता है और जीवन की अंतिम यात्रा में राम नाम का उच्चारण होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में नव्य मंदिर में राम के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा लोक आस्था और जन विश्वास की पुनर्प्रतिष्ठा है। 500 वर्षों तक श्रीरामजन्मभूमि का मुद्दा कभी दबा नहीं। ऐसा उदाहरण किसी अन्य प्रकरण के लिए अन्यत्र कहीं नहीं देखने को मिलता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु राम, धर्म अर्थ, काम और मोक्ष यानी चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति के माध्यम हैं। राम जैसा कोई नाम नहीं। यह अकेला ऐसा नाम है जो आजीविका का साधन भी है। राम आस्था के साथ आर्थिकी के भी माध्यम हैं। अयोध्या अपने गौरव के अनुरूप सम्मान प्राप्त कर रहीं हैं। लखनऊ से अयोध्या के लिए जल्द ही हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने जा रही है। सरयू में क्रूज चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ समय पूर्व तक कल्पना से परे था लेकिन रामकृपा से आज यह सब साकार हो रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के के वरिष्ठ संरक्षक सुरेश जोशी भैया जी ने कहा कि भगवान राम के जीवन को देखें तो उनका पूरा जीवन संघर्षमय दिखता है। प्रारंभ में विश्वामित्र जी लेकर गए, तो बाद में वनवास हुआ और फिर न चाहते हुए भी लंका पर आक्रमण करना पड़ा।

### वस्त्रों में रामभक्ति का तानाबाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेरिटेज हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रामलला के लिए 12 लाख हस्तशिल्पियों की ओर से वस्त्र तैयार किए हैं। वस्त्र में रामभक्ति का ताना है और हस्तशिप का बाना है। वस्त्र को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी जी को सौंपा।

# महाराष्ट्र के स्पीकर और उद्धव ठाकरे के बीच जुबानी जंग

**पलटवार**

- गलत फैसला देने वाले सामने आएं
- मैं नार्वेकर और सीएम एकनाथ शिंदे को चुनौती देता हूं



**मुंबई।** उद्धव गुट की तरफ से शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली याचिका को खारिज करने के बाद महाराष्ट्र स्पीकर नार्वेकर और उद्धव ठाकरे के बीच जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही हैं। उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र के स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। मैं राहुल नार्वेकर और सीएम एकनाथ शिंदे को चुनौती देता हूं कि वे लोगों के सामने आएं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह लोगों के सवालों का ही जवाब दें कि आखिर शिवसेना किसकी है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं इस लड़ाई को जनता की अदालत में ले जा रहा हूं। उन्होंने सवाल किया यदि वह शिवसेना प्रमुख नहीं थे, तो भाजपा ने लोकसभा चुनाव के बाद 2014 और 2019 में उनसे समर्थन क्यों मांगा। शिवसेना पार्टी के सचेतक नियुक्त करने के मुद्दे पर बोलते हुए महाराष्ट्र स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी नहीं कहा कि भरत गोगावले को सचेतक नियुक्त करना गलत था।

### मेरे फैसले के खिलाफ वे लोगों को गुमराह कर रहे

वहीं महाराष्ट्र के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि 10 जनवरी को मैंने विधायकों की अयोग्यता से जुड़ी याचिका पर अपना फैसला सुनाया। पिछले कुछ दिनों से कुछ राजनीतिक नेता और कार्यकर्ता मेरे फैसले के खिलाफ लोगों को गुमराह कर रहे हैं। यहां तक कि मेरे खिलाफ अपमानजनक भाषा का भी प्रयोग हो रहा है। वे लोग विधानसभा अध्यक्ष का सम्मान नहीं करते हैं।

# जहां शिवलिंग का दावा, उस पानी की टंकी की होगी सफाई

**याचिका**

- ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला
- जिला कलेक्टर की देखरेख में होगी सफाई



**वाराणसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को काशी के ज्ञानवापी मामले में बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद परिसर में मौजूद पानी की टंकी (वुजुखाना) की सफाई कराने की अनुमति दे दी है। गौरतलब है कि इसी वुजुखाने में हिंदू पक्ष ने शिवलिंग होने का दावा किया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एक महिला की याचिका पर यह निर्देश दिया। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मस्जिद परिसर में भगवान की पूजा करने की अनुमति मांगी गई थी। साथ ही पानी के टैंक की सफाई की मांग की गई थी क्योंकि उस टैंक में मछलियां मरी पड़ीं थी। इस याचिका का मस्जिद मैनेजमेंट कमेटी द्वारा विरोध नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने पीठ ने अपने आदेश में कहा कि टैंक की सफाई वाराणसी के जिला कलेक्टर की देखरेख में कराई जाए। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान सुनवाई में पेश हुई।

# इंडिया गठबंधन में कोई नाराजगी नहींः राहुल

**विचार**

- सीट बंटवारे पर हो रही चर्चा, जल्द होगा समाधान
- विपक्षी गठबंधन आम चुनाव में भाजपा को देगा मात



**नागालैंड।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे का जल्द समाधान निकल जाएगा। उन्होंने इस दौरान दावा किया कि विपक्षी गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देगा।

राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों के बीच आपसी सम्मान और प्रेम हैं। यह गठबंधन भाजपा, आरएसएस के विचारों का विरोध करता है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान नागालैंड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में हैं। सभी सहयोगी दल आपस में बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल सीट बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा की जा रही है, मुझे लगता है कि जल्द ही आप लोगों को एक अच्छी खबर मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है, इसका समाधान जल्द निकाला जाएगा। नीतीश कुमार की नाराजगी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कोई भी नाराज नहीं है, मीडिया इससे जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रही है। मीडिया बैठक के गठबंधन का भाईचारा नहीं दिखाता है। एक मुद्दा उठाकर मीडिया इसे बड़ा मुद्दा बना देती है। गौरतलब है कि राहुल गांधी का यह बयान उस समय आया जब इंडिया गठबंदन में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर कई दौर की बैठकें हो रही हैं। लोकसभा चुनाव में हम जीत हासिल करेंगे। 2024 के आम चुनाव में हम भाजपा को करारी शिकस्त देंगे। बता दें राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के थौबल से शुरू होने के बाद सोमवार शाम को नागालैंड पहुंची।

### हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं

केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन संबंधी कार्यक्रम को लेकर हिंदू धर्म के अहम लोगों ने भी सवाल दागे हैं कि 22 तारीख का कार्यक्रम चुनावी हो गया है। ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष ने नहीं जाने का फैसला लिया है। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं. हालांकि, हमारी पार्टी और गठबंधन में से जो लोग भी वहां जाना चाहे जा सकते हैं. वैसे, राहुल गांधी ने इशारों-इशारों में साफ कर दिया कि कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान वह अयोध्या नहीं जाएंगे. वह इस बाबत बोले- मैं यात्रा के रूट पर रहूंगा। फिलहाल अयोध्या न्याय यात्रा के रूट में नहीं है।

**लखनऊ में शीतलहर का प्रकोप**

# आठवीं कक्षा तक के स्कूलों की छुट्टी 18 जनवरी तक बढ़ी

**ठंड**

- डीएम ने जारी किए आदेश
- ऊंची कक्षाओं का समय बदला




**लखनऊ।** राजधानी में अत्यधिक ठंड को देखते हुए कक्षा आठ तक के सभी सरकारी, गैर सरकारी व निजी स्कूलों में 18 जनवरी तक छुट्टी बढ़ा दी गई है। इससे पहले 16 जनवरी तक अवकाश थे, प्रशासन ने ठंड को देखते हुए 10 जनवरी उसके बाद 13 जनवरी तक अवकाश के आदेश जारी किये थे।

नौवीं से 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यालयों की समय अवधि सुबह 10 से तीन बजे तक जारी करने के आदेश दिया। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। डीएम के आदेश के मुताबिक विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य की ये जिम्मेदारी होगी कि क्लासरूम में ठंड से बचाव की व्यवस्थाएं कराएं। संभव हो तो विद्यालयों की ओर से कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन माध्यम से कराया जा सकता है।

# छह महीने बाद कूनो का चीता शौर्य की हुई मौत

**जटिलता**

- 10 वयस्क व चार शावक की हो चुकी है मौत
- पोस्टमॉर्टम कराया गया



**श्योपुर।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आए एक और चीता की मौत हो गई है। इसका नाम शौर्य बताया गया है। मौत के कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

प्रोजेक्ट चीता के तहत सितंबर 2022 में आठ चीतों को नामीबिया से और 2023 की शुरुआत में 12 चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। अब तक 10 चीतों की मौत हो चुकी है। आखिरी बार कूनो में चीता की मौत की खबर दो अगस्त 2023 को आई थी। उसके छह महीने बाद अब यह बुरी खबर आई है। वन विभाग के एपीसीसीएफ और डायरेक्टर लॉयन प्रोजेक्ट के हवाले से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे नामीबिया से आया चीता अचेत अवस्था में मिला था। मॉनिटरिंग टीम तत्काल हरकत में आई। उसे ट्रैंकुलाइज किया गया। कुछ देर के लिए तो उसे होश आया लेकिन कमजोरी बहुत अधिक थी। रिवाइवल के बाद भी कुछ जटिलताएं उभर आई और उसने सीपीआर को रिस्पॉन्ड करना बंद कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को एक और चीते की मौत के बाद चीतों की तादाद घटकर 14 हो गई है। इसमें चार शावक भी शामिल है। तीन हफ्ते पहले ही नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। इससे पहले मार्च 2023 में भी एक मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया था। उनमें से तीन की मौत कुछ ही महीनों में हो गई थी। कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में चार चीते हैं।

**प्राण प्रतिष्ठा** | विवेक सृष्टि आश्रम में अनुष्ठान प्रारंभ हुआ

# श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा होंगे प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान

**मुहूर्त**

- रामलला की प्रतिमा 18 को गर्भगृह में निर्धारित आसन पर स्थापित की जाएगी



**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं बल्कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र होंगे।

यजमान के रूप में उन्होंने मंगलवार को प्रायश्चित पूजन में हिस्सा लिया। अब वे सात दिनों तक यजमान की ही भूमिका में रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले कर्मकांडी ब्राह्मणों और मुहूर्तकारों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपालदास, संघ प्रमुख मोहन भागवत और डॉ. अनिल मिश्र अपनी पत्नी के साथ मुख्य आयोजन के समय 22 जनवरी को गर्भगृह में उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी गर्भगृह में अपने हाथ से कुशा और श्लाका खींचेंगे। उसके बाद रामलला के प्राण प्रतिष्ठित हो जाएंगे। उस दिन वह भोग अर्पित करेंगे और आरती भी करेंगे।

मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या के विवेक सृष्टि आश्रम में अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। काशी के पंडितों ने सरयू में स्नान करने के बाद अनुष्ठान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा और प्रतिमा बनाने वाले अरुण योगीराज भी वहां मौजूद हैं। आज प्रायश्चित और कर्म कुटी पूजन किया जाएगा। अनुष्ठान 21 जनवरी तक चलेगा। रामलला की प्रतिमा 18 जनवरी को गर्भगृह में निर्धारित आसन पर स्थापित कर दी जाएगी। पिछले 70 वर्षों से पूजित वर्तमान प्रतिमा को भी नए मंदिर के गर्भगृह में ही रखा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में दिन के 12:20 बजे प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान आरंभ होगा। यह पूजा करीब 40 मिनट तक चलेगी।

### राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहते ही हो गया था राम मंदिर का शिलान्यास

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को दावा किया कि अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास तब ही हो गया था, जब राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। पवार ने यह बात कर्नाटक के निपानी में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा, ''राजीव गांधी के कार्यकाल में शिलान्यास किया गया था, लेकिन आज भाजपा और आरएसएस की ओर से भगवान राम के नाम पर राजनीति की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से 11 दिनों का उपवास रखने पर पवार ने तंज कसते हुए कहा, ''राम के प्रति उनकी श्रद्धा का मैं सम्मान करता हूं, लेकिन यदि उन्होंने गरीबी को मिटाने के लिए उपवास रखने का फैसला किया होता तो जनता ने इसे सराहा होता।''

# यूपी में नगर निकाय बरबर को मिला चतुर्थ स्थानए डीएम ने दिया अवॉर्ड



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** स्वच्छता के मामले में खीरी जिले की बरबर नगर पंचायत ने बेहतर प्रदर्शन किया है। बरबर को प्रदेश में चतुर्थ और देश मे 370 वां स्थान मिलने पर मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग बरबर की अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज को पुरस्कार देकर ष्स्वच्छ सिटी अवार्डष् से सम्मानित किया। डीएम ने ष्स्वच्छ सर्वेक्षण.2023 में बरबर को प्रदेश में चतुर्थ और देश में 370 स्थान प्राप्त होने पर सभी स्वच्छता कर्मवीरों और विशेष रूप से बरबरवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ऐसे ही भविष्य में भी ष्स्वच्छ भारत अभियानष् के महायज्ञ में बरबर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। जिले के अन्य नगर निकाय को भी इससे प्रेरणा लेना चाहिए। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के आंकड़े जारी कर दिए हैं। 15 हजार तक आबादी वाले नगर निकाय में बेहतर साफसफाई के मामले में बरबर नगर पंचायत भी शामिल रहीए जिसमे बरबर को प्रदेश में चतुर्थ और देश मे 370 वां स्थान मिला है। कूड़ा निस्तारण को डंपिग जोनए खुले में शौच मुक्त बरकरार रहनेए सफाई और लोगों के जवाब के आधार पर रैंक जारी की गई।उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगर पंचायत धौरहरा ने 09वाए नगर पंचायत मैलानी ने 47ए नगर पंचायत ओयल ढकवा ने 77वाँए नगर पंचायत सिंगाही ने 265 वॉ स्थान प्राप्त किया। वही 25 से 50 हजार तक की आबादी वाले कैटेगरी में प्रदेश में नगर पंचायत खीरी ने 19वांए नगर पालिका मोहम्मदी 79वाए नगर पालिका पलिया 131 वाँ और 50 हजार से एक लाख तक की आबादी वाली कैटेगरी में प्रदेश में नगर पालिका गोला ने 24 वां स्थान प्राप्त किया।

वही एक लाख से 10 लाख पापुलेशन कैटेगरी मे नगर पालिका परिषद लखीमपुर को प्रदेश में 20 वां स्थान प्राप्त हुआ है।बताते चले कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में स्वच्छता के मानकों को पूरा करने पर भारत सरकार के द्वारा पिछले साल परीक्षण कराया गया थाण् परीक्षण के आधार पर राष्ट्रीय पुरस्कार स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की घोषणा की गई है। देश में जोनल स्तर पर उत्तर भारत क्षेत्र में यूपी के तीन शहरों को क्लीन सिटी नार्थ जोन का भी पुरस्कार मिला। इनमें बरवरए अनूपशहर और गजरौला शामिल हैं। इसी के साथ गॉवेज फ्री सिटी के प्रमाणीकरण के अनुसार नगर पंचायत बरबर और धौरहरा को वन स्टार प्राप्त हुआ है।

## विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया अधिवक्ताओ और वादकारियो के लिये भवन का निर्माण का लोकार्पण

**लखीमपुर खीरी।** अधिवक्ताओ के बैठने के लिये टीन शेड और वादकारियो के लिये भवन का निर्माण विधायक निधि द्वारा कराये गये निर्माण का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। विधायक निधि से 11 लाख रूपयो की लागत से बने भवन का विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह एवं दो लाख रूपयो की लागत से बने टीन शेड का उद्घाटन



आयुष्मान मैसी ने विधि विधान से किया। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं की हर समस्या का समाधान किया जाएगा एवं वो वादकारी जो दूर.दराज इलाको से तहसील आते है उनके बैठने के लिये तहसील में कही कोई जगहन नहीं थी अब वादकारी इस भवन में बैठकर अपने कार्य को अंजाम दे सकते है। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्राए बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिंहए महामंत्री लालता प्रसादए पूर्व महामंत्री हसन नवकीए कुलदीप सिंहए वरिष्ठ अधिवक्ता वीपी सिंहए आदित्य प्रकाश सिंहए पूर्व बार अध्यक्ष गोविन्द खरेए प्रद्युम्न मिश्राए अवर अभियन्ता सतीश चन्द्र मौर्य सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने दिलाया वॉटर बॉडीज को पुनर्जीवित करने का संकल्प

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल निकायों का सैटेलाइट्स रिमोट सेंसिंग आधारित सर्वेक्षण तथा प्राकृतिक तरीकों से उनके संरक्षण संवर्धन एवं जीर्णोद्वार पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुईए जिसमे डीएम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों की वॉटर बॉडीज को पुनर्जीवित करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का सफल संयोजन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि जब तक जल सुरक्षित नहींए तब तक शहरए गांव सुरक्षित नहीं है। इसलिए जरूरी है कि हम पानी की बूंद.बूंद का महत्व समझें और पूर्वजों के बनाये गये जल स्त्रोतों को हर हाल में संरक्षित करें। उन्होंने समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जल निकायों के सैटेलाइट धृ रिमोट सेंसिंग आधारित सर्वेक्षण के जरिए तालाबों और झीलों के संरक्षण के लिए वॉटर बॉडीज की मैंपिग भी करवायी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षक प्रोफेसर वेंकटेश दत्ताए वैज्ञानिक रिमोट सेंसिंग केन्द्र आलोक सैनी और अर्जुन सिंह ने कम समय और कम खर्च में नैसर्गिक तरीके से तालाबों और झीलों को पुनर्जीवित करने का मंत्र दिया है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि हमें प्राकृतिक तरीके से तालाबों और झीलों का संरक्षण करना है। इससे जल निकायों के साथ ही पर्यावरण भी संरक्षित होगा और जिले में ईको टूरिज्म बढ़ेगा। कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षक प्रोफेसरए पर्यावरण विज्ञानए बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्व विद्यालय डाव्केंटेश दत्ताए वैज्ञानिक रिमोट सेन्सिंग केन्द्र आलोक सैनी और अर्जुन सिंह ने प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारी और कार्मिकों को जल निकायों के सैटेलाइट ध्रिमोट सेंसिंग आधारित सर्वेक्षण तथा उनके संरक्षणए संवर्धन एवं जीर्णोद्धार के लिए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।कार्यक्रम में डीएफओ संजय बिस्वालए शौरीशए एडीएम संजय कुमार सिंहए डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरीए सभी उप जिलाधिकारीए खंड विकास अधिकारीए जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पौराणिकए प्रमुख मंदिरों में हुआ सुंदरकांड पाठए भजन संध्याए रामनाम संकीर्तन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन करीब आने के साथ ही जिला प्रशासन पूरे जिले का माहौल राममय बनाने में जुटा है। मंगलवार को बाल्मीकि मंदिर गुटैय्याबागए बाल्मीकि मंदिर हाथीपुर उत्तरीए बाल्मीकि मंदिर बक्शा मार्केट और हनुमान मंदिर गुलरीपुरवा में प्रशासनिक अधिकारियो ने श्रद्धालुओं के साथ पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन किया।

प्रातरू काल से ही पूजापाठ शुरू हो गया। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जिला प्रशासन की ओर से बाल्मीकि मंदिर गुटैय्याबागए बाल्मीकि मंदिर हाथीपुर उत्तरीए बाल्मीकि मंदिर बक्शा मार्केट और हनुमान मंदिर गुलरीपुरवा सीतापुर रोड मे पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित्त चौधरी की अगुवाई में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग एवं संस्कृति विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दलों द्वारा भजन कीर्तन संध्या एवं सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने सुंदरकांड पाठ में भगवान का गुणगान किया। कार्यक्रम समापन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।



# महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां नगर के दयानंद पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत निशुल्क स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायबरेली के विभाग प्रचारक राहुल जी ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के साथ जनपद के गांधी कहे जाने वाले मुंशी चंद्रिका प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कियाद्य इस कार्यक्रम का कुशल संचालन सामाजिक समरसता संयोजक सतीश सिंह द्वारा किया गया। वहीं इस मौके पर स्नातक तृतीय वर्ष के 81 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल जी का महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ के द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर स्वागत किया गयाद्य इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का इन पंक्तियों हो सका न किसी को आपके कद का अंदाजा, आप आसमा है फिर भी सर झुकाए बैठे हैं से स्वागत कियाद्य इस मौके पर मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक राहुल जी ने अपने ओजस्वी पूर्ण वक्तव्य में कहा कि उच्चतर शिक्षा में स्मार्ट फोन का प्रयोग अपने लक्ष्य की प्राप्ति में विद्यार्थी अपने मनोयोग से करें, तभी लक्ष्य की उच्चतर सीमा तक पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम के इस मौके पर सचिन चौधरी, अरविंद तिवारी, रॉबिन चौधरी, प्रशांत शुक्ला, प्रवीण शुक्ला, संदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह, अरुण द्विवेदी, पीयूष श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएं एवं अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।



# अज्ञात चोरों द्वारा तीन गांवों से चोरी हुई तीन भैंस पुलिस को मिली बड़ी सफलता



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** बीते रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा कोतवाली क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों से चोरी हुई तीन भैंसों के मामले में पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है, पुलिस ने भैंसें चोरी करने वाले तीन आरोपियों को अवैध तमंचा जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया है, जिनके पास भैंसों के बेचने पर मिले पैसे भी बरामद हुए हैं,आरोपियों में शामिल एक हिस्ट्रीशीटर भी है, जिसके विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव अचली कंसीपुर नयापुरवा मजरे मोन से बीते रविवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा तीन भैंस चोरी कर ले जाने की सूचना मिली थी मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

मुखबिर की सूचना पर भैंस चोरी करने वाले आरोपियों को शिवपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनका क्रमशः नाम भीम उर्फ टईया पुत्र करिया निवासी हरखी पुर बहमरपुर पोस्ट अलीगंज थाना कुड़वर जनपद सुलतानपुर व जिद्दी नट पुत्र बचई उर्फ नंदन निवासी लाल बहादुर सिंह का पूर्व मजरे गुमांवा थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली वहीं तीसरा अजय कुमार साहू पुत्र छेदीलाल निवासी हलोर थाना महराजगंज शामिल था जिनके कब्जे से 33700 रुपए एक पिकअप गाड़ी दो अदद तमंचा कारतूस व तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## गुलाबी गलियां की समीक्षा में भावुक हुई मनोरमा

**लखीमपुर खीरी।** लघुकथा शोध समिति भोपाल द्वारा समिति प्रमुख कांता राय के सौजन्य गूगल मीट का आयोजन किया गया। जिसमें सुनीता मिश्रा ने अर्चना अनुपम का लघुकथा संग्रह प्रिज्म और मनोरमा पंत ने सुरेश सौरभ द्वारा संपादित साझा लघुकथा संग्रह श्गुलाबी गलियांश् की विस्तार से समीक्षा प्रस्तुत की। समाज के सबसे उपेक्षित वर्ग वेश्याओं पर साकारात्मक विमर्श करते.करते विदुषी लेखिका मनोरमा बेहद भावुक हो गई और उनकी आंखें नम हो गई। संचालन घनश्याम मैथिल श्अमृतश् ने किया। अध्यक्षता कर रहे डॉण्जसबीर सिंह चावला ने कहा हृदय को झकझोरने वाली मनोरमा ने गुलाबी गलियां की समीक्षा प्रस्तुत की है। रीता सिंहएशिवराज सिंह ताजए मधु जैनए मधु सक्सेनाए नीना मंदिरवारए विनय भूषण ठाकुरए अनीता रश्मिए मधुर सक्सेनाए साहित देश के लगभग पचास से अधिक प्रसिद्ध साहित्यकार विद्वान पुस्तक समीक्षा में सम्मिलित हुए। दो घंटे से अधिक समय तक परिचर्चा हुई।

## 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना पढुआ पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते 03 नफर अभियुक्तों संजय पुत्र रमेशए सुरेन्द्र पुत्र वेदप्रकाश व रामू रस्तोगी पुत्र बाबू रस्तोगी को 01 अदद पौनी 315 बोरए 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोरए 01 अदद आला नकब व 02 अदद पेचकस बरामद कर औधड़ बाबा स्थान वृहद ग्राम मल्लबेहड़ से गिरफ्तार किया गयाए जिसके संबंध में थाना पढुआ पर मु0अ0सं0 20द्24 धारा 401 भादवि व 3द्25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गोला डिपो ने गोला से बलिया के लिए शुरू की सीधी बस सेवाए 22 जनवरी के बाद शुरू होगी सेवा

**लखीमपुर खीरी।** गोला डिपो ने बलिया तक रोडवेज बस सेवा शुरू कर दी है। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। डिपो ने मकर संक्रांति से अयोध्या तक बस संचालन की योजना को आगे बढ़ा दिया है। अब 22 जनवरी के बाद यह सेवा शुरू होगी।यात्रियों की सुविधा के लिए गोला डिपो ने गोला से बलिया के लिए सीधी बस सेवा शुरू की है। दोपहर के समय आजमगढ़ जाने वाली बस को बलिया तक भेजा जा रहा है। सवारियों को गोला बस अड्डे से बलिया के लिए दोपहर तीन बजे बस मिलेगी। आजमगढ़ होकर यह बस बलिया पहुंचेगी। वहीं बलिया से गोला के लिए सुबह 11 बजे से बस चलेगी। एक ट्रिप में बस का संचालन 1218 किलोमीटर होगा। गोला से बलिया जाने वाले यात्रियों को किराये के रूप में 1167 रुपये खर्च करना होगा गोला डिपो से मकर संक्रांति से अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू होनी थी। लेकिन 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या में देश दुनिया से लोग पहुंच रहे हैं। ऐसी दशा में अधिक भीड़ न बढ़ेए इसलिए बसों का संचालन स्थगित किया गया है। अब 22 जनवरी के बाद गोला से अयोध्या के लिए रोडवेज बस सेवा संचालित होगी। अभी लखीमपुर खीरी से अयोध्या के लिए रोडवेज बस और ट्रेन की सुविधा नहीं है।

# ईवीएम मशीन हटाकर बैलेट पेपर पर चुनाव कराने की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** देश में ईवीएम मशीन को समाप्त कर बैलेट पेपर पर चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर आज भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल प्रदर्शन कर धरना दिया और राष्ट्रपति को संबंधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक देशव्यापी आंदोलन के तहत भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता आज हकीकत नगर के रामलीला मैदान पर एकत्रित हुए और ईवीएम हटाओ देश बचाओ के नारे के साथ धरना दिया। धरने का समर्थन करते हुए पूर्व राज्य मंत्री विनोद तेजियान ने कहा कि अमेरिका जापान जैसे विकसित देश ईवीएम को नकार चुके है, लेकिन इसके बावजूद भारत और पाकिस्तान में इस मशीन का प्रयोग किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए अत्यधिक घातक साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए वीवी पैट मशीन लगाई जाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। दोबारा सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए, तो 2017 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश के कुछ विधानसभा सीटों पर वीवी पैट मशीन का प्रयोग किया गया और जिन-जिन स्थानों पर वीवी पैट मशीन लगाई गई थी, उन सीटों पर बसपा और सपा के उम्मीदवार विजयी हुए, जिससे स्पष्ट है कि ईवीएम मशीन घोटाला है, इसको समाप्त किया जाना चाहिए, तभी निष्पक्ष और परिदृश्यता के साथ लोकसभा चुनाव संपन्न हो सकेंगे। मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर डीपी सिंह ने कहा कि चुनाव ईवीएम से कराये जाने है, तो उसके साथ वीवी पैट मशीन लगायी जाये और उससे निकलने वाली पर्ची की गिनती कराई जाए, ताकि चुनाव निष्पक्ष रूप से हो सकें। इस दौरान भारी संख्या में मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामलीला ग्राउंड में भारत संकल्प यात्रा शिविर का किया गया आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के मऊ बाजार स्थित रामलीला ग्राउंड में मऊ प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह के संयोजकत्व में ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ के शिविर का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश बहादुर सिंह, विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सिंह दाढ़ी रहे। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित जन को विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा कार्यक्रम में क्षेत्र के निर्धन, गरीब, और जरूरतमंद लोगों को ठंडी से बचने के लिए कंबल वितरित किए गए, क्रिकेट, वॉलीबॉल खिलाड़ियों, शिक्षकों, भूतपूर्व सैनिकों, क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं पत्रकारों के अलावा कार्यक्रम में मनमोहन प्रस्तुति देने वाले स्कूली बच्चों, प्रधान तथा बीबीसी सदस्यो को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## रक्तदान शिविर में 175 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**सहारनपुर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 175 रक्तदाओं ने रक्त का दान किया।

शिविर का उद्घाटन नगर निगम के महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह, मेम्बर इंचार्ज राकेश मुटरेजा, संयोजक हरबंस लाल जुनेजा, जोनल इंचार्ज कुलभूषण चौधरी, क्षेत्रीय संचालक रजनीश कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने रक्तदान शिविर में सम्मिलित सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निःस्वार्थ सेवा को लेकर प्रशंसा की। संत निरंकारी सत्संग भवन के प्रांगण में दिल्ली से पधारे मेंबर इंचार्ज राकेश मुटरेजा ने सत्संग कि अध्यक्षता करते हुए कहा कि जीवन को कुशल करने का जो तरीका है वह यही है कि सदगुरु माताजी हमें सिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तन, मन, धन, का अभिमान नहीं करना है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को बताएं की भक्ति चार प्रकार की होती है उसमें सबसे उत्तम भक्ति प्रेम भक्ति को ही मान्यता दी है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचकर गौरा विधायक ने लाभार्थियों को बांटा कार्ड

**गौरा चौकी, गोंडा।** विधानसभा गौरा क्षेत्र के विकासखंड बभनजोत के केशवनगर ग्रान्ट व कूकनगर ग्रान्ट अन्तर्गत में आयोजित कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड बांटा द्य मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया द्य विकसित भारत संकल्प यात्रा में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड वितरण, अन्नप्राशन संस्कार तथा गोदभराई जैसे विभिन्न कार्यक्रम संपन्न कराये । उपस्थित सभी लोगों को आदर्श नागरिक के दायित्वों का निर्वहन कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहभाग का शपथ दिलाया। एवं ग्रामीण के शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश किया की गरीबों के हर संभव मदद करे।

## भाजपा तरबगंज विधायक प्रेमनरायन पांडेय ने मंदिर में लगाया पोछा

**तरबगंज गोंडा।** भाजपा तरबगंज विधायक प्रेमनरायन पांडेय ने अपने विधानसभा के तीर्थस्थल मा बाराही देवी मंदिर के प्रांगण में अपने समर्थकों साथ स्वयं लगया पोछा और झाड़ू साफ-सफाई करने के लिए किया प्रेरित।

मिली जानकारी अनुसार तरबगंज विधायक प्रेमनरायन पांडेय ने विधानसभा के गांव मुकुंदपुर गांव के ऐतिहासिक शक्तिपीठ मा बाराही देवी के प्रांगण में पहुंचे और स्वयं तथा समर्थकों साथ झाड़ू पोछा लगाया। विधायक ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर अपने क्षेत्र के तीर्थस्थल पर साफ सफाई की जा रही है आज दुसरे दिन मा बाराही दरबार मे भी समर्थकों साथ भी वह साफ-सफाई करने के लिए ही आये हैं इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनुज शुक्ला ने बताया कि विधानसभा अन्तर्गत सभी तीर्थों की साफ-सफाई किया जा रहा है इस मौके गांव व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सवामणी हवन व भंडारे के साथ कपिल महोत्सव हुआ सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)।** कस्बे के निकट महंगूपुर गांव में स्थित कपिल आश्रम पर भगवान कपिल का जन्मोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इसके पूर्व आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का समापन रविवार को हुआ।

भगवान विष्णु के पांचवे अवतार भगवान कपिल का जन्मोत्सव प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर्व पर मनाया जाता है। इस वर्ष आयोजन समिति द्वारा 8 दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। चित्रकूट धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य अतुल महाराज ने कथा का रसपान कराया। सोमवार प्रातः सवामणी हवन के साथ पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। दोपहर 12 बजे मंदिर में भगवान कपिल का प्राकटयोत्सव मनाया गया। तथा भगवान को 56 भोग लगाया गया। सायं 4 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। महोत्सव में क्षेत्रीय लोगों सहित आसपास के जिलों से साधू संत व गृहस्थ शामिल हुए। कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने भी मंदिर में हाजिरी लगाई। बतौर सांसद ने मंदिर के इतिहास की जानकारी ली। तथा आयोजन समिति को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। पांडेय बुक शॉप की तरफ से भगवान को चांदी का छत्र समर्पित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कक्के पांडेय, श्रीकांत पांडेय, डा अजय मिश्रा नवनीत पांडेय, अजीत पांडेय, सुशील पांडेय, डा अजय मिश्र, डा मिथलेश, हरीश तिवारी, मौजीराम यादव, अनमोल मिश्रा, देवमणि मिश्रा आदि लोग शामिल रहे।

# गन प्वाइंट पर परिवार को बंधक बना बदमाशों ने की लाखों की लूट

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना मण्डी क्षेत्रान्तर्गत हथियार बंद बदमाशों ने लकड़ी कारखाना मालिक समेत उसके परिवार को बंधक बनाकर जमकर लूटपाट की और लाखों की नगदी व जेवरात लूटकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक नगर मौके पर पहुंचे और पीडितों से घटना की बाबत जानकारी ली और बताया कि घटना के खुलासे के लिए सर्विलांस, एसओजी के साथ थाना मण्डी पलिस को भी लगाया गया है और लगातार पुलिस टीमें कार्य कर रही है। थाना मण्डी क्षेत्रान्तर्गत पुराना कलसिया रोड निवासी लकड़ी कारखाना मालिक फैजान के घर आज सुबह चढ़ते ही कुछ सशस्त्र बदमाश जा घुसे और उन्होंने परिजनों को बंधक बनाकर लाखों रूपये की नगदी व जेवरात लूटकर फरार हो गए। बताया जाता है कि सुबह लगभग सात बजे सभी लोग अपनी दिनचर्या के कार्यो में लगे हुए थे कि इसी बीच कुछ युवक उनके घर पहुंचे और दरवाजा खटखटा एकाएक भीतर जा घुसे। पीड़ितों के मुताबिक सभी युवक 20 से 25 वर्ष के थे और उन्होंने हथियारों के बल पर परिवार को बंधक बना लिया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की और एक कमरे में बंद कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि पूरे घर को खंगालने के बाद हथियार बंद उनके घर में रखी लाखों रूपये की नगदी व जेवरात लूटकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हडकम्प मच गया। हालांकि भारी ठंड व कोहरे के कारण आस पड़ौस के लोग भी बदमाशों को नहीं पहचान सकें। पीड़ितों द्वारा घटना की जानकारी थाना मण्डी पुलिस को दी गयी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मण्डी पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लूट की घटना को लाया गया। सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की पीड़ितों से जानकारी ली। आरा मशीन कारोबारी फैजान ने बताया कि गन प्वाइंट पर लेकर बदमाशों ने उन्हें बंधक बना लिया और उनके घर में रखी 20 लाख रूपये की नगदी, 5 तौला सोना तथा 15 हजार रूपये उनकी जेब से लूटकर बदमाश फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने घटना की बाबत बताया कि पीड़ितों द्वारा लूट की घटना अंजाम होना बताया जा रहा है जिसमे लाखों रूपये की नगदी व जेवरात लूट ले जाने की बात कही जा रही है।



# तृतीय पुण्यतिथि पर शिक्षक नेता ओम प्रकाश शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि



*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोंडा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं माध्यमिक शिक्षक संघ गोंडा के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि शर्मा जी के निधन से शिक्षकों के लिए अपूर्णनीय क्षति हुई है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश का शिक्षक आज जो कुछ भी हासिल कर रहा है उसमें उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। चयन बोर्ड तथा वेतन आयोग का निर्धारण कराकर शिक्षकों को शून्य से शिखर तक पहुँचाया। हम सभी को उपलब्धियां को बनाए रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर बृजेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. पदम नाथ पांडेय, आनंद कुमार पांडेय, राकेश कुमार शुक्ला, कन्हैया लाल, राजेश चंद्र पांडेय, रघुनाथ द्विवेदी, उमेश चंद्र गुप्ता, सुजीत श्रीवास्तव, मोहम्मद यूनुस, अमित वर्मा, संजीव सिंह, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, अशोक कुमार, विशाल वर्मा, सुरेंद्र कुमार यादव के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बदलाव की ओर बढ़ रहा देशः जितेन्द्र सिंह

## मैनपुरी पहुंचे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, चांदेश्वर मंदिर में की साफ-सफाई

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में मंगलवार को चांदेश्वर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी झाड़ू लगाई। चांदेश्वर मंदिर पहुंचकर मंदिर परिसर में भाजपा नेताओं के साथ सफाई की। पदाधिकारियों को जिले के सभी मंडलों के मंदिरों में सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

दो दिवसीय प्रवास के दौरान मंगलवार को केंद्रीय मंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी के साथ चांदेश्वर मंदिर में पहुंचे। मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाने के बाद पूजा की। पदाधिकारियों से कहा कि जिले के सभी मंडलों के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंदिर परिसरों में साफ सफाई करें। इस अभियान में पार्टी के सभी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को भाग लेना है। केंद्रीय मंत्री ने मंदिरों में चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियान को लेकर पार्टी पदाधिकारियों से संवाद किया। जिलाध्यक्ष को निर्देश दिए कि पदाधिकारियों को मंडल वार जिम्मेदारी सौंपी जाए। 22 जनवरी को हर परिवार को दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया जाए। स्वच्छता अभियान के बाद केंद्रीय मंत्री ने वॉल पेंटिंग अभियान के तहत मंदिर की दीवार पर कमल का फूल बनाकर अबकी बार फिर मोदी सरकार के नारे का लेखन किया। चेयरमैन संगीता गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, पूर्व विधायक अशोक चौहान, उत्तम गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने भोगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव धनमऊ में पहुंचकर लाभार्थियों से सीधे संवाद किया। वह यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की तस्वीर बदल दी है। केंद्र की भाजपा सरकार में गरीबों का कल्याण हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपनों को पूरा कर रही है। डबल इंजन की सरकार में प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदलाव की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र की ही भाजपा सरकार बनेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी और प्रमाण पत्र सौंपा। इसके साथ ही लगाए गए स्टॉल भी देखे।

विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार सभी वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में लोगों को मिल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार ने गांव-गांव में बिजली और पानी से लेकर सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। 22 जनवरी को हर घर में दिवाली मनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए।

## स्वयंसेवकों ने बताया वाहन चलाने का नियम

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** नेहरु युवा केंद्र गाजीपुर, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत लंका चौराहा पर नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की सलाह दी गई । इसके दुष्परिणामों के बारे में भी अवगत कराया गया। चार पहिया वाहन में अधिकांश व्यक्ति सीट बेल्ट का प्रयोग न करते हुए पाए गए। जिन्हें जागरुक किया गया। जागरुकता अभियान 17 जनवरी तक चलाया जाएगा। जागरुकता अभियान में सुरेंद्र सिंह टी एस आई, एच पी सी टी अश्विनी पांडे, देव प्रकाश, प्रमोद कुमार, कमलेश गौतम ने सहयोग किया। नेहरु युवा केंद्र के उप निदेशक कपिल देव ने बताया कि आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के इस तरह के अभियान चलाने से कमी आएगी। उन्होंने सभी से अपील किया कि सड़क पर चलते वक्त नियमों का अवश्य पालन करें।

## नौ दिवसीय श्रीराम कथा महायज्ञ में कथावाचक ने सुनाया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के नीबी दोहनी में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा महायज्ञ में कथावाचक राष्ट्रीय संत मारुति नंदन जी महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रोता गण हुए भावविभोर। इस दौरान शिव -पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई। कथा व्यास ने कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुई और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बारात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए। लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लिया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए। आयोजक राम मिलन त्रिपाठी ने बताया कि कथा में श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमे सुशीला त्रिपाठी, साधना त्रिपाठी, रोहिणी त्रिपाठी, चंद्रकांत पाठक, हिमांशु त्रिपाठी, शिवराम त्रिपाठी, विमल राय, शिवा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



# आत्मसमर्पण कर जेल गए दस्यु सरगना हुए रिहा

अवधनामा संवाददाता



- कभी यादव से तिवारी बन गए थे बासदेव, कहलाने लगे थे दस्यु सम्राट
- तत्कालीन एसपी विकाश वैभव ने कराया था आत्मसमर्पण

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** 1967 में हुये गुटबंदी और राजनीतिक प्रतिशोध को लेकर शुरू हुए गैगवार में आये बासदेव यादव देखते हो देखते अपराध की दुनिया मे छा गये। बिहार ही नही बल्कि नेपाल और यूपी के इलाकों में भी उनका दबदबा कायम हो गया। 1970 की दशक में वह आतंक का पर्याय बन गये। इलाके में आतंक इस कदर हावी हो गया था कि रात और दिन का अंतर मिट गया था। उनके नाम का खौफ़ इस कदर था कि मात्र इसारो से ही बड़े बड़ो का पसीने छूट जाते थे। पश्चिमी चंपारण के अधिकांश हिस्सों पर दस्युओ का बोलबाला था।

गंडक नदी के किनारे उदयपुर बीहड़ से लेकर मदनपुर बीहड़ तक करीब एक सौ किलोमीटर क्षेत्र में बासदेव यादव नाम का डंका बजता था। ठकरहा प्रखंड के सेमरवारी गांव निवासी बासदेव अपराध की दुनिया मे ÷यादव÷ से ÷तिवारी÷ बन चुके थे। 70 के दशक के अंत तक वह दस्यु सम्राट तिवारी के नाम से पश्चिमी चंपारण में कुख्यात हो गये थे। उस समय पुलिस का क्या मजाल था कि उन्हें गिरफ्तार कर सके। तिवारी के गिरोह में दो दर्जन से ज्यादा दस्यु शामिल थे। जानकर बताते है कि बासदेव यादव गरीबो के लिए मसीहा थे वह उस गरीब का हर समय मदद करते थे जिसको मदद की आवश्यकता थी। गरीब लड़कियों की शादी हो या पूजा पाठ बढ़ चढ़ कर मदद करते थे। पीड़ित न्याय के लिए भी उनके पास जाते थे और दबे कुचले लोगो मे वह काफी लोकप्रिय थे। गरीब लड़कियों की शादी में कपड़ा, गहना, खाने पीने की सामग्री उपलब्ध करवा देते थे। बीते दिसम्बर माह में जेल से छूट कर घर आकर वास्तिवक जिंदगी जी रहे है।

**23 मई 2008 को किया था आत्मसमर्पण**– बिहार और यूपी के इनामी कुख्यात दस्यु बासदेव यादव बगहा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विकास बैभव के सामने 23 मई को आत्मसमर्पण किया था। उस समय उनके खिलाफ बिहार के विभिन्न थानों में 94 मामले दर्ज थे तो यूपी में भी 12 मामले दर्ज थे। बासदेव यादव उर्फ तिवारी पर बिहार सरकार 2 लाख तो यूपी सरकार 50 हजार का इनाम घोषित किया था। तत्कालीन एसपी विकास वैभव दस्युओ को मुख्यधारा में लाने के लिए हर सम्भव प्रयास करना शुरू कर दिया था।


दस्युओ को सबसे पहले आर्थिक चोट पहुचाना शुरू किया। कहा जाता है कि 2006-7 में गन्ना कटवाकर 25 लाख रुपये सरकार के खजाने में जमा किया था। गन्ना कटवा लेने से आर्थिक रूप से कमर टूटी लेकिन असल बदलाव तब आया जब लोगो से पुलिस कप्तान ने संवाद शुरू किया। संवाद रंग लाया था और एक वर्ष के अंतराल में 26 दस्यु आत्मसमर्पण किये।

## सद्गुरु धाम आश्रम में लगा भक्तों का मेला

**कोंच जालौन।** नगर के समीपस्थ ग्राम चाँदनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सद्गुरु धाम आश्रम में मंगलवार को भक्तों का भारी जमावड़ा रहा सुबह से लेकर आस पास के कई गांवों के लोगों द्वारा मेले में आने का तांता लगा रहा। वहीं गांव में विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा की अगुआई सद्गुरु धाम आश्रम के अध्यक्ष उमेशानंद जी महाराज शास्त्री (ओमजी) के साथ साथ तमाम संत महात्माओं और गांव की महिलाएं पुरुषजन बराबर चल रहे थे। शोभायात्रा में बैण्ड बाजों के साथ साथ घोड़े और बहरूपिया आदि शोभायात्रा में चार चांद लगाकर शोभा बढ़ा रहे थे। सद्गुरु धाम आश्रम मन्दिर पर सुबह से ही दर्शनार्थियों का आना जाना बना रहा बगल में आश्रम की प्रबन्ध समिति द्वारा विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया जिसमें तमाम साधु संतों के अलावा महिलाएं पुरुषजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# घर के पास मिलेगी टीबी मरीजों को एक्स-रे की सुविधा : डॉ. राजेश झा

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में टीबी की जांच के लिए घर के पास ही एक्स-रे की सुविधा प्रदान की जाएगी। हालांकि यह सुविधा उन विशेष ब्लॉक व गांव में में वरीयता से प्रदान की जाएगी जहां अभियान के दौरान सर्वाधिक क्षय (टीबी) रोगी मिले हैं अथवा मिलते हैं। इन स्थानों पर विशेष शिविर लगाकर लक्षण वाले (संभावित) मरीजों का टीबी जांच के लिए मौके पर एक्स-रे किया जाएगा।

टीबी की पुष्टि होने पर संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर उनका इलाज कराया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने बताया कि वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में एक मार्च से सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिस भी ब्लॉक व गांव में सर्वाधिक टीबी के मरीज मिलेंगे, या फिर पूर्व चलाए गये अभियानों के दौरान अधिक संख्या में टीबी मरीज मिले हैं, वहाँ शिविर लगाकर लक्षण वाले अन्य व्यक्तियों का मौके पर पोर्टेबल हैंड हेड एक्स-रे मशीन से एक्स-रे किया जायेगा। टीबी की पुष्टि होने पर उसका इलाज कराया जायेगा। सीएमओ ने बताया कि सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च इनोवेशन जीत 2.0 प्रोग्राम जिले में पिछले दो वर्षों से टीबी की रोकथाम के लिए कार्य कर रहा है। इसमें जिस भी घर के सदस्य को पल्मोनरी टीबी (फेफड़े वाली टीबी) है। उस घर में पांच वर्ष से ऊपर वाले सदस्यों का एक्स-रे कराया जाता है। पुष्टि वाले मरीजों को छोड़कर घर के अन्य सभी छोटे-बड़े सदस्यों को टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) दी जाती है, जिनका फालोअप भी किया जाता है।

### टीबी के लक्षण हों तो जरूर कराएं जांच

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि जिले में जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक 5531 टीबी के मरीज मिले हैं। सभी मरीजों का इलाज कराया गया। डॉ. चौधरी ने बताया कि दो सप्ताह या अधिक समय तक खांसी, खांसी के साथ बलगम आना, बलगम में खून आना, वजन कम होना, भूख न लगना, सीने में दर्द होना, शाम को हल्का बुखार आना आदि टीबी के लक्षण हैं। इस तरह के लक्षण नजर आयें तो जाँच जरूर कराएँ।

# प्रचार वाहन के माध्यम से यातायात नियमों के लिए जनता को किया जाएगा जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**उरई जालौन।** शासन के निर्देशों के क्रम में ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' का शुभारम्भ सौरभ कुमार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी/ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) की उपस्थिति में कार्यालय परिसर उरई में प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

आमजनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति उत्साह रहा। रैली के दौरान सड़क सुरक्षा जागरुकता के नारे लगाये गये व सभी लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' दिनाँक 15 जनवरी, 2024 से 14 फरवरी, 2024 तक मानए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम अवधि में ''दो पहिया वाहन चालकों (सहयात्री सहित) हो हेलमेट पहने हेतु तथा जनपद के प्रमुख चौराहों/स्थानों पर मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार प्रवर्तन की कार्यवाही, ट्रकों एवम् ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाने की कार्यवाही, मार्ग प्रयोक्ताओं, स्कूली बच्चों, वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवम् यातायात नियमों का पालन करने, दुघर्टना में घायल व्यक्ति की सहायता करने (गुड सेमेरिटन) हेतु विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाना, जिला सड़क सुरक्षा की बैठक का आयोजन, ब्लैक स्पॉट एवम् दुघर्टना बाहुल्य क्षेत्रों का चिन्हीकरण, ईडीआर पर दुघर्टनाओं के आँकड़ों की फीडिंग किया जाना तथा दुघर्टनाओं को कम किए जाने हेतु नीति निर्धारण किया जाना'' सम्पादित किया जाएगा। ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' जागरुकता अभियान के तहत शासनादेश के अनुसार विभिन्न प्रमुख अभियोगों के अर्थदण्ड निर्धारित किये गए है। बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र प्राप्त किए वाहनों का संचालन करने के अभियोग में अर्थदण्ड रु 10,000/- है। मॉडिफाइ साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने के अभियोग में अर्थदण्ड रु010,000/- है। बिना बीमा के वाहन का संचालन करने के प्रथम अभियोग में अर्थदण्ड रु 2000/- है तथा द्वितीय अभियोग में रु0 4000/- बिना सीट बेल्ट के वाहन का संचालन करने के अभियोग में अर्थदण्ड रु 1000/- है। बिना हेल्मेट के वाहन का संचालन करने के अभियोग में अर्थदण्ड रु 1000/- है। बिना एच.एस.आर.पी. के वाहन का संचालन करने के प्रथम अभियोग में अर्थदण्ड रु 5000/- तथा द्वितीय अभियोग में 10,000/- है। बिना रिफ्लेक्टर टेप के वाहन का संचालन करने के अभियोग में रु 10,000/- है।

# पति का वशीकरण कराने गई पत्नी ने मौलाना पर लगाया रेप का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**उरई जालौन।** मौलाना की घिनौनी हरकत सामने आई। विवाहित को ताबीज बनाकर पति के साथ हो रहे झगड़े को समाप्त करने के साथ दुआ करने का झांसा देकर उसने बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही, किसी को ना बताने की धमकी दी। रेप की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

महिला ने घटना की जानकारी पुलिस को लिखित रूप में दी। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मौलाना को गिरफ्तार कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने महिला को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। उरई शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने मौलाना पर उसके साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला रविवार की देर शाम तहरीर लेकर कोतवाली पहुंची थी। पुलिस ने सोमवार (15 जनवरी) को दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। महिला का कहना है कि, उसका पति के साथ विवाद चलता है। उसे किसी ने बताया कि पति से विवाद खत्म करने के लिए एक मौलाना उसके वशीकरण की ताबीज बनाकर दे सकता है। इसके बाद रविवार की दोपहर महिला मौलाना शफीक कादरी के पास पहुंची। महिला का आरोप है कि, दुआ करने के झांसे में फंसाकर मौलाना शफीक कादरी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद किसी को कुछ भी न बताने की हिदायत दी। साहस करते हुए देर शाम वह तहरीर लेकर कोतवाली पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आरोपी ने पुलिस के सामने यह स्वीकार किया कि महिला दुआ पढ़वाने के लिए कई बार उसके पास आयी। लेकिन दुष्कर्म के आरोप को वह गलत बता रहा है। सीओ सिटी गिरजा शंकर त्रिपाठी का कहना है कि, मामले के गंभीरता से लेते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना में तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। महिला का बयान दर्ज कर लिया गया है।

## टीएसआई व इंटरसेप्टर प्रभारी ने चलाया ई रिक्शा के खिलाफ अभियान

**कानपुर।** दक्षिण जोन प्रभारी टीएसआई सत्येन्द्र कुमार,इंटरसेप्टर प्रभारी महेन्द्र यादव व सेक्टर प्रभारी टाटमिल के साथ सयुंक्त रूप से प्रतिबंधित क्षेत्र में चल रहे ई रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान में सीजर व चालानी कार्यवाही की गई। सेक्टर प्रभारी बर्रा सुनील सिंह के द्वारा बर्रा चौराहा व नौबस्ता चौराहे पर वाहनों में लगी काली फ़िल्म को हटाया गया। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए डीसीपी ट्रैफिक के निर्देश पर शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे पर ई रिक्शा के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया प्रोग्राम आपको बता दें कि ई रिक्शा चालकों का कोई रूट निर्धारित न होने से शहर में यातायात व्यवस्था को खराब करने पर लगे हुए हैं। जिसको देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस निश्चित रवैया अपनाते हुए ऐसे वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चला कर चालान और सिजिंग की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं

## रामोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कलश रैली का आयोजन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सत्य सनातन नारी शक्ति लक्ष्मणपूरी सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के आवाहन में सरोजनी नगर अष्ट भुजि शक्तिपीठ की कांति पांडेय के द्वारा 22 जनवरी राम उत्सव के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सेंकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं महिलाओं ने पहले ब्रम्हा समाज मंदिर में सुंदरकाण्ड किया, भगवान के आगमन पर उत्सव मनाया। इसी के साथ सनातनी सपना गोयल ने सभी को धर्म संदेश एवं सुंदरकांड करने के लिए जागरूक किया कार्यक्रम की समाप्ति दीन दुखियों को कंबल वितरण कर की गई। पूरा माहौल राममय हो गया चारों तरफ राम नाम के जयकारे लगाए गए।



## मिलावटी सरसों का तेल किया सीज

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा टीम ने मंगलवार को छापा मारकर हजारों रुपए का मिलावटी सरसों का तेल बरामद कर सीज कर दिया है। आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के आदेश पर नगर मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र एवं सहायक आयुक्त (खाद्य)-II के नेतृत्व में पुलिस बल-कोतवाली सदर के साथ मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय व खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, विमल कुमार, अरूण कुमार मिश्र व आशीष कुमार वर्मा द्वारा कार्यवाही की गयी। लिजीगंज (गणेश प्रसाद स्ट्रीट) स्थित विशाल गुप्ता उर्फ राजू पुत्र सुरेश चन्द्र गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स ओम सांई ट्रेडर्स से खाद्य पदार्थ सरसों का तेल के दो नमूने जाँच के लिए संग्रह किए गए। नमूना संग्रह के बाद शेष बचे 1388 लीटर सरसों का तेल जिसका अनुमानित मूल्य 1,45,740 रुपए हैं को सीज कर खाद्य कारोबार कर्ता की अभिरक्षा में दिया गया।



## सपा ने भोजपुर विधानसभा कमेटी की घोषित

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भोजपुर विधानसभा की कमेटी विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव द्वारा घोषित की गई। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव मौजूद रहे, उन्होंने भोजपुर विधानसभा की समस्त कमेटी के सदस्यों को बधाई देकर अपेक्षा की है कि जल्द से जल्द लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपने बूथ स्तर पर सक्रिय होकर के मतदाताओं को समाजवादी पार्टी के पक्ष में जागरूक करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। जिस प्रकार विपक्षी पार्टी लोगों को भ्रमित कर रही है, हमें दोगुनी ऊर्जा के साथ हमारे कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर के समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान किए गए विकास कार्यों योजनाओं और भविष्य की योजनाओं के बारे में जन-जन तक पहुंचाएं। जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव ने घोषित कमेटी के सदस्य को शुभकामनाएं दीं। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने सभी सदस्यों से अपील कर साथ मिलकर कार्य करने के लिए कहा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, रमेश चंद्र कठेरिया, शिवशंकर शर्मा, पवन गौतम, विशाल यादव सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने दी।

## सांसद ने मंदिर पर चलाया स्वच्छता अभियान

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के विराजमान हेतु बन रहे राम मन्दिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहान पर पूरा देश 14 जनवरी से 22 जनवरी तक तीर्थ स्थलों में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत अपने आस-पास के मन्दिरों, तीर्थस्थलों की साफ-सफाई में लगा हुआ है। इसी क्रम में कानपुर नगर के सांसद सत्यदेव पचौरी समेत कई नेता मन्दिरों एवं तीर्थस्थ्लों को चमकाने में जुट गए हैं। वहीं कानपुर सांसद सत्यदेव पचौरी सुबह-सुबह कृष्णा नगर स्थित नागर जी मन्दिर में आ पहुँचे, जहाँ उन्होनें मंन्दिर परिसर में और परिसर के बाहर झाड़ू लगाना शुरू कर दिया, यह देखकर वहाँ मौजूद आम जनता भी उनके साथ जुट गई।

# जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक जारी किये आवश्यक दिशा-निर्देश




अवधनामा संवाददाता

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों से सम्बंधित विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्रामीण अभियंत्रण, सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड सीडी- 1 व सीडी-3 डीसीएनआरएलएम, डूडा, श्रम परिवर्तन अधिकारी की खराब प्रगति होने पर स्पष्टीकरण के साथ चेतावनी देते हुए कहा कि अपने कार्यों में रुचि लेकर प्रगति में सुधार लाएं, प्रगति में सुधार न होने पर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन जनपद को शीर्ष स्थान पर पहुचाएं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिस किसी विभाग की रैंकिंग खराब होगी तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपनी विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सीएम डैशबोर्ड की बैठक में जिन विभागों की रैंकिंग खराब पाई जाती है।

# कुष्ठ रोगियों को उपचार के साथ मिल रहा है सम्मानः डॉ मार्कण्डेय

अवधनामा संवाददाता



- समय से कुष्ठ की पहचान से दिव्यांगता से बचावः डॉ विनोद
- कुष्ठ रोगियों में कम्बल, टोपी, पादुका एवं दवाओं का हुआ वितरण

**कसया, कुशीनगर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में कुष्ठ रोग के मरीजों में कम्बल, टोपी, एमसीआर चप्पल तथा सेल्फ केयर किट का वितरण किया तथा दिव्यांग कुष्ठ रोगियों के लिए विकलांगता से बचाव हेतु कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रेरक एवं आयोजक रमेश प्रसाद त्रिपाठी ने कुष्ठ रोगियों के लिए कंबल एवं दिनेश सिंह एन एम एस द्वारा टोपी की उपलब्धता करवायी गयी तथा कुष्ठ रोग से होने वाले परेशानियों एवं उनके बचाव के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये अधीक्षक डॉ. मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि कुष्ठ रोगियों को उपचार के साथ उनका सम्मान भी करे। उन्होंने कुष्ठ रोगियों को उनके दृढ़ संकल्प एवं धैर्य के लिए सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि कुष्ठ एक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टेरियम लेप्री नामक जीवाणु से फैलता है। अगर समय पर कुष्ठ रोग का पता चल जाए तो व्यक्ति दीर्घकालीन दिव्यांगता से बच सकता है। कुष्ठ रोग में संवेदनहीनता और मांसपेशियों की कमजोरी के फलस्वरूप तंत्रिका क्षति के कारण शारीरिक दिव्यांगता और विकृति का कारण बनता है। इसके फलस्वरूप त्वचा सूख जाती है और अतिरिक्त संवेदी विकृतियों के साथ कठोर त्वचा, छाले एवं अल्सर बनने का कारण बनती है। हाथों-पैरों को आग, सख्त, नुकीली और खुरदरी चीजों के संपर्क में आने से बचाएं। इनसे बचाव के लिए विशेष तरह के जूते-चप्पल आते हैं उन्हें पहने हाथों-पैरों को हमेशा साफ़ तथा मुलायम रखें। आखों मे इसका प्रभाव आने पर पलके लकवाग्रस्त हो सकती है जिससे आख पूरी तरह बंद नही हो पाती। ऐसी अवस्था मे आंखों में चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है इसलिए आखों का विशेष ध्यान रखे।

दिन में चश्मा लगा कर रखे तथा रात्रि में सोते समय आंखों को स्वच्छ कपड़ो से ढक दे। कार्यक्रम का संचालन एसटीएलएस आशुतोष कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

# मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन दुर्गाशंकर मिश्र का आज भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों हेतु विभिन्न स्थलों का भौतिक निरीक्षण एवं तैयारियों की समीक्षा हेतु अयोध्या आगमन हुआ। मुख्य सचिव का अयोध्या पहुंचने पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने स्वागत किया। सर्वप्रथम मुख्यसचिव ने महर्षि बाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग में विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु सूचना केन्द्र बनाने तथा गेट के बाहर उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के दृष्टिगत यात्रियों के स्वागत हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच बनाकर उस पर



सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या आने वाले विशिष्ट अतिथियों के सुविधाओं के लिए विभिन्न होटलों यथा-पंचशील होटल, रामायणा होटल का निरीक्षण कर होटल संचालको को आने वाले अतिथियों के बेहतर आतिथ्य भाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अगले चरण में उन्होंने आवास विकास परिषद द्वारा प्रस्तावित नव्य अयोध्या टाउन शिप में पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं ठहरने के लिए बनायी जाने वाली टेंट सिटी के स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि इस टेंट सिटी में बेहतर ले आउट प्लान के साथ पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था,सड़कों, पीने के पानी, शौचालयों के साथ ड्रैनेज सिस्टम की बेहतर प्लानिंग के निर्देश दिए।अगले चरण मुख्य सचिव महोदय द्वारा भगवान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों एवं उसके पश्चात श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों हेतु लगाये गये सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें मण्डलायुक्त ने की जा रही तैयारियों के सम्बंध में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी दी।

**भारत में पहली बार सोलर बोट के जरिए सरयू यात्रा कराएगी योगी सरकार**

# सीएम योगी के विजन अनुसार मेक इन इंडिया के तहत यूपीनेडा करेगी सरयू नदी में सोलर बोट का संचालन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रही योगी सरकार जल्द ही एक ऐसा प्रयोग करने जा रही है जो पूरे देश में इनलैंड वॉटरवे सर्विसेस की रूपरेखा बदलकर रख देगा। सीएम योगी आदित्यनाथ का विजन है कि अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में परिवर्तित किया जाए, ऐसे में यहां देश में पहली बार सोलर पावर इनेबल्ड ई-बोट को सरयू में उतारा गया है। सीएम योगी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने अयोध्या की सरयू नदी में इस बोट सर्विस के नियमित संचालन की रूपरेखा तैयार कर ली है। इस बोट को सरयू घाट के किनारे असेंबल किया गया है तथा देश के विभिन्न कोनों से इसके कल-पुर्जे व अन्य साजो-सामान मंगाए गए हैं। फिलहाल, एक बोट को कंप्लीट कर लिया गया है तथा इसके टेस्टिंग फेज की प्रक्रिया जारी है। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व सीएम योगी द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा तथा आगे आने वाले दिनों में ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। यह सोलर पावर इवेबल्ड बोट क्लीन एनर्जी के जरिए संचालन की परिकल्पना के आधार पर कार्य करती है। यह ड्यूअल मोड ऑपरेटिंग बोट है जो 100 प्रतिशत सोलर इलेक्ट्रिक पावर बेस पर काम करती है। इसे सोलर एनर्जी से चार्ज करने के साथ ही इलेक्ट्रिक एनर्जी के जरिए भी ऑपरेट किया जा सकता है। सबसे खास बात यह है कि यह बोट कैटामरैन केटेगरी की है जिसके अंतर्गत दो हल स्ट्रक्चर्स को जोड़कर एक बोट स्ट्रक्चर में कन्वर्ट किया जा सकता है। यह बोट फाइबरग्लास बॉडी युक्त है जोकि लाइट वेट व हेवी ऑपरेशन ड्यूरेबल मटीरिल से बनी है। साथ ही, बोट के संचालन के दौरान किसी प्रकार के ध्वनि या पर्यावरणीय प्रदूषण नहीं होता है। इस बोट में एक बार में 30 लोग यात्रा कर



सकेंगे तथा यह सरयू नदी में नया घाट से संचालित होगी। इस बोट टूर का ट्रैवलिंग ड्यूरेशन एक घंटे से लेकर 45 मिनट के आसपास रखा जाएगा जिसमें सरयू नदी के किनारे स्थित विभिन्न ऐतिहासिक मंदिरों व धरोहरों का दर्शन यात्री कर सकेंगे। हालांकि, बोट की ऑपरेटिंग कैपेसिटी इससे कहीं ज्यादा है और पूरी तरह चार्ज होने पर 5 से 6 घंटे तक के प्रोपल्शन टाइमफ्रेम को मैनेज किया जा सकता है। 3.3 किलोवॉट रूफटॉप एसेंबल्ड सोलर पैनल युक्त बोट है रिमोट व्यूइंग से लै इस बोट को पुणे की सनी बोट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से असेंबल किया गया है जबकि चेन्नई की रा सोर्स प्राइवेट लिमिटेड इसमें सोलर व प्रोपल्शन पार्टनर की भूमिका निभा रहा है। यूपीनेडा के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि यह बोट 12 किलोवॉट इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड ट्विन मोटर आधारित है।

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशी टार्जन के नाम से मशहूर संजय एक लाख 1 हजार सपाटे लगाते हुए पहुंचे अयोध्याधाम

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** देसी टार्जन के नाम से मशहूर गौ भक्त संजय पहलवान मंगलवार को नगर पंचायत कुमारगंज के चंद्रबली सिंह उर्मिला महाविद्यालय में पहुंचे जहां पर भाजपा नेता अजय विक्रम सिंह ने फूल मालाओं से स्वागत किया। देसी टार्जन कुमारगंज बाजार में सपाटे लगाते हुए लोगों को यह संदेश दे रहे थे की गौ हत्या बंद करिये,गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए यही हमारा संकल्प है उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारी यात्रा श्री राम दर्शन सपाटे यात्रा के नाम से राजस्थान के अरवल स्थित ब्रह्मचारी आचार्य नरेश गुरुकुल से शुरू हुई है। जो अयोध्या पहुंचते हुए एक लाख 1हजार सपाटे का संकल्प पूरा किया है। इन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि हमारे द्वारा 12 विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है, और मैं ब्रह्मचारी हूं गौ सेवा ही मेरा परम कर्तव्य है।

## लिम्का फैक्ट्री में गिरा मजदूर, मौत

**अयोध्या।** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र स्थित लिम्का फैक्ट्री में कार्यरत एक मजदूर की अचानक फिसलकर गिरने से मौत हो गई। जिला अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बताया गया कि मूल रूप से श्रावस्ती जनपद के भिनगा थाना क्षेत्र स्थित पतिजिया गांव का रहने वाला 27 वर्षीय दाऊद पुत्र अनवर अहमद यहां पूराकलंदर थाना क्षेत्र में हाईवे के बगल स्थित लिम्का फैक्ट्री में काम करता था। फैक्ट्री परिसर में ही वह पैर फिसलने के चलते गिर पड़ा। साथ ही काम कर रहे साथी मजदूर शारुख ने उसको जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ आशुतोष प्रताप सिंह ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया गया है।

**मोदी योगी सरकार पर जमकर बरसे अखिलेश**

# देश सिर्फ बाबा साहब के संविधान से चलेगा

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने केंद्र व यूपी की भेज सरकार पर जमकर हमला बोला, कहा कि बुलडोजर से सिर्फ तबाही हो सकती है, समाज और देश नहीं चल सकता। आज इधर चल रहा कल उधर भी चल सकता है। देश सिर्फ डॉ. अंबेडकर के संविधान से देश चलेगा। संविधान में परिवर्तन हुआ तो वोट का हक समाप्त हो जायेगा। अखिलेश आज बदोसराएँ कस्बे में स्थित जनता इंटर कालेज में आयोजित सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 में आये लोगों को 2024 में हटाने का समय आ गया है। दिल्ली की सत्ता में बैठी सरकार ने दस साल में क्या दिया है, इस पर गौर करना होगा। गरीबों और किसानों पर अत्याचार किया। विकसित भारत और विश्व गुरु बनाने की बात कर किसानों को ठगने का काम कर रहे हैं। देश तभी विकसित होगा जब किसानों को फसल का उचित मूल्य मिलेगा।



2024 का चुनाव केवल हार जीत का नहीं युवा पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। इसलिए इसे अपना चुनाव समझकर लड़ें। उन्होंने कहा कि 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की। देश और प्रदेश के नेतृत्वकर्ता झूठ बोल रहे हैं हैदरगढ़ के किसान ने न्याय न मिलने पर आत्मदाह कर लिया था। मेरठ में जमीन को लेकर न्याय मांगने गए किसान ने आत्मदाह किया। किसानों के आत्मदाह और थाने में मरने की खबरें यूपी में सबसे ज्यादा हैं। अच्छी डिग्री लेने के बाद भी युवाओं के हाथ रोजगार नहीं हैं। बड़ी-बड़ी संस्थाएं बेच दी। उद्योग लगाने का सपना भी दिखाया पर पूरा नहीं किया। 40 लाख करोड़ निवेश का दावा किया लेकिन अब तक कोई उद्योग नहीं लगा। बाराबंकी के साथी बताए बाराबंकी में कितना निवेश आया है? फौज की भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए आधी अधूरी अग्निवीर वाली नौकरी शुरू की। ये साजिश पिछड़े और दलितों के साथ की गई है ताकि गरीब और किसानों के बेटे फौज में न भर्ती हो सकें। समाजवादी लोग सरकार में आए तो अग्निवीर खत्म होगी और नौजवानों को पक्की नौकरी मिलेगी। भाजपा के लोग पाकिस्तान की बात करते हैं लेकिन चीन के नाम पर चुप्पी साध लेते हैं। चीन के लोग घुसपैठ कर रहे हैं। इस सवाल पर सरकार कोई जवाब नहीं देती। अपने लोगों को मुनाफा कमवाने के लिए जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही सरकार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग अपने लोगों को मुनाफा कमवाने के लिए आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रहे हैं। कुछ दिन पहले योग देखा था जिसमें योगी योग नहीं कर पा रहे थे। ऐसे लोगों से सावधान रहना जरूरी है। दिल्ली से लखनऊ को जोड़ने वाला हाईवे ऐतिहासिक हाईवे है।

# शिवेंद्र ने प्रधानमंत्री के आह्वान को सफल बनाने का संकल्प लिया

*अवधनामा संवाददा*

**पूरा बाजार -अयोध्याधाम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान स्वच्छ तीर्थ अभियान व ÷घर-घर दीप जले÷ अभियान को साकार करने के लिए ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने स्वयं अभियान की अगुवाई कर रहे हैं जिसकी शुरुआत स्वच्छता अभियान से हुई।इस कड़ी में स्वच्छता के साथ बड़े पैमाने पर निराश्रित तथा जरूरतमंद लोगों को मिष्ठान, कंबल,दीप और तेल का वितरण किया गया। ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से शुरू किया गया स्वच्छता अभियान आगामी 21 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा जिसके साथ असहाय,निराश्रित और जरूरतमंद लोगों को मिष्ठान कंबल और दीप का वितरण भी किया जाता रहेगा।इसलिए स्वच्छता अभियान के साथ यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी इस अवसर पर दीप जलाकर खुले मन से करके उन्हें वार्ड वार तथा मलिन बस्तियों में घर-घर पैकेट को पहुंचाने का जिम्मा दिया गया है जिसमें दीप के साथ अन्य सामान भी मौजूद हैं।



अपनी खुशियों का इजहार करने से वंचित न रह सके।जिस प्रकार भगवान श्री राम की वापसी पर अयोध्या वासियों ने खुशियों का इजहार किया था,ठीक उसी प्रकार भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन भी अयोध्या वासी खुशियों का इजहार करें।उन्होंने बताया कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रवार टीमों को का गठन ब्लाक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की अगवाई में पूर्व महानगर मंत्री स्वाति सिंह प्रधान संघ के अध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर अविचल सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मडना में हनुमान मंदिर व पूरा बाजार में राजा दशरथ समाधि स्थल सहित अन्य धार्मिक स्थलों की साफ सफाई भी किया ।

# फेसबुक एड के फेर में फंसकर महिला ने गंवाए 4 लाख रुपए

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कमाई के लिए विदेश में पति की नौकरी लगवाने के फेर में महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। फेसबुक अकाउंट पर एड देखकर झांसे में आई महिला ने 4 लाख रुपये बताए गए नम्बरों पर भेज दिए, इसके बाद सम्पर्क समाप्त हो गया। आरोपी अब बात तक नही कर रहे। पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद नबीगंज की रहने वाली अलीशा खां के अनुसार उसके पति मो0 कफील पुत्र स्व0 मो0 यासीन विदेश कनाडा कमाने हेतु जाना चाहते थे। इसी बीच उसके फेसबुक एकाउन्ट पर डू ड्रीम कन्सल्टन्ट का कनाडा देश में नौकरी दिलाने का एड दिखा। उसने अपने वाट्सअप नम्बर से उक्त मोबाइल नम्बर के वाट्सअप नम्बर पर कान्टेक्ट किया। बताया गया कि एक व्यक्ति पर 15 से 16 हजार रुपये खर्चा लगेगा, पहले 6 हजार रुपये देना पड़ेगा फिर 8 हजार रुपये मेडिकल परीक्षण का व 50 हजार रुपये बायोमेट्रिंक कराने के लिए फिर अल्लामापेपर के 50 हजार रूपये फिर पासपोर्ट डिपोजिट के 50 हजार रुपये देने होंगे। उसने अपने खाता संख्या फेडरल बैंक ब्रान्च से सारा रुपया बताए गए बैंक खाताओ पर कुल 4 लाख रूपये ट्रांसफर कर दिये। रूपया लेने के बाद साईबर ठग आज कल मे वीजा बनवाने तथा नौकरी दिलवाने का झांसा देकर बहाना बनाकर टालते रहे परन्तु आज तक न तो वीजा बनवाया और न ही कनाडा में नौकरी दिलायी। वह इन लोगों से मुलाकात करने के लिए उनके दिये गए एड्रेस पर दिल्ली गई परन्तु वह सब फर्जी एड्रेस था।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित 20 हजार का इनामी ठग गिरफ्तार



**बाराबंकी।** सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनाँक 15.01.2024 को सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स व डिजिटल डेटा की मदद से यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना देवा से सम्बन्धित वांछित 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त अरविन्द पाण्डेय पुत्र स्व0 देवी सहाय पाण्डेय निवासी मूलपता अरहरिया थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ हालपता मकान नं0 मयूर रेजीडेन्सी थाना इन्दिरा नगर जनपद लखनऊ को रघुवीर मैरिज लॉन मयूर बिहार इन्द्रिरानगर, लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त, गैंगस्टर एक्ट में वांछित था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अन्तर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय है और आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु अपने अन्य सक्रिय सदस्यों के साथ मिलकर आम जनता के साथ छल, कपट, कूटरचना, धोखाधड़ी व जालसाजी करने जैसे अपराधिक कृत्य कारित किया गया है।

# धनवंतरी लोक सेवा ट्रस्ट के बैनर तले वितरित हुआ कम्बल



*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्या ।** तहसील क्षेत्र के मजीदुद्दीन पर मजरे कादीपुर में लगभग पांच -छ- वर्षों से लगातार मकर संक्रांति को सैकड़ों लोगों की संख्या में विधवा -विकलांग -गरीब लोगों को ठण्ड से छुटकारा दिलाने के प्रयास में धनवंतरी लोक सेवा ट्रस्ट के बैनर तले परवीन कृष्णा प्रभु महाराज द्वारा व्यवस्था करके प्रमुख लोगों में कंबल वितरित किया जाता है जिसमें प्रमुख अतिथि रहे पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप उर्फ खब्बू तिवारी के अनुज भ्राता भूपेश तिवारी के हाथों कंबल एवं महिलाओं को कोटि आदि देकर उनका सम्मान करते हुए श्री तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह से आप लोगों का आशीर्वाद मिलता रहा तो महाराज जी द्वारा यह संख्या हजारों में होगी। उक्त कार्यक्रम को कई वर्षों से चलते हुए धनवंतरी लोक सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण कृष्णा प्रभु ने कहा कि ईश्वर की कृपा से जब गरीबों की मदद करता हूं तो बड़ा सुकून मिलता है आज लोगों को एकत्र करके कंबल दिया गया है तथा कल से क्षेत्र के वह लोग जो अपने घर से चलकर नहीं आ सकते गरीब-विधवा -विकलांग के घरों तक पहुंच कर उन्हें कंबल देने का कार्य किया जाएगा।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनवाने में लगे अजय पांडेय प्रदीप मिश्रा ,राजा दुबे , दिवाकर दुबे सचिदानंद तिवारी , वेद प्रकाश मिश्र, ज्योतिषाचार्य पंडित राधेश्याम मिश्र, मधुबन विश्वकर्मा आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए महाराज जी के कंबल वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा की है।

# साढ़े 14 लाख की कीमत के 105 मोबाइल बरामद, स्वामियों की सुपुर्द



**बाराबंकी।** सर्विलांस सेल की मोबाइल रिकवरी टीम के हाथ बड़ी सफलता लगी है। टीम ने 105 अदद खोए हुए, गिरे हुए मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत 14 लाख 50 हजार रुपये है बरामद किये गए।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में खोए हुए, कहीं गिर गये मोबाइल फोन की बरामदगी करने हेतु प्रभारी सर्विलांस सेल रमाकान्त भारतीय के नेतृत्व में एक मोबाइल रिकवरी टीम का गठन कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में मंगलवार को सर्विलांस सेल की मोबाइल रिकवरी टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए 105 एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कुल कीमत लगभग चौदह लाख पचास हजार रूपए है। बरामद मोबाइल फोन को पुलिस अधीक्षक द्वारा आज पुलिस लाइन सभागार में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

# दीपक जलाकर हरी कीर्तन का किया अपील

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा व अक्षत वितरण कार्यक्रम बहुत ज़ोरो शोरों से प्रगति पर



है। उसी क्रम में पनियरा खण्ड के नरकटहा एवं ब्रह्मपुर गाँव में अयोध्या से आया कलश श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा निमित्त अयोध्या से चलकर आये अक्षत एवं निमंत्रण को जनपद के पनियरा विकास खण्ड के नरकटहा बाजार, ब्रह्मपुर में न्याय पंचायत अभियान प्रमुख विरेंद्र के नेतृत्व में शुरू हुआ। जिला प्रचारक जिवेश मिश्रा और पनियरा खण्ड के खण्ड संचालक रामचंद्र ने गाव के लोगों को पुजित अक्षत एवं 22 जनवरी को लोगों को अपने घरों में दीपक जलाने मन्दिर को सजाकर हरिर्कितन भंडारा एवं प्रसाद बाटने का अनुरोध किया। पनियरा खण्ड के खण्ड कार्यवाह दीपक त्रिपाठी एवं सह खण्ड कार्यवाह योगेन्द्र ने गाव के लोगों को बताया कि 550 वर्ष के संघर्ष के बाद यह पावन दिन आया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरविंद जी, प्रध्युमन सिंह जी, धमेन्दर निषाद, अमन मनोज, वालकेश, अभय सिंह एवं गाँव के लोग रहे।

# आसामजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही करें: उपमहानिरीक्षक

**पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के साथ कि अपराध गोष्ठी**

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** आगामी चुनाव व अयोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा तथा आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त अधिकारी एव कर्मचारीगणों को शांति सुरक्षा व्यवस्था के संबन्ध मे अपराध गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये पुलिस लाइन सभागार में आयोजित अपराध गोष्ठी में पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी। गोष्ठी के प्रारंभ में सभी थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थों से प्रतिदिन वार्ता कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया गोष्ठी में समस्त थाना प्रभारी गोष्ठी में शामिल हुए जिन्हें अपराध, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति से संबंधी अपराध व निरोधात्मक कार्यवाही की मासिक समीक्षा व प्रगतिशील सूचना के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये। समीक्षा में कच्ची शराब का निष्कर्षण एव माफियो के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अगामी चुनाव के दृष्टीगत पूर्व में मुकदमों में नामित अपराधियों, अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों को पूर्व में चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने हुते निर्देशित किया गया। सभी थानाध्यक्षों को इस बात पर मुख्यतः आकर्षित करते हुए कहा गया कि पुलिस अपने थाना क्षेत्र ऐसे ही बेहतर व्यवहार बनाये रखे तो उसे अपने क्षेत्र में होने वाली अपराधों की सूचना तत्काल सही व सटीक मिल सकती है क्षेत्र/गांव में ग्राम चौपाल लगाकर उन्हें पुलिस के कार्यों के संबंध में अवगत कराये। उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उसके निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास करें। ड्यूटी के दौरान, संयम,धैर्य,निष्ठा एवं



## 22 जनवरी को बन्द रहेगी शराब की दुकाने

**महराजगंज।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर लोकशान्ति बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद की समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बियर, ताड़ी, भांग, मॉडल शाप एवं सैन्य कैन्टीन की फुटकर एवं मदिरा के थोक अनुज्ञापनों सीएल-2, एफएल-2, एफएल-2 बी को बन्द रखा जाएगा। जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा की 22 जनवरी को सम्पूर्ण दिवस तक जनपद में शराब की बिक्री एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। उक्त बन्दी के सम्बन्ध में अनुज्ञापियों को कोई भी प्रतिकर देय नही होगा। आबकारी विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को उक्त आदेश के अनुपालन को कड़ाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# परिषदीय विद्यालयों का समय 11 से 2 बजे तक करने की मांग

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा की अगुवाई में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा बीएसए को एक ज्ञापन पत्र भी सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि अत्यधिक शीतलहरी और घने कोहरे में शिक्षकों को अपने घर से पचास साठ किलोमीटर तक दूरी के विद्यालयों में आना जाना होता है। इस समय शीतलहरी के साथ साथ पूरे दिन घना कोहरा भी बना रहता है। ऐसे में रास्ता भी पूरी तरह से साफ़ नहीं दिखाई देता है।इन परिस्थितियों में दुर्घटनाएं होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। ज्ञापन में मांग की गई है कि छात्र छात्राएं तथा शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए जब तक मौसम में सुधार ना हो जाए विद्यालयों का समय प्रातः ग्यारह बजे अपराह्न दो बजे तक कर दिया जाए।

## केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों संग किया संवाद

**बाराबंकी।** विकास खण्ड सूरतगंज के ग्राम पंचायत उमरी प्रथम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।विकसित भारत संकल्प यात्रा% केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का सरल व प्रभावी माध्यम बन रही है। विकसित भारत का निर्माण और अंत्योदय का मोदी जी का संकल्प इस यात्रा के माध्यम से साकार हो रहा है और यह देश के जन-जन में ÷मोदी की गारंटी÷ का प्रत्यक्ष प्रमाण बन कर उभर रही। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शेखर हरायन, प्रदीप रावत, खण्ड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा,मंडल अध्यक्ष सुशील वर्मा ,राम सिंह रावत, कौसल सिंह, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# परिणय सूत्र में बंधे 709 जोड़े

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली प्रागंण में मुख्य अतिथि मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा, उप्र सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री एके शर्मा, सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र आदि की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पश्चात दीप प्रज्वलन कर सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली प्रागंण मे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 709 जोड़ो में हिन्दू समुदाय के 627 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 11 तथा मुस्लिम समुदाय के 71 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के लोग सम्मिलित हुए इस विवाह कार्यक्रम में हिन्दू परिवार के लोगो को पंडित द्वारा विवाह सम्पन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा निकाह पढ़कर शादी/विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया तथा बौद्ध धर्म का उनके धर्मानुसार कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम हेतु सभी पंक्तियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये गये थे। मुख्य अतिथि मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा, उप्र सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने सभी अधिकारियों एवं उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्देशन में एवं जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व में भव्य रूप से सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। गरीब परिवारों के बेटियों को अपनी शादी धूमधान से होने की चिन्ता रहती है। आज मुख्यमंत्री जी द्वारा उनकी चिन्ता को दूर करते हुये समान रूप से सामूहिक विवाह के माध्यम से भव्य रूप से करने का कार्य किया है। आज इस विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, जनपद के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी समेत अन्य लोगों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। मंत्री जी द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को अर्शीवाद दिया गया। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल जी के तरफ से सभी नवयुगल जोड़ों को अर्शीवाद देते हुए विवाहित जोड़ों को कम्बल वितरित किया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में 35000 दिया जा रहा है तथा 10000 का सामान भी दिया गया है तथा 6000 बारात के स्वागत पर व्यय किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र एवं अन्य अधिकारियों द्वारा वर-वधू को आर्शीवाद प्रदान किया गया तथा सगुन किट वितरित किया गया। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत वैवाहिक साड़ी दुल्हन हेतु कढ़ाई युक्त उत्तम गुणवत्ता की, ब्लाउज, पेटीकोट सहित /सूट (मुस्लिम जोड़े हेतु), 1 अद (हिन्दू वधू हेतु ) / सूट का कपड़ा 1 अद (मुस्लिम वधू हेतु) पैंट-शर्ट का कपड़ा, चुनरी मैरून, सामान्य साड़ी, 5 दूल्हे हेतु टोपी, फेटा (बड़ा गमछा 2 मीटर) दूल्हे हेतु पगड़ी, पायल (एक जोड़ी), बिछियां, /अंगूठी, बर्तनः- डिनर सेट (स्टेनलेसस्टील का 51 नग बर्तन), 1 नग कूकर 5 लीटर, ट्राली बैग, दीवाल घड़ी तथा प्रत्येक बधू के खाते में धनराशि रू0 35000 दिया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपरोक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा रविशंकर पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा राहुल गुप्ता, सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**हिन्दू समुदाय के 627 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 11 तथा मुस्लिम समुदाय के 71 जोड़ो का विवाह सम्पन्न**

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त इकाई नेहरू युवा केंद्र सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के अध्यक्षता में नेहरू युवा केंद्र कार्यालय पर आयोजित की गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी अमरेश यादव ने सभी स्वयं सेवकों व युवा मंडल से आए युवाओं को सड़क सुरक्षा के संबंध मे जानकारी दी व यातायात नियमों का पालन करने को कहा तथा अपने- अपने ब्लॉकों मे जाकर अधिक से अधिक लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान ओंकार नाथ मिश्र व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक अजय कुमार गुप्त, अखिलेश यादव, अभिषेक पाण्डेय, धीरज पाण्डेय, सनोज यादव, प्रीती, आकांक्षा, दुर्गावती, गोविंद वर्मा, आनन्द वर्मा, राम रतन, रामायण, राजबली, रंजीत किशुन पाल मौर्य व युवा मण्डल से अनिल यादव, शिवा पासवान, सुनील वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मिठवल के तिगोड़वा गांव की बेटी अग्रिमा वर्मा ने भरतनाट्यम प्रस्तुत कर रचा इतिहास



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मण्डल स्तरीय हमारी संस्कृति हमारी पहचान संस्कृति उत्सव जिसका आयोजन खैर इण्टर कालेज बस्ती मण्डल बस्ती में आयोजित किया गया जिसमें जनपद सिद्धार्थ नगर से वीरेन्द्र कुमार चौधरी एवं अर्चना वर्मा की लाडली बेटी अग्रिमा वर्मा ने अपने माता पिता के साथ प्रतिभाग किया तथा भरतनाट्यम विधा के एकल प्रतियोगिता में मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद सिद्धार्थ नगर के साथ शिक्षक पिता एवं शिक्षिका माता को गौरांवित किया। बताते चलें कि बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत जिला गाइड कैप्टन श्रीमति अर्चना वर्मा ने अपने बेटी भारतनाट्यम विधा में पारंगत किया है इनकी बेटी अग्रिमा ने मंडलीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं है अब यह बेटी प्रदेश स्तर पर जनपद सिद्धार्थ नगर मण्डल बस्ती का प्रतिनिधित्व करेगी। स्टेप अप डांस क्लासेज के निदेशक एवं कोरियोग्राफर मेराज अहमद ने बेटी के माता पिता को शुभकामना प्रेषित कर बेटी की प्रतिभा को निखारने की बात कही है।

## मंत्री ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा, उप्र सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता एवं सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में रेस्ट हाउस पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा, उप्र सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने विद्युत विभाग की रिवैम्प योजना की प्रगति ठीक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जल जीवन मिशन योजना की प्रगति ठीक न पाये जाने कर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने एवं गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया। मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा, उप्र सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री एके शर्मा जी ने निर्देश दिया कि मन्दिरो एवं नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, एडीएम उमाशंकर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा रविशंकर पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा तथा अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि व ईओ की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाए जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। जिसके क्रम में मंगलवार को नगर पंचायत डुमरियागंज द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान एवं अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सरकार द्वारा भेजे गए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आई.ई.सी. वैन द्वारा भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं को लाभार्थियों को दिखाया गया।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित जनसामान्य को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और प्रमुख योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, पैंपलेट, बुकलेट और कैलेंडर देकर सम्मानित करते हुए विकसित भारत के लिए संकल्प लिया गया, लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा सरकार को धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में लिपिक हसन ताकीब रिजवी, सभासद शांती देवी, सुबराती, आरती देवी, मनोज कुमार गौतम, परवेज अहमद, मो. नसीम, फैजान अहमद, मोनिका, रेनू, नन्दलाल, उमाशंकर, हरिद्वार, अभिलाषा मिश्रा, सकीना बानो, मजीबुल्लाह, सुरेश कुमार, शमशेर आलम सभासद प्रतिनिधि रामचंद्र, राजेश कुमार, नवाब राइनी, चंदन सिंह सभी सुपरवाइजर और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व जिलाध्यक्ष ने मंदिरों में की सफ़ाई व्यवस्था



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सभी धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है आज इसी के अंतर्गत शिवाला घाट शहजादपुर में डॉ मिथिलेश त्रिपाठी जिला प्रभारी अयोध्या के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में सहभागी हुए डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के पहले प्रदेश के सभी जनपदों के मंदिर में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम किया जा रहा है अभी मंदिरों में विशेष पूजा पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है एवं आदरणीय प्रधानमंत्री जी का संबोधन भी सुनने के लिए तैयारी की जा रही है इस अवसर पर आम जनमानस में आमंत्रण भी दिया जा रहा है आम जनमानस में उल्लास का वातावरण दिखाई दे रहा है आज के स्वच्छता कार्यक्रम में जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव जिला मंत्री विनय पांडे सभासद प्रिंस पाठक सत्यम ओझा अभिषेक यादव शशांक डॉ विनोद कुमार भूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## 797 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न

**बस्ती।** शासन के अति महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद में जी.आई.सी. इण्टर कालेज के प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शादी सम्पन्न करायी गयी। सामूहिक विवाह अंतर्गत 10 विकास खण्डों के कुल 797 जोड़े का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। कुल 797 नव दाम्पत्य जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर नव दाम्पत्य को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना किया गया। सामूहिक विवाह की पावन बेला पर जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने नव युगल को पवित्र गठबंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय संबंधों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वहन हेतु जीवन की नई पारी पर वर-वधू को आशीर्वाद एवं शुभकामना दिया। डीएम ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना द्वारा शादी पर होने वाले अपव्यय पर रोक लगती है, जिससे गरीब आदमी भी अपनी बहन, बेटी-बेटा की शादी खुशहाली के साथ संपन्न कर सकते हैं।

# महिला की बच्चेदानी से निकाला गया साढ़े तीन किलो का ट्यूमर

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** राजकीय मेडिकल कालेज सद्दरपुर के डॉक्टरों की टीम ने कमाल कर दिया है। उन्होंने एक महिला की बच्चेदानी से करीब 3.5 किलो का ट्यूमर निकाला है। इस खतरनाक ट्यूमर के निकल जाने से महिला को नया जीवन मिल गया है। डॉक्टरों ने बताया कि इस सर्जरी से काफी बड़ा ट्यूमर निकाला गया है और महिला को अच्छा अनुभव हो रहा है। महिला ने बताया कि पेट दर्द, उल्टी और घबराहट की शिकायत थी। शुरुआत में उसने घरेलू उपचार किया और उसके बाद कई जगह अपना इलाज कराया, लेकिन कहीं भी वास्तविक रोग पकड़ में नहीं आ रहा था। महिला का कहना है कि इस ट्यूमर के कारण घबराहट और डर बना रहता था, लेकिन इसके बाहर निकल जाने के बाद काफी हल्का लग रहा है. महिला का कहना कि कभी सोचा नहीं था कि पेट में इतना बड़ा ट्यूमर होगा। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉक्टर नूपुर मिश्रा ने कहा कि यह एक जटिल ऑपरेशन था, लेकिन हमने भी पूरी तैयारी रखी थी। उन्होंने कहा कि जांच करने पर पता चला कि यह ट्यूमर है. इसके बाद महिला और उसके परिजनों को यह बात बताई गई। उन्हें बताया गया कि ऑपरेशन के बिना यह ट्यूमर नहीं निकाला जा सकता। घर वाले भी डर गए थे कि इस ऑपरेशन में क्या होगा? इस पर महिला और उसके परिजन ऑपरेशन के लिए तैयार हो गए. इसके बाद उनके ऑपरेशन की तैयारी की गई. महिला के परिजनों ने बताया कि सोनोग्राफी जैसी जांच के बाद जब पता चला कि पेट में बड़ा ट्यूमर है तो फिर डॉक्टरों ने ऑपरेशन के लिए बोला था. घर वाले भी डरे हुए थे कि इस जटिल ऑपरेशन में क्या होगा? हालांकि सबकुछ सही हो गया और महिला बेहतर महसूस हो रहा है. डॉक्टरों की टीम ने बताया कि महिला पहले से ठीक है। उसे वार्ड में शिफ्ट कर रहे हैं और एक-दो दिन बाद छुट्टी दे दी जाएगी।

## परशुरामपुर थाना क्षेत्र के घघोवा चौकी पर कई साल से एक ही दीवान चौकी पर जमे है पुलिस कर्मी

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** जिले में राजनीतिक आकाओं और बड़े पुलिस अफसरों की पैरवी पर ट्रांसफर के बावजूद कई साल से एक ही चौकी दीवान में जमे हैं पुलिस के जवान। इन पुलिसकर्मियों का दूसरे थानों में तबादला हो चुका है, लेकिन ऊंची पैरवी की वजह से कई साल से इनकी रवानगी नहीं हो पा रही है। कई साल से उसी चौकी दीवान पर जमे पुलिसकर्मी अवैध कमाई का जरिया बन चुके हैं। थानाक्षेत्र की भौगोलिक स्थित से पूरी तरह वाकिफ यह पुलिस वाले ठेले वालों से लेकर बड़े व्यापारियों तक में अपनी अच्छी पहचान बना चुके हैं। इसी का फायदा उठाकर वह हर महीने मोटी कमाई कर रहे हैं। नए चौकी इंचार्ज के आने पर अवैध कमाई में माहिर यही पुलिस वाले उनके खास बन जाते हैं। चौकी इंचार्ज अपने-अपने कारखासों को बचाने के लिए शासन स्तर तक जुगाड़ लगाने में जुट जाते हैं। हालां,कि इनकी रवागनी का आदेश जारी करने वाले यही अफसर कई साल से इन्हें संरक्षण भी दे रहे हैं, जिसकी वजह से थानों में पांच साल से अधिक समय बिता चुके मुंशी से लेकर सब इंस्पेक्टर तक मलाई काट रहे हैं। तबादले की जद में ऐसे पदाधिकारी व जवान जिनका थानों से मोहभंग नहीं हो रहा है। एक थाने से दूसरे थाने जुगाड़ के दम पर पोस्टिंग लेकर यह हर महीने मोटी कमाई कर रहे हैं। नियम के अनुसार पदों पर काबिज पुलिस पदाधिकारी व जवान का ट्रांसफर तीन साल में होना चाहिए। लेकिन बस्ती जिला में परशुरामपुर थाना के घघोवा चौकी के पदाधिकारी का नहीं हो रहा है और एक ही घघोवा चौकी दीवान जमे हुए हैं। सूत्रों की माने तो माझा क्षेत्र इलाकों से अवैध शराब कारोबारियो का है इनके ऊपर हाथ जिसकी वजह से दीवान जी एक ही चौकी पर पैर जमाए है।

## मशहूर शायर मुनव्वर राणा को दी गई श्रद्धांजलि



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध शायर मुनव्वर राना के निधन की खबर फैलते ही साहित्य प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के मुहल्ला जाफराबाद स्थित डॉ हसन सईद के आवास पर सोमवार की रात्रि मरहूम मुनव्वर राना की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके साहित्यिक योगदान को याद किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वयोवृद्ध शायर व अदीब जाहिद जाफरी ने राना की निधन को उर्दू साहित्य का अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि मुनव्वर राना की शायरी में सामाजिक सरोकारों की प्रतिबद्धता है। मुख्य अतिथि मास्टर मुनीर अहमद ने कहा कि मुनव्वर राना को अपनी मां से बेपनाह मोहब्बत थी। मुनव्वर की शायरी में जिंदगी का अक्स नज़र आता है।अंसर जलालपुरी ने खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए पढ़ा शरफ कमाल दिखाने के बाद मिलता है-सुखनवर ऐसा जमाने के बाद मिलता है। शौक अशर्फी ने पढ़ा यूं ही नहीं कोई होता है आबरू-ए-सुखन - वोह राना कौन थे ये अहले सुखन समझते हैं। तनवीर जलालपुरी ने कहा न देख इतनी हिकारत से हम अदीबों को -न जाने कब तेरी औलाद शेर कहने लगे।

# हिन्दू समरसता भोज का आयोजन लोगों ने सामूहिक भोज का लिया आनंद

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को दोपहर में हिन्दू युवा वाहिनी व धर्म रक्षा मंच के संयुक्त तत्वाधान में रासी नदी तट स्थित छठ स्थल पर हिन्दू समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। समरसता भोज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डुमरियागंज व प्रभारी हियुवा उप्र राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया।

राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि व्रत, पर्व एवं त्यौहारों के कारण ही सनातन धर्म जीवंत है। इन परंपराओ को चिरकाल तक जीवंत रखना होगा। इसके लिए समरसता भोज आवश्यक हैं, और पूरे जनपद में सहभोज का कार्यक्रम मकर संक्रान्ति से रविदास जयंती तक आयोजित किया जाता हैं। सहभोज के आयोजन से समाज में फैली कुरीतियां जैसे ऊंचनीच, छुआछूत, आपसी भेदभाव आदि का सफाया होता हैं। सहभोज के आयोजन से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं समरसता बढ़ती है। सहभोज कार्यक्रम में अमीर गरीब एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहणकर एक सामाजिक एकता की मिसाल पेश करता हैं। खिचड़ी समरसता भोज समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है। हिन्दू समाज एकजुट रहेगा तो राष्ट्रविरोधी शक्तियां भी अपने उद्देश्य में सफल नहीं होंगी, हमारी एकजुटता समाज, देश व राष्ट्र के विकास को मजबूती प्रदान करेगी। कार्यक्रम में मधुसूदन अग्रहरि, धर्मराज वर्मा, चंद्र प्रकाश चौधरी आदि ने समरसता भोज से होने फायदों को गिनाया। कार्यक्रम का संचालन नीरा दुबे ने किया। कार्यक्रम के अंत में भारी संख्या में सर्व समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर खिचड़ी भोज का आनंद लिया। इस दौरान सभी ने सनातन धर्म व जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान डॉ सतीश द्विवेदी, डॉ दशरथ चौधरी, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, लवकुश ओझा, गौरीशंकर त्रिपाठी, रामकुमार कुंवर, राजेंद्र पाण्डेय, प्रेम नारायण दुबे, अमरेंद्र त्रिपाठी, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, पप्पू श्रीवास्तव, नीरा दुबे, विमला पाण्डेय, प्रियंका श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, विनय पाठक, शत्रुहन सोनी, रमेशधर द्विवेदी, नीरज मणि त्रिपाठी, विष्णुगिरि, श्याम पाठक आदि सहित भारी संख्या श्रद्धालुगण उपस्थित रहें।

# प्रथम जनपद आगमन पर पटवारी का हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बांसी नरकटहा मे समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांसी श्री मोहम्मद इदरीश पटवारी जी को समाजवादी पार्टी जिला कार्य समिति में जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने के उपरांत प्रथम नगर आगमन पर नगर अध्यक्ष कपिल देव जी की अध्यक्षता में स्वागत समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष माननीय लाल जी यादव जी तथा वरिष्ठ सपा नेता श्री नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी जी तथा समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती चमन आरा रायनी जी रही। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने किया। उक्त स्वागत समारोह में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहम्मद इदरीश पटवारी ने शीर्ष नेतृत्व तथा सपा जिला अध्यक्ष सहित सभी सम्मानित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने हम पर जो विश्वास जताया है हम उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा और पूरे जनपद में पीडीए जन पंचायत लगाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा क्योंकि समाजवादी पार्टी एक विचार है और समाजवादी पार्टी एक आंदोलन है और समाजवादी पार्टी सबके संपन्नता और सब के सामान् की बात करती है और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम करती है और कहा कि समाजवादी पार्टी गरीब किसान मजदूर नौजवान व्यापारी एवं समाज के शोषित वर्गों के हितों के लिए सदैव संघर्षरत रही हमारे नेता ने अपने समाजवादी सरकार में तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को चला कर सबको लाभान्वित करने का काम किया आज भाजपा सरकार में समाजवादी सरकार द्वारा चलाई गई तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया भाजपा की जन विरोधी नीतियों के कारण ही देश में अमीर और गरीब के बीच में बहुत बड़ी खाई बन चुकी है महंगाई की मार से आम आदमी त्रस्त है गरीब आदमी का जीना मुहाल हो चुका है अब हम सिर्फ समाजवादी विचारधारा और उसकी नीतियों पर चलकर के ही अमीर और गरीब की इस गहरी खाई को पाट सकते हैं। जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि मोहम्मद इदरीश पटवारी के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने से जनपद में पार्टी को मजबूती मिलेगी इनका परिवार सदैव से ही समाजवादी पार्टी को ताकत देने का काम किया है।

अब हम लोग एक साथ पूरे जनपद में जन पंचायत चौपाल के माध्यम से इस जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती चमन आरा रायनी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा राज में रेलवे बैंक एल आई सी हवाई अड्डा स्टेशन नौकरी ही नहीं बल्कि हम सबका आपसी भाईचारा भी खतरे में है और आने वाला 2024 लोकसभा चुनाव सरकार बनाने का नहीं बल्कि देश बचाने का चुनाव है सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए अभी से लग जाएं सपा नेता नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे देश और प्रदेश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से तबाह हो गई है भाजपा की जन विरोधी नीतियां इस देश और समाज के लिए घातक है इस जन विरोधी सरकार का जाना तय है। उपरोक्त स्वागत समारोह में सैयद कुतुब बरकत अली ईश्वर चंद दुबे के सी त्रिपाठी मुस्तकीम कामता प्रसाद करीम राईनी शाकिर अली रिजवान अहमद सब्बू हुसैन रायनी ध्रुव चंद राधेश्याम जयसवाल रामनिवास यादव निजामुद्दीन मनोज कुमार यादव कन्हैया पासवान में सफीकुर रहमान मुन्ना यादव धर्मेंद्र मनीष मेकरानी पवन कुमार यादव अरशद खान इरफान अहमद सरताज रानी रामानंद प्रजापति अब्दुल कयूम प्रोफाइल जी चंद्रहास यादव रामशंकर मौर्य शाबान अली आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**पटवारी को जिम्मेदारी मिलने से सपा होगी पहले से ताकतवरः यादव**

**हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हैं इदरीस पटवारीः चमन आरा राइनी**

## असहमति का विपक्षी गठबंधन

अब विपक्षी ताकत की राजनीतिक मीमांसा का समय आ गया है। चुनावों की घोषणा 15 मार्च के करीब की जा सकती है। राजनीतिक दलों की लामबंदी, रणनीति, संगठन, गठबंधन का यह सबसे नाजुक दौर है। उसके बाद चुनाव प्रचार के अंधड़ आरंभ हो जाएंगे, तो फिर कुछ भी विचार करना असंभव होगा। हमारा फोकस विपक्षी गठबंधन पर इसलिए है, क्योंकि वह ही बुनियादी लोकतांत्रिक चुनौती है। रणनीति तय करने और उसे लागू करने में भाजपा का कोई सानी नहीं है। अयोध्या राम मंदिर का 'चुनावी लाभ' उसे हर हाल में मिलेगा, यह खुद भाजपा कबूल कर रही है। धार्मिक आस्थाएं चकाचौंध कर देती हैं, लिहाजा विवेक और विचार की आंखें मुंदने लगती हैं। बेशक बेरोजगारी, महंगाई, अर्थव्यवस्था, जातीय गणना, सत्ता के एकाधिकार, महिला उत्पीडऩ और आर्थिक विषमताएं आदि बेहद गंभीर और ज्वलंत मुद्दे हैं, लेकिन विडंबना है कि भारतीय लोकतंत्र में इन मुद्दों पर चुनावी जनादेश तय नहीं होते। ऐसे राजनीतिक परिदृश्य में विपक्षी एकजुटता की जरूरत ज्यादा बढ़ जाती है, लेकिन दुर्भाग्य है कि विपक्ष को अभी तक एहसास नहीं हो पाया है। 'इंडिया' गठबंधन की 5वीं बैठक वर्चुअल तौर पर शनिवार को हुई, जिसमें 10 दलों के नेता ही शामिल हुए। गठबंधन में 28 घटक दलों का दावा किया जाता रहा है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे सरीखे बड़े दलों के बड़े नेता 'ऑनलाइन' बातचीत करने का भी वक्त नहीं निकाल पाए अथवा वे किसी मुद्दे-विशेष को लेकर नाखुश, असंतुष्ट हैं, यह सवालिया स्थिति ही बनी रही। न जाने किन मुगालतों में ये नेता जी रहे हैं? जो नेता बैठक में मौजूद भी रहे, उनमें सीटों के बंटवारे पर चर्चा तक नहीं हुई, तो फिर गठबंधन के मायने क्या हैं? हालांकि टुकड़ों-टुकड़ों में सीटों पर बातचीत होती रही है, लेकिन वे बेनतीजा ही रही हैं, क्योंकि असहमतियों का दबाव ज्यादा है।

'इंडिया' के गठन को छह माह से अधिक का समय गुजर चुका है, लेकिन संयोजक, सचिवालय, साझा जनसभाएं, साझा न्यूनतम कार्यक्रम और झंडा, नारा आदि बुनियादी मुद्दे ही अनसुलझे हैं। मजबूरी में मल्लिकार्जुन खडग़े को 'इंडिया' का अध्यक्ष तय किया गया है, जिस पर आधिकारिक फैसला अभी होना है। खडग़े प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्हें आम चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस की अपनी रणनीति, 350 से ज्यादा उम्मीदवार, संसाधन, प्रचार के व्यापक तौर-तरीके भी तय करने हैं। वह राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से भी तटस्थ नहीं रह सकते। यह यात्रा कांग्रेस की चुनावी रणनीति की ही यात्रा है। एक 81 वर्षीय व्यक्ति से क्या-क्या अपेक्षाएं की जा सकती हैं? नीतीश कुमार असंतुष्ट और अनमने हैं, लिहाजा उन्होंने 'संयोजक' पद की पेशकश ही अस्वीकार कर दी है, लेकिन सीटों के बंटवारे पर उन्होंने अपनी चिंताएं जरूर जाहिर की हैं। उन्होंने कहा है कि काफी देर हो रही है। कायदे की चुनावी तैयारी के लिहाज से यह देरी मुनासिब नहीं है। देशहित और आम लोगों के हित में अधिक से अधिक गैर-भाजपा पार्टियां एकजुट हों, एक साथ मिलकर मुकाबला करें, इसी सोच के तहत कवायद की गई थी, लेकिन वक्त फिसल रहा है। दरअसल विरोधाभास यह भी है कि गठबंधन के ताकतवर घटक अपने-अपने दावे पर अड़े रहे हैं। मसलन-सपा अध्यक्ष की धमकी-सी है कि यदि बसपा को 'इंडिया' का हिस्सा बनाया गया, तो सपा गठबंधन से अलग हो जाएगी। इसके बावजूद कांग्रेस की एक समिति चुपचाप बसपा अध्यक्ष मायावती के संपर्क में है। महाराष्ट्र में उद्धव शिवसेना की जिद है कि वह 23 सीटों पर ही चुनाव लड़ेगी। यह स्थिति तब भी, जब शिवसेना संगठित पार्टी थी। आज तो वह विभाजित पार्टी है और असली शिवसेना एकनाथ शिंदे के पास है। उद्धव अपनी जिद को क्यों नहीं पिघलाते? पंजाब में आप और कांग्रेस में स्पष्ट विभाजन है। बंगाल और बिहार में कांग्रेस एक चुकी हुई पार्टी है, लेकिन उसकी सीटों की मांग बहुत ज्यादा है। केरल में कांग्रेस और वामपंथी दल एक-दूसरे के धुर विरोधी हैं और जमकर कोस रहे हैं।

## शिक्षा पर उपदेश न दें राजनेता!

**के. विक्रम राव**

राजनेताओं को शैक्षणिक विषयों पर तभी बोलना चाहिए जब वे स्वयं उच्च शिक्षा याफ़्ता हो। अर्थात कोई कम पढ़ा मंत्री ज्ञान की बाते करे तो वही होगा जो महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ विधान परिषद में गतसप्ताह हुआ। सदन में चर्चा हो रही थी कि डॉक्टरेट अनुसंधान (पीएचडी) हेतु उपलब्ध छात्रवृत्तियों में कटौती नहीं होनी चाहिए। इससे शोध कार्य की हानि होती है। परिणामतः मानव ज्ञान पिछड़ेगा। इस पर पवार ने सदन में कह दिया पीएचडी करून काये दिवे लावनार आहेत ? (क्या रोशन कर दिया डाक्टरेट कर के) अर्थात शोधकार्य वृथा है। इस पर कइयों ने अमेरिकी राजनीतिशास्त्री और पत्रकार हेनरी जॉर्ज की उक्ति याद की राजनीति केवल राजनेताओं के जिम्मे नहीं छोड़ी जा सकती, जैसे अर्थशास्त्र केवल अध्यापकों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। ज्यों ही उनकी हास्यास्पद उक्ति सदन के बाहर मीडिया में व्यापी तो इन उपमुख्यमंत्री साहब ने पलटी मार दी। वे बोले वे शोधकार्य के पक्षधर ही हैं। आवश्यक मानते हैं। मगर तब तक मुंबई के दैनिकों ने अजित पवार को सावधान किया कि वे विधायक हैं, बौद्धिक कसरतों से बचें। ताकि मेधा पर शक न जन्मे। दिमाग के खोखले होने की आशंका किसी को न हो। शोध कार्य का अनावश्यक बताकर उपमुख्यमंत्री ने अपने विवेक पर खुद सवालिया निशान लगा दिया था। अब साठ पार कर चुके, कई बार सांसद और विधायक रह चुके, अजित पवार की बात अकादमिक क्षेत्रों में हास्यास्पद तो मानी गई। तीव्र आलोचना का सबब भी बना। यूं भी उन्हें शिक्षा जगत का ऊंचा अनुभव तो कभी हुआ नहीं। उनके एक आलोचक ने शंका जाहिर कर दी कि कहीं कोल्हापुर के शिवाजी विश्वविद्यालय में कोई स्नातकोत्तर छात्र पीएचडी के लिए उनकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर थीसिस न लिख बैठे। विशद व्याख्या करें कि चाचा शरद पवार और भतीजे अजित पवार ने पार्टी को कैसे तोड़कर बाटा, कमजोर किया। इन पहलुओं पर डाक्टरेट न कर लें। इसी संदर्भ में पुराने छात्रों ने याद भी दिला दिया कि एकदा अजित पवार दसवीं कक्षा में फेल हुए थे। बात बतंगड़ बन रही थी कि पवार ने शोध कार्य की तारीफ करनी शुरू कर दी। तब तक उन्हें कइयों ने पीएचडी की महत्ता से अवगत कराया। मंत्रीजी को बताया गया कि शिक्षा क्षेत्र में शोध कार्य से नई तकनीक का इजाद होता है। इससे वैश्विक स्तर की शिक्षा पाई जाती है। शोध की क्रियाविधि के साथ छात्रों में जागरूकता पैदा की जाती है। उच्च शिक्षा में शोध जरूरी है ताकि शोध के माध्यम से किसी भी विषय की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो, शोध से नई खोज के रास्ते भी खुलते हैं और शिक्षा का क्षेत्र फैलता है। शोध का उपयोग शिक्षा को बोधगम्य बनाने में किया जाना चाहिए, जिससे इसका लाभ आम छात्र को मिल सके। अकादमिक लोगों ने पवार को समझाया कि शोध-कार्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उच्चातर गंभीर,और महत्त्वपूर्ण कार्य माना जाता है। स्वीकृत हो जाने पर शोधार्थी के कार्य परं केवल उसे उच्च उपाधि से सम्मानित किया जाता है। उसके प्रबंध को पुस्तकालय में सार्वजनिक ज्ञान को उच्चतम वर्ग के अन्तर्गत रखा जाता है। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह मार्गदर्शन की संभावना और क्षमता से संपन्न माना जाता है। शोध के सार को रेखांकित करके विषय और क्षेत्र सम्बन्धी शोध की वार्षिक सूचियों में शामिल किया जाता है। शोध के अंशों को क्षेत्र सम्बन्धी शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जाता है। शोध प्रबंध प्रकाशित हो जाए तब तो यह समग्रतः सार्वजनिक संपत्ति बन जाता है। अप्रकाशित रहने की अवस्था में भी अन्तर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर पुस्तकालयों के बीच आदान-प्रदान की सुविधाओं के आधार पर विषय या क्षेत्र के अन्य शोधार्थी प्रबंध का अध्ययन कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

सारे जगत में खालसा पंथ की गूंज करने वाले, हिन्दू धर्म के रक्षक-उद्धारक, मुगलों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने वाले श्री गुरु गोविन्द सिंहजी का जन्म संवत् 1723 विक्रम की पौष सुदी सप्तमी को हुआ। उनके पिता गुरु तेगबहादुर उस समय अपनी पत्नी गुजरी तथा कुछ शिष्यों के साथ पूर्वी भारत की यात्रा पर थे। अपनी गर्भवती पत्नी और कुछ शिष्यों को पटना छोड़कर वे असम रवाना हो गये थे। वहीं उन्हें पुत्र प्राप्ति का शुभ समाचार मिला। बालक गोविन्द सिंह के जीवन के प्रारंभिक 6 वर्ष पटना में ही बीते। अपने पिता के बलिदान के समय गुरु गोविन्द सिंह की आयु मात्र 9 वर्ष की थी।

# गुरु गोविन्द सिंह हिन्दू जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं





ललित गर्ग

भारतीय जीवन मूल्यों की रक्षा और समाज को नए सिरे से संगठित एवं सशक्त करने वाले एक महापुरुष हैं गुरु गोविन्द सिंह। उनकी महान् तपस्वी, महान् कवि, महान् योद्धा, महान् संत सिपाही साहिब आदि स्वरूपों में पहचान होती है। वे सिर्फ सिखों के नहीं संपूर्ण भारतीय समाज के आस्था के केंद्र हैं, उनके जीवन से हमें राष्ट्रप्रेम और मानवतावादी धर्म की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने 1699 में बैसाखी के दिन पंच प्यारों को अमृतपान कराकर खालसा पंथ की स्थापना की और खुद भी उनके हाथ से अमृत पान किया। उन्होंने खालसा पंथ के अनुयायियों को पंच ककार केश, कड़ा, कंघा, कृपाण, कच्छा धारण करने का निर्देश दिया। ये शौर्य, शुचिता तथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के संकल्प के प्रतीक हैं। श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर उनका पावन स्मरण नयी ऊर्जा का द्योतक हैं।

गुरु गोबिंद सिंह का व्यक्तित्व अलौकिक, साहसी एवं भारतीयता से ओतप्रोत था। उन्होंने आनंदपुर का सुख, माता पिता की छांव और बच्चों का मोह छोड़कर धर्म रक्षा का मार्ग चुना। उन्होंने दमन, अन्याय, अधर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी। गुरु तेग बहादुर के बलिदान के बाद 11 नवंबर 1675 को नौ साल की उम्र में गुरु गोबिंद सिंह सिखों के दसवें गुरु बने। ये कई भाषाओं के जानकार थे, उन्होंने दशम ग्रंथ समेत कई ग्रंथों की भी रचना की थी। उन्होंने लोगों को सीख दी कि युद्ध सैनिकों की संख्या से नहीं जीते जाते, बल्कि हौसले और इच्छाशक्ति से जीते जाते हैं। उनके अनुसार जो उसूलों के लिए लड़ता है, वो धर्म योद्धा होता है।

दुनिया में देश व धर्म की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुष तो अनेक मिलेंगे किन्तु अपनी तीन पीढ़ियों, बल्कि यों कहें कि अपने पूरे वंश को इस पुनीत कार्य हेतु बलिदान करने वाले विश्व में शायद एकमेव महापुरुष गुरु गोविन्द सिंहजी ही है। जिन्होंने त्याग, बलिदान एवं कर्तृत्ववाद का संदेश दिया। भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित की। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। सभ्यता और संस्कृति के प्रतीकपुरुष के रूप में जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई। जिनको बहुत ही श्रद्धा व प्यार से कलगीयां, सरबंस दानी, नीले वाला, बाला प्रीतम, दशमेश पिता आदि नामों से पुकारा जाता है। भारत में फैली दहशत, डर और जनता का हारा हुआ मनोबल देखकर उन्होंने कहा ''मैं एक ऐसे पंथ का सृजन करूँगा जो सारे विश्व में विलक्षण होगा। जिससे मेरे शिष्य संसार के असंख्य लोगों में पहली ही नजर में पहचाने जा सकेंगे। जैसे हिरनों के झुंड में शेर और बगुलों के झुंड में हंस। वह केवल बाहर से अलग न दिखे बल्कि आंतरिक रूप में भी ऊँचे, साहसी और सच्चे विचारों वाले हो।

सारे जगत में खालसा पंथ की गूंज करने वाले, हिन्दू धर्म के रक्षक-उद्धारक, मुगलों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने वाले श्री गुरु गोविन्द सिंहजी का जन्म संवत् 1723 विक्रम की पौष सुदी सप्तमी को हुआ। उनके पिता गुरु तेगबहादुर उस समय अपनी पत्नी गुजरी तथा कुछ शिष्यों के साथ पूर्वी भारत की यात्रा पर थे। अपनी गर्भवती पत्नी और कुछ शिष्यों को पटना छोड़कर वे असम रवाना हो गये थे। वहीं उन्हें पुत्र प्राप्ति का शुभ समाचार मिला।

बालक गोविन्द सिंह के जीवन के प्रारंभिक 6 वर्ष पटना में ही बीते। अपने पिता के बलिदान के समय गुरु गोविन्द सिंह की आयु मात्र 9 वर्ष की थी। इतने कम उम्र में गुरु पद पर आसीन होकर उन्होंने गुरु पद को अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से और भी गौरवान्वित किया। अपने नाम के तीनों शब्द 'गुरु', 'गोविन्द' एवं 'सिंह' को शब्दशः चरितार्थ कर देश, धर्म, संस्कृति, इतिहास एवं स्वाभिमान की रक्षार्थ ज्ञान के भण्डार के रूप में एक श्रेष्ठ गुरु, ईश्वर की राह के पथ प्रदर्शक तथा सिंह गर्जना के साथ शत्रुओं के छक्के छुड़ा देने वाले गुरु गोविन्द सिंहजी यदि नहीं होते तो मुगलों के अत्याचार के विवश समस्त हिन्दू समाज इस्लाम धर्म स्वीकार कर अपनी संस्कृति, स्वधर्म, स्वराज एवं स्वाभिमान को सदा के लिये तिलांजलि दे चुका होता।

श्री गुरु गोविन्द सिंहजी शासक होकर भी उनकी नजर में सत्ता से ऊंचा स्वराष्ट्र, स्व-अस्तित्व, समाज एवं मानवता का हित सर्वोपरि था। यूं लगता है वे हिन्दू जीवन-दर्शन के पुरोधा बन कर आए थे। उनका अथ से इति तक का पुरा सफर हिन्दू धर्म की रक्षा, पुरुषार्थ एवं शौर्य की प्रेरणा है। वे सम्राट भी थे और संन्यासी भी। आज उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व और कर्तृत्व सिख इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। उन्हें हम तमस से ज्योति की ओर एक यात्रा एवं मानवता के अभ्युदय के सूर्योदय के रूप में देखते हैं। वे बचपन से ही बहुत पराक्रमी व प्रसन्नचित व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक कुशल संगठक थे। दूर-दूर तक फैले हुए सिख समुदाय को 'हुक्मनामे' भेजकर, उनसे धन और अस्त्र-शस्त्र का संग्रह उन्होंने किया था। एक छोटी-सी सेना एकत्र की और युद्ध नीति में उन्हें कुशल बनाया।

गुरु गोविन्द सिंहजी ने सुदूर प्रदेशों से आये कवियों को अपने यहाँ आश्रय दिया। यद्यपि उन्हें बचपन में अपने पिता श्री गुरु तेगबहादुरजी से दूर ही रहना पड़ा था, तथापि तेगबहादुरजी ने उनकी शिक्षा का सुव्यवस्थित प्रबंध किया था। साहेबचंद खत्रीजी से उन्होंने संस्कृत एवं हिन्दी भाषा सीखी और काजी पीर मुहम्मदजी से उन्होंने फारसी भाषा की शिक्षा ली। कश्मीरी पंडित कृपारामजी ने उन्हें संस्कृत भाषा तथा गुरुमुखी लिपि में लेखन, इतिहास आदि विषयों के ज्ञान के साथ उन्हें तलवार, बंदूक तथा अन्य शस्त्र चलाने व घुड़सवारी की भी शिक्षा दी थी। वे चित्रकला में पारंगत थे। सिराद-एक प्रकार का तंतुवाद्य, मृदंग और छोटा तबला बजाने में वे अत्यंत कुशल थे। इस तरह गुरु गोविन्द सिंह कला, संगीत, संस्कृति एवं साहित्यप्रेमी थे। जैसाकि खुद गुरु गोबिंद सिंह ने कहा था, कि जब-जब अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान मानव देह का धारण कर पीड़ितों व शोषितों के दुख हरने के लिए आते हैं। औरंगजेब के अत्याचार चरम सीमा पर थे। दिल्ली का शासक हिन्दू धर्म तथा संस्कृति को समाप्त कर देना चाहता था। हिन्दुओं पर जजिया कर लगाया गया, साथ ही हिन्दुओं को शस्त्र धारण करने पर भी प्रतिबन्ध लगाया गया था। ऐसे समय में कश्मीर प्रांत से पाँच सौ ब्राह्मणों का एक जत्था गुरु तेगबहादुरजी के पास पहुँचा। पंडित कृपाराम इस दल के मुखिया थे। कश्मीर में हिन्दुओं पर जो अत्याचार हो रहे थे, उनसे मुक्ति पाने के लिए वे गुरुजी की सहानुभूति व मार्गदर्शन प्राप्ति के उद्देश्य से आये थे। गुरु तेगबहादुर उन दुःखीजनों की समस्या सुन चिंतित हुए। बालक गोविन्द ने सहज एवं साहस भाव से इस्लाम धर्म स्वीकार न करने की बात कही। बालक के इन निर्भीक व स्पष्ट वचनों को सुनकर गुरु तेगबहादुर का हृदय गद्गद् हो गया। उन्हें इस समस्या का समाधान मिल गया।

# बाधाओं को पार कर सशक्त बनती दलित किशोरियां

संजना कहती है कि पढ़ाई से लेकर नौकरी तक का सफर बहुत कठिन था। समाज ने तो पूरी कोशिश की थी कि किसी तरह से मेरी पढ़ाई छूट जाए और मैं आगे न बढ़ सकूं। लेकिन मां किसी दबाव के आगे न झुकते हुए हर स्तर पर हम दोनों बहनों का साथ दिया। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि लड़कियां किसी से कम नहीं होती हैं। उसे पढ़ाओ और इस लायक बनाओ कि उसे किसी के सामने झुकना ना पड़े। संजना की हिम्मत ने न केवल उसके जीवन को बदला है बल्कि समाज में भी बदलाव की बयार शुरू हो गई है।



सिमरन सहनी

21वीं सदी के भारत ने कई क्षेत्रों में बदलाव व विकास के नए प्रतिमान स्थापित किया है। चाहे वह नए अनुसंधान का क्षेत्र हो, अभियांत्रिकी विकास, प्रौद्योगिकी विकास, बौद्धिक विकास, सामरिक क्षमता या फिर कुशल नेतृत्व की बात हो, कोई ऐसा सेक्टर नहीं है जहां भारतीयों ने अपना परचम न लहराया हो। परंतु इसी भारत का एक दूसरा चेहरा उसका ग्रामीण क्षेत्र है जो आज भी अपनी संकीर्ण मानसिकता, पुरानी विचारधाराओं व परंपराओं से उबर नहीं सका है। विशेषकर जाति, समुदाय और महिलाओं के मामले में ग्रामीण समाज अब भी वैचारिक रूप से पिछड़ा हुआ नज़र आता है। दलित-महादलित महिलाओं व किशोरियों के प्रति उसका नज़रिया यथावत बना हुआ है। किशोरियों को घर से बाहर न निकलने देना, कहीं अपना पक्ष न रखने देना, खेलने-कूदने पर मनाही, पढ़ाई-लिखाई में रोक-टोक और जल्द शादी आदि चीजें इस समाज की महिलाओं और किशोरियों के विकास में रोड़ा बनी हुई है। जिससे वह संस्कृति और परंपरा के नाम पर ज़िंदा रखना चाहता है। वहीं उसी क्षेत्र के संभ्रांत परिवार की महिलाओं व किशोरियों को पूरी आजादी मिलती है।

दरअसल ग्रामीण क्षेत्र का पितृसत्तात्मक समाज अपनी पकड़ बनाये रखने के लिए किशोरियों व महिलाओं को सामाजिक वर्जनाओं में जकड़े रखना चाहता है। इसके लिए वह 'समाज क्या कहेगा' यह भय दिखाकर महिलाओं व किशोरियों के अधिकारों को दबा कर रखता है। इस तरह अपने ही घर में महिलाओं और किशोरियों के शोषण का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस दौरान यदि किसी किशोरी ने हिम्मत दिखाई तो उसे न जाने कितने तानें, फब्तियां और जलालत सहनी पड़ती है। जबकि ग्राम पंचायत व शिक्षक बहाली में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण भी दिया जा रहा है। इसके बावजूद पिछड़े व दलित परिवार की किशोरियों को अपने सपनों को पूरा करने में अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिला मुख्यालय से करीब 55 किमी दूर साहेबगंज प्रखंड के शाहपुर गांव की रहने वाली महादलित समुदाय की 22 वर्षीय संजना कुमारी इसका उदाहरण है। जो हाल ही में विकास मित्र के पद पर चयनित हुई हैं। संजना बताती है कि वह दो बहनें और एक भाई है। जब वह मैट्रिक करने वाली थी तभी पिता का देहांत हो गया। उनके गुजरने के बाद घर की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई। घर चलाने के लिए दोनों बहनों को आगे आना पड़ा। बड़ी बहन बच्चों को ट्यूशन और कोचिंग पढ़ाने लगी वहीं संजना सिलाई करके अपने घर को चलाने में मदद करने लगी। संजना की मां सरिता देवी कहती है कि खेती करके अपने बच्चों का भरण-पोषण व पढ़ाई-लिखाई पूरी कराई। पति के



गुजरने के बाद गांव-समाज एवं रिश्तेदारों ने यह कह कर बेटियों की शादी के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया कि पढ़ाई में लगने वाले खर्चों से उनकी शादी हो जाएगी, लेकिन मैंने शादी की बात छोड़ बेटियों को आगे पढ़ने की ठानी, इसके लिए मुझे गांव-समाज से भी लड़ाई लड़नी पड़ी। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई। संजना का साहेबगंज ब्लॉक में विकास मित्र के पद पर बहाली हो गई, वहीं बड़ी बहन शिक्षक भर्ती की तैयारी में लगी है, जबकि उसका छोटा भाई आठवीं कक्षा में पढ़ रहा है।

संजना कहती है कि पढ़ाई से लेकर नौकरी तक का सफर बहुत कठिन था। समाज ने तो पूरी कोशिश की थी कि किसी तरह से मेरी पढ़ाई छूट जाए और मैं आगे न बढ़ सकूं। लेकिन मां किसी दबाव के आगे न झुकते हुए हर स्तर पर हम दोनों बहनों का साथ दिया। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि लड़कियां किसी से कम नहीं होती हैं। उसे पढ़ाओ और इस लायक बनाओ कि उसे किसी के सामने झुकना ना पड़े। संजना की हिम्मत ने न केवल उसके जीवन को बदला है बल्कि समाज में भी बदलाव की बयार शुरू हो गई है। अब इस समुदाय की अन्य लड़कियों ने भी पढ़ाई के लिए आवाज उठानी शुरू कर दी है। वह अपनी शिक्षा का हक मांगने लगी हैं। इस संबंध में 17 वर्षीय बबीता कहती है कि %संजना दीदी की वजह से हमें भी पढ़ने का मौका मिलने लगा है। उनकी सफलता को देखकर अब हमारे माता-पिता भी उच्च शिक्षा के लिए मान गए हैं। बहुत ही गर्व की बात है कि संजना दीदी ने गांव और समाज में मिसाल कायम की है।

संजना के विकास मित्र पद पर बहाली में गांव के मुखिया अमलेश राय का बहुत बड़ा योगदान है। इस संबंध में वह कहते हैं कि संजना महादलित समुदाय की है। जहां लड़कियों को उच्च शिक्षा दिलाने में बहुत उत्साह नहीं दिखाया जाता है। इस समुदाय में लड़की के 12वीं के बाद ही शादी कर देना आम बात है। लेकिन उसकी सफलता से आसपास के गरीब व झुग्गी बस्तियों में रहने वाली महादलित समुदाय की लड़कियों में भी पढ़-लिख कर आत्मनिर्भर बनने की चाह जगने लगी है। आज संजना घर की आर्थिक जरूरतों को पूरी करके छोटे भाई की पढ़ाई के साथ-साथ पंचयात में महिला सशक्तीकरण व स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता भी फैला रही है। याद रहे कि बिहार में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व कार्यों को दलित-महादलित परिवार तक पहुंचाने के लिए विकास मित्र की बहाली की जाती है। यह बहाली पंचायत स्तर पर की जाती है। बिहार महादलित मिशन के तहत अलग-अलग जिले के पंचायतों में विकास मित्र की बहाली होती है। इन्हें सरकार की ओर से लगभग 15,481रु प्रतिमाह मानदेय मिलता है। विकास मित्र को अपने ही पंचायत के महादलित परिवार की आधारभूत संरचना का सर्वे करना, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजना की जानकारी देना, वृद्धापेंशन, बचत खाता, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण आदि से संबंधित योजनाओं की पड़ताल व क्रियान्वयन कराने की जवाबदेही होती है।

बहरहाल, दलित व महादलित परिवार में अधिकांश लड़कियां पढ़ाई-लिखाई की उम्र में विवाह कर दी जाती हैं। इन बस्तियों में सरकारी की सारी योजनाएं सही क्रियान्वयन व जागरूकता के अभाव में दम तोड़ देती हैं। परिणामतः कम उम्र में ही किशोरियां मां बनकर मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम, बीमार व कमजोर हो जाती हैं। ऐसे में केवल सरकार के ऊपर ठिकरा फोड़ने की बजाय ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों व पढ़े-लिखे लोगों की ज़िम्मेदारी है कि वह इन बस्तियों में जाकर इनके जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व जीवन के विविध आयामों से अवगत कराएं। स्वस्थ समाज का निर्माण तब संभव है जब हम उपेक्षित, अछूत, अशिक्षित और गरीब समुदाय विशेषकर उन समुदायों की महिलाओं और किशोरियों को शिक्षित और सशक्त बनाने का प्रयास करें। (चरखा फीचर)


# मुनव्वर राना : उर्दू शायरी के गरिमामयी अध्याय का अन्त



मुहम्मद क़मर ख़ाँ

उर्दू भाषा में शायरी की लोकप्रिय परम्परा पर श्रद्धा रखने वालों को सिसकता-बिलखता छोड़कर कल रात इस जहान-ए-फ़ानी से रूख़सत होने वाले हिन्दोस्तान के जाने माने शायर मुनव्वर राना का जन्म 24 नवम्बर 1952 को हुआ था। जब कि 14 जनवरी 2024 को रविवार की रात दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से पी0जी0आई0 अस्पताल में भर्ती थे। 71 वर्ष की आयु में निधन के समय मरहूम की आयु 71 वर्ष थी। अन्तिम समय में वह गुर्दे व हृदय की समसस्याओं से ग्रसित थे। उनकी नेकियों को गिनने की आवश्यकता नहीं, उन्होनें माँ को लेकर जो शायरी की है, वह भगवान के दरबार में उन्हें बख़्शाने के लिए पर्याप्त है। वह जवाब से तीखे होने के फ़लस्वरूप, प्रायः विवादों से घिर जाया करते थे, मगर उनका व्यवहार सदैव सामाजिक मूल्यों के अनुरूप रहा। यद्यपि मरहूम हिन्दी और उर्दू दोनों भाषाओं में लिखते थे, परन्तु वह उर्दू के लोकप्रिय शायरों में से एक थे। आवाम अपने पसन्दीदा शायर के यूं अचानक संसार से रूख़सत हो जाने पर हतप्रभ है। सोमवार को उन्हें दफ़्ना दिया गया। उनकी अन्तिम यात्रा के समय अपार जनसमूह उनके शव के साथ देखा गया। उनके असामायिक निधन से शहर में अदबी हलक़ों में शोक की लहर दौड़ गयी। विषय संदर्भ में पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने सोशल प्लेट फ़ार्म पर लिखा

तो अब इस गांव से रिश्ता हमारा ख़त्म होता है
फ़िर आखें खोल ली जायें कि सपना ख़त्म होता है।



उर्दू के विद्वान शायर और बुद्धिजीवी, मुनव्वर राना का निधन एक हृदय विदारक घटना है। उर्दू शायरी, मुख्य रूप से गज़ल के सफ़र को व्यवहारिकता एवं आधुनिकता के साथ जोड़ने वाले, समकालीन शायरों का ज़िक्र जब भी होगा, मुनव्वर राना को उसमें सबसे ऊपर शामिल रखा जायेगा। अगर मुशायेरे की बात की जाये, तो मुनव्वर राना की उपस्थिति, किसी मुशायरे की सफ़लता की गारन्टी हुआ करती थी। उनकी शायरी के मजमुओं ने भी यद्यपि बहुत धूम मचायी। पद्य में उनके काव्य के साथ साथ उनकी गद्य की किताबों को भी पर्याप्त ख्याति प्राप्त मिली। जान पहचान वालों के लिए मुनव्वर राना का व्यक्तित्व बहुत दिलचस्प हुआ करता था, उनके साथ समय, आत्मीयता पूर्वक बीत जाता था। साथ ही उनके साथ दुनिया भर की अन्य समस्याओं पर भी स्वस्थ चर्चा की जा सकती थी। उनकी लोकप्रियता के दो कारण समझ में आये, एक तो उन्होनें जीवन के रिश्तों की शायरी की, दूसरी उनके कलाम की शब्दावली आम फ़हम और रोज़मर्रा की बोल-चाल पर आधारित है। उनके काव्य में जहाँ एक ओर ख़्यालात और फ़लसफ़े की गहराई है तो ऐसे मौंजू भी देखने को मिलते हैं, जिनसे आम आदमी स्वयं को जुड़ा हुआ महसूस करता है। पचास के दशक में जन्में इस शायर ने कुछ ऐसा लिख दिया कि अगर पढ़ा जाये या किसी को सुनाया जाये, तो उसके होंठों पर अनायास ही मुस्कान खिल उठती है।

आइये, मुनव्वर राना की शायरी में निहित इन्सानी रिश्ते एवं जीवन के प्रति उनके दृष्टिकोण को उनके कलाम के माध्यम से समझने का प्रयास करें:-

''लिपट जाता हूँ माँ से और मौसी मुस्कुराती है
मैं उर्दू में गज़ल कहता हूँ, हिन्दी मुस्कुराती है
माँ के आगे यूं कभी खुलकर नहीं रोता
जहाँ बुनियाद हो, इतनी नमी अच्छी नहीं होती

माँ के विषय में मुनव्वर राना के उक्तानुसार काव्य में संजोये गये उनके तास्सुरात जानने के बाद, जीवन के प्रति उनके कुछ अन्य दृष्टिकोणों की समीक्षा करते हैः-

''पहले मुझे बाज़ार में मिल जाती थी अक्सर
रूसवाई ने अब देख लियाहै मेरा घर भी''
''शहर से अच्छा अपना गांव है साहब
जहां मकान नम्बर से नहीं, पिता के नाम से पहचाने जाते हैं''
बोझ उठाना शौक कहाँ है मजबूरी का सौदा है
रहते रहते स्टेशन पर लोग कुली हो जाते है''
''तमाम जिस्म को आंखे बना के रात तकी
तमाम खेल मोहब्बत में इन्तेजार का है''
''जिन्दगी ताश के पत्तों की तरह है मेरी
और पत्तों को बहरहाल बिखर जाना है''
कभी खुशी से खुशी की तरफ़ नहीं देखा
तुम्हारे बाद किसी की तरफ़ नहीं देखा
-मुनव्वर राना

आख़िर में अल्लाह से दुआ करते हैं कि वह मुनव्वर राना की मग़फ़िरत फ़रमायें और अपनी बारग़ाह में आला मोकाम अता फ़रमाये।

## मेरे घर राम आये हैं

सजाऊं घर को मंदिर सा
मेरे प्रभू राम आये हैं

बजाऊं शंख और डमरू
मेरे घर राम आये हैं

सजाऊं घर को मंदिर सा
मेरे प्रभू राम आये हैं

सुनो ऐ ! जग के सब प्राणी
पशु , मानव या वृक्ष जंगल

बनाऊं फूलों से मार्ग
अवध के राम आये हैं

सजाऊं घर को मंदिर सा
मेरे प्रभू राम आये हैं

ऐ बादल छाया कर देना
मेरे प्रभू राम के ऊपर

हवाओं गीत मधुर गाओ
मेरे श्री राम आये हैं

सजाऊं घर को मंदिर सा
मेरे प्रभू राम आये हैं

सजाऊं अपनी कुटिया को
ले फूलों से तनिक खुशबू

मैं शून्य हो खड़ा देखूँ
मेरे घर राम आये हैं

सजाऊं घर को मंदिर सा
मेरे प्रभू राम आये हैं

भूलाकर मोह के बंधन
प्रभू के चरणों को देखूँ

सूझता ही नहीं कुछ भी
सियापति राम आये हैं

सजाऊं घर को मंदिर सा
मेरे प्रभू राम आये हैं

मेरी अश्रुकी धारा भी
प्रेम में बहती ही जाये

मगन होकर मैं नाचूँ रे
मेरे घनश्याम आये हैं

सजाऊं घर को मंदिर सा
मेरे प्रभू राम आये हैं



डॉ उमेश प्रताप वत्स

# मण्डी समितियों को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाय : दिनेश प्रताप

अवधनामा संवाददाता



- मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की मण्डी परिषद के विकास कार्यों की समीक्षा
- विशेष अभियान चलाकर मण्डी परिषद एवं मण्डी समितियों की सफाई करवाई जाए

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा सोमवार को किसान मण्डी भवन लखनऊ में मण्डी परिषद की आय-व्यय एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने जिन मण्डलों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है, उन्हें बधाई दी एवं जिन मण्डलों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की गयी, उन्हें आगामी 15 दिनों के अन्दर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए कटिबद्ध है। इसलिए किसानों से जुड़े कार्यों एवं योजनाओं में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंत्री ने समीक्षा में निर्देशित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमोदित बजट के सापेक्ष जो अवशेष स्वीकृतियॉं हैं उन्हें अविलम्ब निर्गत किया जाय। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमोदित बजट के सापेक्ष लगभग 75 प्रतिशत स्वीकृतियां निर्गत की जा चुकी है। मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा के अन्तर्गत निर्गत स्वीकृतियों का शिलान्यास एवं लोकार्पण जनप्रतिनिधियों से कराया जाय।

मंत्री श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर मण्डी परिषद एवं मण्डी समितियों की साफ-सफाई करवाई जाए। मण्डी समितियों में जहाँ पर अतिक्रमण किया गया, उसे एक अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया जाये। जिन मण्डियो में रिक्त भूमि हैं वहाँ पर व्यापारियों की माँग के अनुसार दुकानें बनवाकर आवंटन की प्रक्रिया की जाय। कार्यों की गुणवत्त्ता के लिए नियमित रूप से मण्डी स्थलों का निरीक्षण किया जाय। गड्ढा मुक्त अभियान के अन्तर्गत मण्डी परिषद की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने हेतु सड़कों को श्रेणियों में बांटकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में संयुक्त निदेशक प्रशासन श्री सचिन कुमार सिंह, उपनिदेशक प्रशासन श्री चन्दन पटेल, मुख्य अभियन्ता मुख्यालय श्री सत्य प्रकाश एवं प्रदेश के समस्त उपनिदेशक प्रशासन, संयुक्त निदेशक निर्माण एवं उपनिदेशक निर्माण द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

## कैंपस ड्राइव में 40 महिलाओं को मिला रोजगार

**लखनऊ।** प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सत्यकान्त, संयुक्त निदेशक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के द्वारा किया गया तथा अपने वक्तब्य में कहा कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत लोगों को रोजगार दिलाने का कार्य किया जा रहा है।

एमए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि मेले कुल 40 अभ्यर्थियों को 15000 से 25000 रूपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार एवं फ्री कैन्टीन की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये।

चयन से वंचित रह गये महिला अभ्यर्थियों के लिए 25 जनवरी को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में आयोजित टाटा मोटर्स लि0, चिनहट, लखनऊ द्वारा आयोजित कैम्पस में प्रतिभाग कर सकती है।

# हेलो किसान सेवा पर संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण करें : स्वतंत्र देव

अवधनामा संवाददाता



- जल शक्ति मंत्री अचानक तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन कार्यालय पहुंचे

**लखनऊ।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आज अचानक तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने कार्यालय कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यालय की साफ सफाई का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने कार्यों को और बेहतर ढंग से संपादित करें जिससे विभाग देश और प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके।

जलशक्ति मंत्री ने हेलो किसान सेवा के केंदीयकृत कॉल सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हेलो किसान सेवा पर किसानों से संबंधित समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जाए। हेलो किसान सेवा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800 1805450 है जिस पर कॉल कर नहर/नलकूप से संबंधित समस्या की शिकायत कर सकते हैं जिसका विभागीय अधिकारी द्वारा समाधान कर उनको सूचित भी किया जाएगा

श्री स्वतंत्र देव सिंह ने उपस्थिति रजिस्टर, डाक डिस्पैच रजिस्टर, आदि की भी जांच की। कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति पर संतोष जताया। उन्होंने कर्मचारियों को कुशलता व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने को कहा। कार्यालय में आवश्यक सुविधाओं का भी उन्होंने जायजा लिया।

# एयर मार्शल विभास व अध्यक्षा रुचिरा ने किया वायु सेना अस्पताल का दौरा



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ/ कानपुर।** भारतीय वायु सेना अनुरक्षण कमान के एओसी-इन-सी एयर मार्शल विभास पांडे ने वायु सेना अस्पताल, कानपुर का दौरा किया। उनके साथ एयर फोर्स फैमिलीज वेलफेयर एसोसिएशन (क्षेत्रीय), अनुरक्षण कमान की अध्यक्षा रुचिरा पांडे भी साथ थीं।

एयर मार्शल विभास पांडे को अस्पताल द्वारा सेवारत कर्मियों, पूर्व वायु सैनिकों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रदान की जा रही चिकित्सा देखभाल व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा भी किया और मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल की चुनौतियों के प्रबंधन में अस्पताल कर्मियों द्वारा किए जा रहे असाधारण प्रयासों की सराहना की। इस दौरान एयर मार्शल विभास पांडे ने अस्पताल की चल रही विभिन्न परियोजनाओं का जायजा लिया और अस्पताल द्वारा किए जा रहे भविष्य के विकास कार्यों के बारे में उन्हें जानकारी दी गई। उन्होंने सभी अस्पताल कर्मियों को संबोधित किया और अपनी निर्धारित भूमिका को पूरा करने में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों पर पूरा भरोसा जताया। रुचिरा पांडे ने स्थानीय उद्यमों के साथ-साथ वायु योद्धाओं के फैमिली वार्ड परिसर का दौरा किया और बातचीत की।

## पशु चिकित्सालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए 5.10 करोड़ स्वीकृत

यह योजना 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित है

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पशु चिकित्सालयों/पशु सेवा केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 510.00 लाख (रूपये पॉच करोड़ दस लाख मात्र) की धनराशि स्वीकृति की है। यह योजना 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।

शासनादेश में निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय राज्य सरकार तथा भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार योजना की गाइडलाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

# परशुराम जी की जन्मस्थली को भव्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें: जितिन

अवधनामा संवाददाता



- इस संबंध में लोक निर्माण मंत्री की मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव पर्यटन के साथ बैठक

**लखनऊ।** पर्यटकों एवं जनमानस की भावनाओं के दृष्टिगत जनपद शाहजहाँपुर के जलालाबाद में स्थित भगवान परशुराम जी की जन्मस्थली को भव्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। संचालित मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्द्धन योजना के अंतर्गत इसका विकास होगा।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री जितिन प्रसाद की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र एवं प्रमुख सचिव पर्यटन श्री मुकेश मेश्राम के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव द्वारा अधिकारियों को जलालाबाद स्थित रामताल को अमृत सरोवर में शामिल करके समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ विकसित करने के निर्देश दिए गए।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि जलालाबाद, शाहजहाँपुर में प्रस्तावित स्थल पर भगवान परशुराम जी का अत्यन्त प्राचीन मंदिर है। यहां पर सम्पूर्ण भारत एवं विदेशों से भी करोड़ों की संख्या में पर्यटक भगवान परशुराम की जन्मस्थली पर दर्शन करने आते हैं। विगत कई वर्षो से आने वाले पर्यटकों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। इस जन्मस्थली को विकसित किये जाने पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी। साथ साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। सर्वप्रथम इस स्थल तक पहुंचने के लिए चौड़े एवं सुलभ रास्ते का निर्माण कराया जायेगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी विकसित की जायेंगी।

# ‘रिलायन्स फाउण्डेशन टीचर अवार्ड’ सीएमएस शिक्षिका को

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस की शिक्षिका शहाना हुसैन को शिक्षण पद्धति में उल्लेखनीय योगदान हेतु ‘रिलायन्स फाउण्डेशन टीचर अवार्ड’ से नवाजा गया है। सुश्री शहाना ने सेंटा टीचिंग प्रोफेशनल्स ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अद्वितीय प्रदर्शन कर यह सम्मान अर्जित किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सुश्री शहाना ने वर्तमान दौर में छात्रों की क्षमताओं को समझते हुए अपनी शिक्षण पद्धति में सृजनात्मकता व नवीनता को प्रमुखता से अपनाया है और नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर ‘टीचिंग-लर्निंग’ के उच्चस्तरीय मानक स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने शहाना को उनकी सफलता हेतु हार्दिक बधाई दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है तथापि सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है। इन्हीं विद्वान शिक्षकों की बदौलत सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक तीनों प्रकार की शिक्षा देकर उन्हें चुस्त एवं संतुलित व्यक्तित्व का धनी, मानव जाति के लिए ईश्वर का उपहार एवं टोटल क्वालिटी पर्सन बनाने के लिए प्रयत्नशील है।

# किसी भी कंपनी में दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं के साथ नहीं होगा भेदभाव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की तरफ से 18 जनवरी से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के सभी 19 जनपदों में काली पट्टी बांधने के आंदोलन के मद्दे नजर आज उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा व पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के साथ दो पक्षीय वार्ता शक्ति भवन में 3 बजे सम्पन्न हुई जिसमे पूरे प्रदेश में दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं के साथ बिजली कंपनियों में कुछ जनपदों में निगम प्रबंधन द्वारा की जा रही भेदभावपूर्ण कार्यवाही पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता संपन्न हुई जिसमें पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष ने यह मुद्दा उठाया की मध्यांचल के लेसा में दलित अभियंताओं को बडी संख्या में टारगेट किया गया उसी का उदाहरण है कि केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार को 45 दिन में 5 बार स्थानांतरित किया गया जिससे सरकार की छबि धूमिल हुई ऐसे में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन इन घटनाओं पर विचार करें जिस पर पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष कुमार गोयल ने संगठन को आश्वासन दिया सभी बिजली कंपनियों में किसी भी अभियंता कार्मिक के साथ कोई भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी जहां तक सवाल है केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार अधीक्षण अभियंता के 45 दिन में 5 बार स्थानांतरित किए जाने का उस पर पावर कारपोरेशन प्रबंधन सकारात्मक रूप से विचार कर मध्यांचल प्रबंधन को निरस्तीकरण हेतु निर्देश देगा।

दो पक्षीय वार्ता सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न होने के बाद पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने अपने केंद्रीय कार्य समिति की 5 बजे फील्ड हॉस्टल में आपात बैठक बुलाई गई जिसमें सर्व सम्मत से निर्णय लिया गया की पावर कॉरपोरेशन चेयरमैन के साथ वार्ता के बाद 18 जनवरी को काली पट्टी बांधकर विरोध किए जाने का आंदोलन फिलहाल स्थगित किया जाता है सभी सदस्य माननीय मुख्यमंत्री जी की नीतियों को बढाते हुए अपने कार्यों को यथावत जारी रखेगे।

# खाते में नहीं आ रही डीबीटी राशि, तो तुरंत खुलेगा इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाता

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** डाक विभाग ऐसे लोगों के लिए एक विशेष अभियान चलाएगा, जिनका बैंक खाता नहीं है अथवा आधार या मोबाइल से लिंक न होने के कारण उनके खाते में डीबीटी या सब्सिडी राशि ट्रांसफर नहीं हो पा रही है। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर यह अभियान प्रयागराज परिक्षेत्र के अधीन प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, मिर्ज़ापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, अमेठी जनपदों में 18 से 20 जनवरी के मध्य चलेगा। इस दौरान लोग अपने नजदीकी डाकघर में या डोरस्टेप पर इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का खाता तुरंत खुलवा सकते हैं।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार ने कहा कि इस अभियान के दौरान लोगों को डाकघरों में या सुदूर क्षेत्रों में ऑनस्पॉट उनके दरवाजे पर ही इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के खाते खोलने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सिर्फ आधार व मोबाईल नंबर के साथ यह खाता पेपरलेस रूप में खुलेगा, किसी भी प्रकार के अन्य कागजात या औपचारिकता की जरूरत नहीं होगी। मात्र 200 से इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का प्रीमियम खाता भी खोला जा सकता है। खाता खुलते ही आधार से लिंक एवं एनपीसीआई लिंक हो जाता है। इस खाते को तुरंत ऑनलाइन किया जा सकता है, जिससे सभी प्रकार की सब्सिडी जैसे- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, उज्ज्वला सब्सिडी, विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं की डीबीटी तुरंत आईपीपीबी खाते में प्राप्त होना शुरू हो जाएगी।

# बाथ एंड बॉडी वर्क्स ने यूपी के कानपुर में शुरू किया अपना पहला स्टोर

अवधनामा संवाददाता




**कानपुर।** दुनिया के प्रमुख रिटेलर्स और अमेरिका की सबसे पसंदीदा फ्रेगरेंस0 कंपनियों में से एक, बाथ एंड बॉडी वर्क्स ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में अपने पहले स्टोर की शुरुआत की है, जो कि ज़ेड स्क्वैयर मॉल में स्थित है। ग्लोबल फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल समूह, अपेरल ग्रुप ने वर्ष 2018 में बाथ एंड बॉडी वर्क्स की नींव भारत में रखी थी, और तब से ही यह ब्रैंड के लिए एक ओमनी चैनल अनुभव स्थापित करने में सक्षम है। इसने भारत में खुद को सबसे अधिक माँग वाले पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स और होम फ्रेगरेंस ब्रैंड के रूप में स्थापित किया है। कानपुर में शुरू किया गया बाथ एंड बॉडी वर्क्स स्टोर 1000 वर्ग फुट में फैला हुआ है, जो महिलाओं, पुरुषों और घर के लिए विशेष फ्रेगरेंसेस की विविध रेंज की पेशकश करेगा।

बाथ एंड बॉडी वर्क्स ने वर्ष 2018 से ही भारतीय बाजार में अपनी ऑफलाइन उपस्थिति का विस्तार करने की प्रतिबद्धता को जारी रखा हुआ है। ऐसे में, इसने नई दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर, चेन्नई, हैदराबाद, लखनऊ, चंडीगढ़ सहित 23 शहरों में 40 स्टोर्स का एक सार्थक नेटवर्क स्थापित किया है। वर्ष 2019 में, ब्रैंड ने भारत में अपना ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जारी किया, जिसका लक्ष्य एक ओमनी चैनल की सुदृढ़ उपस्थिति के माध्यम से टियर 2 और टियर 3 शहरों में अपनी पहुँच और उपस्थिति का विस्तार करना था। वर्तमान समय में, उपभोक्ता तेजी से डिजिटल और ब्रैंड पहुँच विकल्पों का चयन कर रहे हैं, ऐसे में बाथ एंड बॉडी वर्क्स ने भारत में ई-कॉमर्स के तेजी से बढ़ते चलन को गहनता से पहचानते हुए, नायका, मिंत्रा और अमेज़ॅन जैसे प्रमुख ब्यूटी और फैशन ई-रिटेलर्स के साथ साझेदारी करके अपनी ऑनलाइन उपस्थिति का सुदृढ़ता से विस्तार किया है।

## सांसद ने मुनव्वर राना के परिजनों को बंधाया ढांढस

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा, ओंकार नाथ सिंह, पूर्व महासचिव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं अन्य कांग्रस जनों के साथ आज दिनांक 16 जनवरी को मशहूर शायर स्वर्गीय मुनव्वर राना साहब के लालकुआं लखनऊ स्थित आवास पर जाकर उनके परिवारी जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की, और उन्हें ढॉढस बंधाया।

श्री तिवारी ने कहा कि स्व. मुनव्वर राना साहब के जाने से कलम से मॉं की बन्दगी करने वाला एक जॉबॉज बेटा सदा सर्वदा के लिये चला गया है । मैं हमेशा मुनव्वर राना साहब को सुनने के लिये हर मौका ढूँढ़ता रहता था। उनकी आवाज में सच्चाई का ‘अक्स’ था , जो सच लगा वह बिना अंजाम की परवाह किये कह दिया। उन्होंने कहा कि अदब की दुनिया का एक शहंशाह हमेशा के लिये चला गया। श्री तिवारी ने स्वर्गीय मुनव्वर राना साहब के परिजनों से मिलकर विपदा की इस घड़ी में उन्हें सांत्वना दी।

# व्यापारी महाकुंभ-24 से व्यापारियों को मिलेगी राजनीतिक ताकत

अवधनामा संवाददाता



- 28 को व्यापारी महाकुंभ में जुटेंगे प्रदेशभर से व्यापारी : अनुप शुक्ला

**लखनऊ।** मंगलवार को प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल द्वारा गोमती होटल हजरतगंज लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप शुक्ला का जोरदार स्वागत हुआ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप शुक्ला ने बताया कि आज व्यापारी परेशान है ऑन लाइन शॉपिंग से सभी का व्यापार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का उत्पीड़न बढ़ रहा है और व्यापारियों की हत्या और उनके साथ लूट की घटनाएं भी हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन घटनाओं और समस्याओं के समाधान हेतु तत्काल व्यापारी आयोग गठन बीमा जी एस टी को दो स्लैब में लाने मंडी शुल्क समाप्ति व्यापारियों का प्रतिशत के अनुसार राजनैतिक हिस्सेदाटी समेत अन्य प्रमुख मांगों को पूरा किया जाए।

डा अनुप शुक्ला ने बताया कि इन्हीं मांगों को उठाने के लिए व्यापारी महाकुंभ 2024 का आयोजन 28 जनवरी को सहकारिता भवन विधानसभा मार्ग लखनऊ में किया जा रहा है जिसमे प्रदेश के सभी जनपदों के व्यापारी नेता बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगों को रखेंगे। इन्हीं मांगों को लेकर अध्यक्ष डा अनुप शुक्ला के नेतृत्व में व्यापारी मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगे। इस अवसर पर गीता सिंह को महिला जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रेस वार्ता में राहुल गुप्ता जिलाध्यक्ष, डा पीसी गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, रेनू शाही प्रदेश महासचिव, डा अदिति सिंह महिला नेत्री, शिव बहादुर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय मौर्या प्रदेश सचिव, उपदेश सिंह प्रदेश सचिव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लोहड़ी पर खूब थिरके टीएमयू एमबीबीएस स्टुडेंट्स

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के मेडिकल स्टुडेंट्स की ओर से लोहड़ी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया।

ढोलों की थाप पर सैकड़ों छात्रों ने जबर्दस्त भंगड़ा किया। इससे पूर्व लोहड़ी में अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। साथ ही एमबीबीएस फर्स्ट ईयर से लेकर फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स ने रेबडी, मूंगफली, पॉपकॉर्न का प्रसाद चढ़ाकर मत्था टेका। जैसे ही छात्र थिरकते वैसे ही उनका ग्रुप उन्हें कंधें पर उठा लेता। सबनु लोहड़ी दी बधाई होवे..., यारों ने मेरे वास्ते क्या-क्या नहीं किया..., एनिमल मूवी के पंजाबी गीत अर्जन वैली..., तेरे मस्त-मस्त दो नैन... आदि गानों की थाप पर स्टुडेंट्स बार-बार थिरके। लोहड़ी के दौरान बोली भी चली... बारी बरसी खटन गया सी...खटके लेआंदी दी चाबी..., भंगड़ा ता सजदा जदों नचे सारे पंजाबी..।

एमबीबीएस फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स श्री ऋतिक नारंग, श्री कुशल गहलावत, श्री अनंत रंधावा, श्री शिव आशीष मलिक, श्री जतिन जुंड, श्री अर्पण रस्तोगी, थर्ड ईयर के स्टुडेंट्स श्री शशांक सैनी, श्री दिव्यम वर्मा, सेकेंड ईयर के स्टुडेंट्स श्री शिवा सोलंकी, श्री शांतनु तोमर और फर्स्ट ईयर के स्टुडेंट्स श्री आकाश पुरी आदि ने जमकर घंटों ठुमके लगाए। ये छात्र पंजाब, हरियाणा और यूपी से ताल्लुक रखते हैं। लोहड़ी प्रज्ज्वलन से



पूर्व फर्स्ट ईयर मेडिकल छात्रों ने रेलगाड़ी आई... की धुन पर मेडिकल कॉलेज के सामने बने गोल चक्कर के नृत्य के संग फेरे मारे। स्टुडेंट्स ने एक दूसरे के साथ लगे मिलकर लोहड़ी की बधाई दी। अंत में प्रसाद के रूप में रेबड़ी, मूंगफली और पॉपकॉर्न वितरित किए गए।

# कवि डॉ. कमलेश शर्मा को संत तुलसी सम्मान 2024 प्रदान किया गया

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम पर लिखी गई अपनी कविताओं से प्रसिद्ध हुए इटावा निवासी राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवि डॉ.कमलेश शर्मा को संत तुलसी सम्मान 2024 प्रदान किया गया। विगत दिवस लखनऊ में तुलसी शोध पीठ लखनऊ के द्वारा एक भव्य समारोह में कवि कमलेश शर्मा को उक्त सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि विधायक द्वय पंकज सिंह एवं नीरज बोरा थे अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार एवं हिंदी के विद्वान डॉ सूर्य प्रसाद दीक्षित रहे। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा ने विशेष रूप से कवि कमलेश शर्मा की रचनाधर्मिता और भगवान राम पर लिखी गई उनकी कविताओं के लिए उन की प्रशंसा करते हुए उन्हें उक्त महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त करने के लिए बधाई दी। उक्त समारोह लखनऊ के ऐतिहासिक ऐशबाग रामलीला मैदान में स्थित तुलसी सभागार में संपन्न हुआ। श्री शर्मा को उक्त महत्वपूर्ण सम्मान मिलने पर साहित्यकारों कवियों गौरव चौहान, कुमार मनोज, अवनीश त्रिपाठी, शिव गोपाल अवस्थी, अनुराग मिश्र, माधव गोविंद शुक्ला भगवानदास शर्मा प्रशांत आदि ने बधाई दी।

# मथुरा में मनाया बसपा सुप्रीमो मायावती का 68 वां जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद उत्तर प्रदेश की चार बार रहीं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती का 68 वां जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रुप में बनाया गया चन्दन वन फेस 2 आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे 19 पंचशील पार्क में आयोजित सभा के माध्यम से पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद उत्तर प्रदेश की चार बार रहीं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती को अपने अपने विचार व्यक्त कर की ढेरों सारी शुभकामनाएं सहित मिठाई व कंबल वितरण भी किया गाऐ मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री बसपा सरकार और 8 बार के मांट पूर्व विधायक पंडित श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि बहुजन समाज के लिए दिन रात संघर्ष करने वाली देश के अंदर पहली नेता हैं जिन्होंने बहुजन समाज के लिए बहुत कुछ किया है पूर्व चेयरमैन एस सी एस टी आयोग बसपा सरकार उत्तर प्रदेश और मंडल प्रभारी गोरे लाल जाटव ने कहा कि बहन जी के शासनकाल में कानून और शिक्षा का शासन था बहन बेटियां सुरक्षित थी और सभी लोगों को रोजगार मिल रहा था।

# अमिताभ, शिवांग द्विवेदी, सिद्धार्थ, प्रिंस, रिहान्स ने जीते गोल्ड मैडल

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** 40 वीं आफिसियल राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इटावा ताइक्वांडो के अमिताभ, शिवांग द्विवेदी, सिद्धार्थ, प्रिंस, रिहान्स ने जीते गोल्ड मैडल। राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हिलमेन स्कूल आगरा में सोमवार को संपन्न हुआ। उक्त जानकारी शिवजीत द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर इटावा ताइक्वांडो के प्रेजिडेंट व सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर आनंद मोहन ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। जो आगामी राष्ट्रीय ऑफिसियल ताइक्वांडो प्रतियोगिता सवाई माधोपुर राजस्थान में आयोजित होगी उसमे सभी विजेता खिलाडी भाग लेगे !ओर इटावा का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन करेंगे, साथ ही साथ इटावा ताइक्वांडो खेल संघ के सभी पदाधिकारीयों ने, डॉ कैलाश चंद्र यादव वाइस चेयरमैन/ संरक्षक, कोच सूरज मिश्रा व अमिता तिवारी, सयोजक संजीव चतुर्वेदी, डॉ. अभिषेक विक्रम, प्रदीप तोमर, अरविन्द प्रजापति, एडवोकेट योगेंद्र परिहार, रजनी भदौरिया, आदि पदाधिकारी ने विजेतायों के माता पिता को शुभकामनायें दी।

# रालोद नेता और समाजसेवी ने बांटे जरूरतमंदों को कंबल

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** भारतीय संस्कृति में विशेष कर हिंदुओं में मकर संक्रांति पर दान पुण्य का विशेष महत्व होता है इस दिन तमाम समाज से भी दानवीर पुरुष अपनी समर्थ के अनुसार गरीब निर्धन और असहाय लोगों को खिचड़ी के अलावा घर गृहस्ती में काम आने वाला परचून का सामान उनी कंबल और अन्य प्रकार की दैनिक जरूरत का सामान दान देकर पुन~लाभ कमाते हैं। राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी इंजीनियर बलवीर सिंह डायरेक्टर संचित एसोसिएट एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी मथुरा के अलावा श्रीमती नीलम सिंह तथा इंजीनियर संचित सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ मकर संक्रांति के महापर्व पर सैकड़ो जरूरतमंद लोगों जैसे गरीब मजदूर और असहाय व्यक्तियों को खाद्य सामग्री एवं गरम ऊनी कंबल वितरित किए गए जिन लोगों को उपहार स्वरूप सामग्री मिली उनके चेहरों पर खुशी की लहर देखी गई। इस संबंध में इंजीनियर बलवीर सिंह और नीलम सिंह ने बताया काली माता के महंत दिनेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में हमें पीड़ित मानवता की सेवा करने का मौका प्राप्त हुआ है ईश्वर से कामना करते हैं जो प्रण हमने शुरू किया है वह भविष्य में भी अनवरत जारी रहे। इस मौके पर बहादुर सिंह, सनी, अनिल कुमार , दीपक ठाकुर, जयप्रकाश ,धर्मेंद्र सिंह,अमित कुमार, रामू शर्मा, विनोद कुमार, एवं आशु अली आदि उपस्थित थे।

# दो दिवसीय शिविर के पहले दिन 72 रोगियों का परीक्षण किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** वरदान चौरिटेबल ट्रस्ट तथा मैत्री ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के सौजन्य से आयोजित निरूशुल्क हृदय रोग एवं सांस रोग परीक्षण शिविर में पहले दिन गांधी भवन में रोगियों का मेला सा दिखाई दिया। दो दिवसीय शिविर के पहले दिन 72 रोगियों का परीक्षण कर डॉ शांतनु सिंघल तथा डॉ ईशान वंदन ने उपचार की सलाह दी।

इस अवसर पर निःशुल्क हृदय एवं सांस रोग परीक्षण शिविर का शुभारंभ वरदान चौरिटेबल ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी अरुणेश बाजपेई तथा मैत्री ट्रस्ट के सचिव आर आर दोहरे ने संयुक्त रूप से किया। मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम टीम का स्वागत करते हुए ट्रस्टी अरुणेश वाजपेई ने बताया कि इस वर्ष शिविर में सामान्य परीक्षणों व परामर्श के साथ ही कुछ विशिष्ट टेस्ट भी हरदोई में पहली बार किए जाएंगे। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव अतुल कांत द्विवेदी तथा ट्रस्टी करुणा शंकर द्विवेदी ने मेदांता टीम के डॉ शांतनु सिंगल, डॉ ईशान वंदन, सभी टेक्निशियन्स एवं एस एस नर्सिंग स्कूल के टेक्निशियन्स का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के मैनेजर पुनीत श्रीवास्तव व राज ने सभी परीक्षण काउंटर की जानकारी देते हुए बताया कि हरदोई में पहली बार बीएमडी (बोन मिनरल टेस्ट) जिसके अंतर्गत हड्डियों की मजबूती का परीक्षण तथा पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट) जिसमें फेफड़ों की सुदृढ़ता की जांच की जाती है, के टेस्ट भी किए जाएंगे इसके अतिरिक्त बीपी तथा रेंडम ब्लड शुगर टेस्ट भी किए जाएंगे।

शुभारंभ अवसर पर वरदान ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी भुवन चतुर्वेदी तथा मैत्री ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी जस्टिस खेमकरन जी वर्चुअल रूप से सम्मिलित रहे वहीं वरदान ट्रस्ट की ओर से ट्रस्टी अविनाश चंद्र गुप्ता, अनिल श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव आलोकिता श्रीवास्तव, सरिता अग्रवाल, कर्ण सिंह ज्वाय सिंह, राकेश बाबू, प्रियांशु तथा मैत्री ट्रस्ट की ओर से छेदा लाल तथा शैलेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।परीक्षण कल भी 10: 00 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर में परीक्षण करने वाले रोगियों को मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम द्वारा वहां भर्ती होने वाले तथा परीक्षण करने में 10 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत की छूट की व्यवस्था की गई है। जिसके कूपन भी आवश्यकतानुसार तुरंत जारी किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नुमाइश व्यापारियों ने कराया खिचड़ी भोज



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** मकर सक्रांति के पावन पर्व पर सोमवार को प्रदर्शनी व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय रैना कश्मीरी के संयोजन में नुमाइश फब्बारे पर दिन में खिचड़ी भोज का कार्यक्रम किया जिसमें व्यापारियों के अलावा नुमाइश देखने आये लोगों को खिचड़ी भोज कराया गया। इस अवसर पर श्री रैना ने मकर सक्रांति पर्व की सभी व्यापारियों, नुमाइश कमेटी व नगर के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सोम गुप्ता, गोपाल जी अग्रवाल, रूप किशोर अग्रवाल, मोहम्मद दिलशाद चिश्ती (पहलवान), टीपू यादव, मोहम्मद रहीस, जितेंद्र सिंह, मोहम्मद सगीर, पंकज तिवारी, सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ग्लोबल पीस ने वृद्धाश्रम में बांटी खाद्य सामगी, वस्त्र



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** ग्लोबल पीस फाउंडेशन की ओर से भरथना में स्थित वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्गो को खाद्य सामग्री एवं वस्त्र आदि वितरित किए। इस दौरान बुजुर्गो ने अपने अनुभव साझा कर ग्रुप के सदस्यों को सहयोग के लिए आशीर्बाद दिया। ग्रुप की अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि बुजुर्गो के आशीर्बाद के फल स्वरुप हम समाज में दूसरे लोगों की मदद के लिए भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। ग्रुप के प्रत्येक सदस्य का यह संकल्प है कि वह समाज के हर जरूरतमंद लोगों तक अपनी मदद पहुंचाएगा। उपाध्यक्ष प्रभा गावा, सचिव गरिमा दुबे एवं नेहा दुबे शामिल रही।

### अवैध मदिरा निर्माण और बिक्री पर होगी कार्यवाही: आबकारी अधिकारी

**मथुरा।** जिला आबकारी अधिकारी कुमार प्रभात चन्द्र ने सूचित कराया है कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन आबकारी अनुभाग-1 के पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि आबकारी विभाग प्रदेश का राजस्व अर्जित करने वाला प्रमुख विभाग है। मादक वस्तुओं के अनौषधीय उपयोग के निषेध का उन्नयन, प्रवर्तन एवं प्रभावीकरण आबकारी प्रशासन की मौलिक नीति है। इस क्रम में विभाग सुनिश्चित करता है कि उपयुक्त पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण द्वारा मादक वस्तुओं की वैधानिक बिक्री से अधिकतम राजस्व प्राप्त किया जाये। यह कार्य शीरा एवं अल्कोहल के उत्पादन एवं समुचित वितरण के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है। देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग की दुकानों का व्यवस्थापन एवं मादक पदार्थों की अवैध बिक्री / मद्य निष्कर्षण की रोकथाम करना विभाग का प्रमुख कार्य है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में एचसीएल फाउंडेशन के तत्वावधान में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं में क्वालिटी के संबंध में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व एचसीएल परस्पर समन्वय कर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। भवनों में छोटे मरम्मत के कार्य कराए जाएं। अभिमुखीकरण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। अस्पतालों में बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। आरोग्य मंदिरों में सभी आवश्यक कार्य जल्द पूर्ण किये जायें। जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिया कि ग्राम प्रधानों के स्तर से आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर एक ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स गठित की जाए। सुविधाओं की एक चेकलिस्ट बनायी जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंदिरों में भजन, कीर्तन और साफ सफाई पर रखें विशेष ध्यानः शैलेंद्र

**मथुरा।** श्री रामोत्सव के अवसर पर दिनांक 14 जनवरी 2024 से 21 जनवरी 2024 अवधि में जनपद में स्थित समस्त कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों,विद्यालय एवं देव मंदिरों के आसपास एवं उनको जाने वाले रास्तों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। खाली प्लाटों में पड़े कूड़े के ढेरों एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक के रूप में एकत्रित अपशिष्ट को हटवाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई का कार्य कराया जा रहा है। सफाई कार्य हेतु जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली, श्रमिकों एवं सफाई कर्मियों को लगाकर युद्धस्तर पर कार्यों को गति प्रदान की गई है ।प्रसिद्ध देव मंदिरों पर साफ सफाई कार्य के अनुश्रवण हेतु नोडल अधिकारियों को तैनात किया गया है।

# किसान सोलर पंप के लिए आवेदन करेंः माथुर

**मथुरा।** उप कृषि निदेशक राम कुमार माथुर ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा, सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पी0एम0- कुसुम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान पर सोलर पम्प के लिए जनपद मथुरा को 3HP DC के 25, 3HP AC के 30, 5HP AC के 80, 7.5HP AC के 25, 10HP AC के 10 समर्सिबल सोलर पम्प स्थापित किये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसकी ऑनलाइन बुकिंग 19 जनवरी को समय 12 बजे प्रारम्भ होकर लक्ष्य की सीमा तक ही बुकिंग की जा सकेगी, कृषकों का विभागीय वेबसाइट www.agriculture.up.gov.in पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पंजीकृत कृषकों को पहले आओ पहले पाओं के आधार पर बुकिंग हेतु विभागीय वेबसाइट www .agriculture . up. gov.in पर अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बुकिंग करे, लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग की जायेगी जिसमे ऑनलाइन टोकन जनरेट करने के उपरान्त टोकन मनी के रूप में रूपये 5000 ऑनलाइन जमा करना होगा। शेष कृषक अंश की धनराशि कृषकों को चालान के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा करनी होगी, अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा और टोकन की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई एमवीडीए की बैठक, विकास कार्यों की समीक्षा भी की

**पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किये जा रहे कार्य की धीमी प्रगति पर जताई नाराज़गी, जलनिगम को दी चेतावनी - निर्धारित समय पर पूरा करें काम, अन्यथा निलंबन के साथ एफआईआर होगी दर्ज़**

**अवधनामा संवाददाता**

- वृंदावन में दो रुट पर रोपवे के प्रस्ताव को दी मंजूरी, पहले छोटे रुट के रोपवे के डीपीआर को स्वीकृत करा कार्य शुरू करने के दिये निर्देश
- श्री बांके बिहारी जी मंदिर पर निश्शुल्क पर्ची के माध्यम से निर्धारित समय में दर्शन कराने की व्यवस्था हेतु मॉक ट्रायल शुरू करने के दिये निर्देश, गेट पर लगाये जायेंगे मल्टीपल स्कैनर
- वृंदावन की तरह बरसाना, नंदगांव एवं जैत में बनेगा टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर, परिक्रमा मार्ग पर सौंदर्यीकरण से जुड़े सभी कार्य जनवरी माह के अंत तक पूरा करने के मंडलायुक्त महोदया ने दिए निर्देश

**मथुरा।** मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में वृंदावन स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र (टीएफसी) पर मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण, बृज तीर्थ विकास परिषद, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, जल निगम आदि विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के आंकलन हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि वृंदावन को जोड़ने वाली विभिन्न सड़क मार्गों पर स्पेशलाइज्ड कैमरा / मशीनरी लगाई जाए जिससे वृंदावन आने वाले वाहनों की संख्या का आंकलन किया जा सके। मथुरा वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा 200 कैमरे का टेंडर दे दिया गया है, जिससे यह आंकलन लगाया जा सकेगा कि कितने श्रद्धालु वृंदावन आ रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न पार्किंग के टेंडर की प्रक्रिया में तेजी लाएं। जिस पर बृज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ ने बताया कि मंडी एवं पानी गांव की पार्किंग के संबंध में कार्य चल रहा है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि पार्किंग मॉर्डन होनी चाहिए जो हमें डाटा दे सके कि कितनी गाड़ियां आई तथा कितने श्रद्धालु आए है दर्शन करने।

उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ ने बृज की संपूर्ण परिक्रमा जो 265 किलोमीटर की है, उसके संबंध में मंडलायुक्त को जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 158, राजस्थान में 71 तथा हरियाणा में 36 किलोमीटर की परिक्रमा पड़ती है। उत्तर प्रदेश में 2 खंड अलीगढ़ तथा 2 खंड मथुरा लोक निर्माण विभाग में आते है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि उक्त 84 कोस परिक्रमा मार्ग के विकास के संबंध में भारत सरकार एवं शासन को पत्र प्रेषित करवाए।

मंडलायुक्त ने वृंदावन एक्सप्रेसवे से पागल बाबा मंदिर तक चल रहे कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित पीडब्ल्यूडी अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि उक्त कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने राया से लक्ष्मी नगर तक चल रहे सड़क मार्गो के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ओल्ड मथुरा सिटी को जोड़ते हुए वृंदावन हेरिटेज सिटी बनाये जाने का प्रस्ताव रखा, जिसमें श्रीबांके बिहारी मंदिर से होते हुए लिंक रोड़ भी बनाई जाएगी। यातायात व्यवस्था हेतु सुनरख आरक्षित वन की जमीन पर लगभग 2 हेक्टेयर क्षेत्र में भूमि हस्तांतरण कर पार्किंग का प्रस्ताव रखा गया जिसे मंडलायुक्त द्वारा स्वीकृति दी गयी। मंडलायुक्त महोदया ने वृंदावन में पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत किए जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि रेजिडेंशियल, कमर्शियल तथा इंडस्ट्रियल जोन में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने रोप-वे के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि उक्त रोपवे कार्य में छोटे मार्ग के काम को पहले कराए। जिस पर सीईओ ने बताया कि दो रोपवे के प्रस्ताव के डीपीआर भेजे गए है। जैसे ही शासन से अनुमति प्राप्त होगी कार्य चालू कराया जायेगा। मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त को आईटीएमएस, आईसीसीसी, सीसीटीवी कैमरा हार्डवेयर, क्लाउड स्टोरेज आदि कार्यों के प्रस्तावों को एक साथ जोड़ने के निर्देश दिए। 12.8 किमी लंबे मथुरा वृंदावन रेल मार्ग की समीक्षा में मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि डीआरएम, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई तथा संबंधित विभागों के साथ उनकी बैठक कराएं तथा किए गए निर्णय पर भारत सरकार के सचिवों को पत्र प्रेषित करवाएं। श्री बांके बिहारी जी मंदिर पर निन्शुल्क पर्ची के माध्यम से दर्शन करने की व्यवस्था का मॉक ट्रायल कराया जाए, जिसमे 100-200 लोगों को मंदिर बंद होने के उपरांत ट्रायल के रूप में पर्ची सिस्टम को अपनाते हुए समय, भीड़, व्यवस्थित रूप आदि का जायजा लिया जाए। उन्होंने कहा कि नि~ शुल्क पर्ची के माध्यम से दर्शन की व्यवस्था को माननीय जन प्रतिनिधियों, मंदिर प्रबंधकों, गोस्वामियो आदि के समक्ष रखते हुए उनके सुझावों को अमल में लाते हुए कार्य करिए। निन्शुल्क पर्ची के माध्यम से श्री बांके बिहारी जी मंदिर के दर्शन के लिए की जाने वाली व्यवस्था हेतु जगह का चिन्हांकन करे जहां पर स्कैनर, सुरक्षा हेतु मल्टीपल एंट्री गेट और बैरिकेडिंग आदि लगाया जाए तथा अगली बैठक में उक्त कार्य की बेहतर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करे।

### तीन गौ तस्कर लगे पुलिस के हाथ

**मथुरा।** पुलिस और एसओजी टीम की मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए गौ तस्कर।गांव खायरा के जंगल मे रात को गोवध कर मांस लेने की फिराक में आए गोकशों के मंसूबों को एसओजी टीम के सहयोग से सुरीर पुलिस ने नाकाम कर दिया।जंगल में गोकशों के होने की मिली जानकारी पर इनकी पुलिस और एसओजी टीम द्वारा घेराबंदी की गई।पुलिस को सामने देखकर गोकशों ने फायरिंग शुरू कर दी।मुठभेड़ में दो गोकश गोली लगने से घायल हो गए।और एक को गिरफ्तार कर लिया गया।वहीं पकड़े गए तीनों तस्कर पड़ोसी जिले अलीगढ़ के खैर कस्बा के रहने वाले हैं।इन्हीं ने कुछ दिन पहले गांव भदनवारा के जंगल में गोवध की घटना को अंजाम दिया था।पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए इन तीनों को पकड़ लिया गया।पकड़े गए गौ तस्करो 315 बोर के दो तमंचा चार जिंदा और इतने ही खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं।

# मंदिरों के आसपास सफाई और पर्याप्त लाइटिंग के लिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, नगर आयुक्त शशांक चौधरी, सचिव एमवीडीए राजेश कुमार, ओएसडी एमवीडीए प्रसून द्विवेदी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ परिक्रमा मार्ग एवं केसी घाट का मुख्यतः निरीक्षण किया। उन्होंने गोल्फ कार्ट के माध्यम से परिक्रमा मार्ग पर चल रहे विभिन्न कार्यो का जायजा लिया। कच्चा परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं के पैदल चाल को सुगम बनाने हेतु मिट्टी डाली जा रही थी। मार्ग के बीच-बीच में पेड़ों को किनारे व्यवस्थित रूप से शिफ्टिंग कराने के निर्देश दिए। दोनों तरफ की दीवारों को एक समतल कर थीम पेंटिंग का कार्य कराने को कहा। अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा से अतिक्रमण न हो इसके लिए अगले 2-3 महीने तक अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया।ततपश्चात केसी घाट का निरीक्षण किया गया। यहां नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन बना ठेल-ढकेलों को व्यवस्थित रूप से खड़ा किया गया। अधिकारियों संग नाव के माध्यम से विभिन्न घाटों का अवलोकन किया। उन्होंने सचिव एमवीडीए और नगरायुक्त को निर्देश दिए कि प्रमुख घाटों का सौंदर्यीकरण एवं घाटों पर स्थित विशेष मंदिरों पर फ़साड़ लाइटिंग कराना सुनिश्चित करे।

# निरंकारी मिशन के भक्ति पर्व पर हुआ सत्संग

**अवधनामा संवाददाता**

- ब्रह्मानुभूति के बाद समझ आता है भक्ति का महत्वः डा प्रवीण खुल्लर

**मथुरा।** निरंकारी मिशन के भक्ति पर्व पर मथुरा के हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर आयोजित सत्संग में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से आयी संत निरंकारी मंडल मुख्यालय सचिव एवं मानव संसाधन विभाग की मेम्बर इंचार्ज डा. प्रवीण खुल्लर ने भक्ति मार्ग पर अग्रसर होने हेतु प्रेरित किया तथा सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं और पुरातन संतों की भक्ति भावना से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि एक भक्त के लिए जीवन में भक्ति का बहुत बड़ा महत्व है, लेकिन भक्ति के लिए भक्त और भगवान, दोनों का होना बहुत जरूरी है। भक्ति की पूर्णता ही तभी है जब समुख भगवान हो। सतगुरू की कृपा से जब परमात्मा का बोध हो जाता है, तभी भक्ति वास्तविक रूप में शुरू होती है। ब्रह्मानुभूति के बाद ही भक्ति का महत्व समझ आता है। बहन प्रवीण खुल्लर जी ने कहा कि भक्ति पर्व परम गुरूभक्त संत सन्तोख सिंह जी एवं उन सभी संतों भक्तों के तप-त्याग को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी के प्रचार प्रसार हेतु निरंतर प्रयास किया और जीवनपर्यत अटुट व समर्पित भक्ति का परिचय दिया। हमें ऐसे संत - भक्तों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को भी भक्तिभाव से सजाना है। उन्होंने कहा कि प्रतिपल समर्पित भाव से जीवन जीने का नाम ही भक्ति है जिसमें जीवन का हर पल उत्सव के समान बन जाता है। उन्होंने कहा कि भक्ति का आधार सेवा, सुमिरन, सत्संग है जिसमें हमने सभी से मीठा बोलते हुए सभी के लिए परोपकार की भावना रखनी है किन्तु यह धारणा वास्तविक रूप में होनी चाहिए न कि दिखावे वाली। भक्ति स्वंय की यात्रा है इस दातार से जुड़ने का एक सरल मार्ग है। ऐसी भक्ति ही जीवन को सार्थक बनाती है और दुनियावी दिखावों से मुक्त करती है। इसलिए हमारा जुड़ाव क्षणभंगुरन दृश्यों से नहीं, बल्कि स्थिर परमात्मा से हो और इसप्रकार संतों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपनी भक्ति को दृढ़ बनाना है।भक्ति पर्व पर बहन सरस्वती, एलपी भट्टराई, अशोक खुल्लर, ओपी अरोड़ा सहित दिल्ली, गुरूग्राम आदि विभिन्न स्थानों से आए वक्ताओं ने भक्ति के विविध रूपों को गीत-भजन और विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। मथुरा के जोनल इंचार्ज एचके अरोड़ा ने संत - भक्तों का स्वागत कर आभार प्रकट किया।

निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि सत्संग के उपरांत निरंकारी मंडल की मुख्यालय सचिव बहन प्रवीण खुल्लर जी ने सभी के साथ जमीन पर बैठकर सामुहिक रूप से लंगर प्राप्त करके समानता और सादगी का अद्भुत नमूना पेश किया।

# खजानी के दान उत्सव में हुआ सबसे बड़ा जठराग्नि शांति यज्ञ

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** खजनी वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा मकर संक्रांति के पावन उत्सव पर दान उत्सव का आयोजन किया गया। खजनी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आभा महेश्वरी एवं डॉ हरिमोहन महेश्वरी द्वारा अपने सभी पदाधिकारी के साथ इस कार्यक्रम को आयोजित करने की रूपरेखा बनाई गई जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों को समिति के माध्यम से सहायता पहुंचाई जा सके परिणाम स्वरूप सोच से भी बहुत अधिक लोगों ने मिलकर एक साथ एक सामाजिक परिवर्तन के लिए आज कार्य किया। अनगिनत कंबल, गर्म चदरे, गर्म कपड़े, टॉर्च, बैग, चप्पल, टोपे, मोजे और ढेर सारा खाने का सामान अनेको प्रकार के बिस्कुट, चिप्स और अन्य प्रकार के खाद्य पदार्थ, खचड़ी के वितरण करने के लिए युवा, महिलाएं और बच्चे मिल कर सामने आए और बेहद समर्पण और दिलो जान से इस दिन दान पुण्य का कार्य किया। पूरा वातावरण बेहद सकारात्मक और भावपूर्ण था। हर एक को एक ही जुनून और जज्बा था कि आज उन लोगों के चेहरे पर मुस्कराहट लानी है जो इस ठंड और परेशानी से बेहद उदास हो गए हैं। अध्यक्ष डॉक्टर हरिमोहन माहेश्वरी ने बताया कि हम सभी चाहते हैं कि समाज के उसे टपके की सहायता की जाए जो आज भी समस्याओं से जो पूछ रहा है परंतु सब एक माध्यम की कमी होती है खजनी वेलफेयर सोसाइटी ने एक ऐसा प्लेटफार्म बनाने की कोशिश की।

# मेसी ने तीसरी बार जीता फीफा का बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड, हालैंड और म्बाप्पे को पछाड़ा



लियोनेल मेसी ने अर्लिंग हालैंड को टाइब्रेकर में हराकर फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरूष फुटबॉलर का पुरस्कार जीता। राष्ट्रीय टीम के कोचों, कप्तानों, चुनिंदा पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा आनलाइन की गई वोटिंग के आधार पर मेस्सी और हालैंड दोनों को 48 अंक मिले। दुनिया के बेहतरीन फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अर्लिंग हालैंड को टाइब्रेकर में हराकर फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरूष फुटबॉलर का पुरस्कार जीता। राष्ट्रीय टीम के कोचों, कप्तानों, चुनिंदा पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा आनलाइन की गई वोटिंग के आधार पर मेस्सी और हालैंड दोनों को 48 अंक मिले।

टाइब्रेकर में फैसला राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों द्वारा '5 प्वाइंट ' स्कोर या पहले स्थान पर रखे जाने के आधार पर किया गया। मेस्सी को 15 साल में आठवीं बार यह पुरस्कार मिला है। काइलियान एमबाप्पे तीसरे स्थान पर रहे। कोई भी खिलाड़ी पुरस्कार लेने नहीं पहुंचा था। पेरिस सेंट जर्मेन छोड़कर इंटर मियामी से जुड़ेमेस्सी ने पिछले साल अक्टूबर में हालैंड और एमबाप्पे को हराकर आठवीं बार बलोन डिओर पुरस्कार जीता था।

महिला वर्ग में स्पेन की विश्व कप चैम्पियन ऐताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पिछले साल बलोन डिओर भी जीता था। वह विश्व कप और चैम्पियंस लीग दोनों में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही थीं। मैनचेस्टर युनाइटेड के कोच पेप गार्डियोला को पुरूष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच और इंग्लैंड की सरीना वीगमैन को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार मिला।

## शूटिंग में लक्ष्य श्योराण ओलंपिक कोटे से चूके, ब्रॉन्ज मेडल से करना पड़ा संतोष

लक्ष्य श्योराण ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। लेकिन पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से मामलू अंतर से चूक गए। श्योराण 50 शॉट के फाइनल में तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई खेलों के सिल्वर मेडल विजेता लक्ष्य श्योराण ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। लेकिन पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से मामलू अंतर से चूक गए। श्योराण 50 शॉट के फाइनल में तीसरे स्थान पर रहे। 15 साल की उम्र में ईरान के मोहम्मद बेरानवांड ने गोल्ड जीतकर पहला कोटा हासिल किया। जबकि चीन के गुओ युहाओ को सिल्वर मेडल के साथ दूसरा कोटा मिला। श्योराण और गुओ के बीच 40 शॉट के बाद टाई हुआ था, लेकिन शूटआफ में चीनी निशानेबाज ने बाजी मार ली। इससे पहले वह क्वालीफिकेशन दौर के बाद 119 अंक के साथ चौथे स्थान पर थे।

# सुमित नागल ने रचा इतिहास,आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे, 27वें नंबर के खिलाड़ी को हराया

भारत के सुमित नागल ने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को सीधे सेटों में हराकर अपने कैरियर में पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। 26 वर्ष के नागल क्वालीफायर के रास्ते मुख्य ड्रॉ में पहुंचे हैं। उन्होंने 31वीं वरीयता प्राप्त बुबलिक को दो घंटे 38 मिनट तक चले मैच में 6.4, 6.2, 7.6 से मात दी। नागल आस्ट्रेलियाई ओपन में पहली बार दूसरे दौर तक पहुंचे हैं। वह 2021 में पहले दौर में लिथुआनिया के रिकार्डास बेरांकिस से 2.6, 5.7, 3.6 से हार गए थे।

विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर काबिज नागल अपने कैरियर में दूसरी बार किसी ग्रैंडस्लैम का दूसरा दौर खेलेंगे। वह 2020 अमेरिकी



ओपन के दूसरे दौर में डोमिनिक थिएम से हारे थे जो बाद में चैम्पियन बने। नागल की जीत के साथ ही 35 साल में पहली बार किसी भारतीय ने ग्रैंडस्लैम एकल में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया है। आखिरी बार 1989 में रमेश कृष्णन ने मैट विलांडर को मात दी थी जो उस समय दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और आस्ट्रेलियाई ओपन में मौजूदा चैम्पियन थे।

नागल की शुरूआत शानदार रही और पहले ही गेम में उन्होंने बुबलिक की सर्विस तोड़ी लेकिन अपनी सर्विस भी बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने फिर बुबलिक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 42 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बुबलिक की सर्विस दो बार तोड़ी और अपनी बरकरार रखकर 43 मिनट में जीत दर्ज की। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने सातवें गेम तक अपनी सर्विस टूटने नहीं दी। इसके बाद नागल ने सर्विस तोड़कर 4.3 की बढत बनाई और यह 5.3 कर दी। यह सेट टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें नागल 7.5 से विजयी रहे।

नागल टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग फाइनल में स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकान को 6.4, 6.4 से हराकर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। उन्होंने 2019 में अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ ग्रैंडस्लैम में पदार्पण किया था। उन्होंने फेडरर को एक सेट में हराया भी लेकिन मैच 6.4, 1.6, 2.6, 4.6 से हार गए। अमेरिकी ओपन 2020 के पहले दौर में उन्होंने अमेरिका के ब्राडले क्लान को 6.1, 6.3, 3.6, 6.1 से हराया था।

# मित नागल ने किया कमाल, ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के दूसरे दौर में बनाई जगह

सुमित नागल ने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-4, 6-2, 7-6 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में एंट्री की है। बता दें कि, वे पहली बार और ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य दौर में खेल चुके हैं।

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने बड़ा कारनामा किया है। दरअसल, सुमित ने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-4, 6-2, 7-6 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में एंट्री की है। बता दें कि, वे पहली बार और ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य दौर में खेल चुके हैं, लेकिन पहले ही दौर में बाहर हो गए थे, लेकिन इस बार वे दूसरे दौर में पहुंच गए हैं।

भारत के इस युवा खिलाड़ी और भारत के लिए ये बड़ी उपलब्धि है।



35 वर्षों में किसी ग्रैंडस्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले सुमित पहले भारतीय हैं।आखिरी बार 1989 में रमेश कृष्णन ने मैट विलांडर को मात दी थी जो उस समय दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और आस्ट्रेलियाई ओपन में मौजूदा चैम्पियन थे।

उन्होंने पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम इवेंट के दूसरे दौर में पहुंचे हैं। 2021में भी ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड एंट्री करके जगह बनाई थी, लेकिन पहले ही मुकाबले में उनको हार झेलनी पड़ी। हालांकि, इस बार वे क्वालिफाइंग राउंड के जरिए मुख्य ड्रॉ में शामिल हुए और अब पहले दौर का मुकाबला भी जीत लिया है।

2 घंटे 37 मिनट तक चले इस मुकाबले में सुमित नागल ने एलेक्जेंडर बुब्लिक के खिलाफ सुमित ने जीत दर्ज की। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी अब दूसरे दौर के अपने मैच में 18 जनवरी को किसी अन्य खिलाड़ी से भिड़ना होगा।

वहीं नागल की शुरूआत शानदार रही और पहले ही गेम में उन्होंने बुबलिक की सर्विस तोड़ी लेकिन अपनी सर्विस भी बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने फिर बुबलिक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 42 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बुबलिक की सर्विस दो बार तोड़ी और अपनी बरकरार रखकर 43 मिनट में जीत दर्ज की। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने सातवें गेम तक अपनी सर्विस टूटने नहीं दी। इसके बाद नागल ने सर्विस तोड़कर 4.3 की बढत बनाई और यह 5.3 कर दी। यह सेट टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें नागल 7.5 से विजयी रहे।

# पार्थिव पटेल का जितेश शर्मा को लेकर बड़ा दावा, कहा उनका टी20 वर्ल्ड कप में खेलना लगभग तय

पार्थिव पटेल का मानना है कि युवा क्रिकेटर जितेश शर्मा का टी20 वर्ल्ड कप 2024 टीम में जगह बनाना लगभग तय है। इसका कारण जितेश का तेज अंदाज में बल्लेबाजी करना नहीं, बल्कि संयोजन है। जितेश शर्मा वही भूमिका रहे हैं जो 2022 वर्ल्ड कप में दिनेश कार्तिक ने निभाई थी।

भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल का मानना है कि युवा क्रिकेटर जितेश शर्मा का टी20 वर्ल्ड कप 2024 टीम में जगह बनाना लगभग तय है। इसका कारण जितेश का तेज अंदाज में बल्लेबाजी करना नहीं, बल्कि संयोजन है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर के अनुसार, जितेश शर्मा वही भूमिका रहे हैं जो 2022 वर्ल्ड कप में दिनेश कार्तिक ने निभाई थी। वह निचले क्रम में बल्लेबाजी कर रहे हैं जितेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में 20 गेंदों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 31 रन बनाए थे जबकि दूसरे मैच में वह बिना खाता खोले ही आउट हो गए।

पार्थिव पटेल ने जियो सिनेमा से कहा कि, भारत का विकल्प शायद एक ऐसा विकेटकीपर



रखना है जो निचले क्रम में बल्लेबाजी कर सके। अगर आपको निचले क्रम पर बल्लेबाजी करनी है तो आपको एक विनाशकारी बल्लेबाज की जरूरत है। जितेश शर्मा जिस तरह से खेल रहे हैं वह एक बेहद अच्छा विकल्प हैं और मुझे लगता है कि टी20 वर्ल्ड कप के लिए उनका टिकट थोड़ा छपना शुरू हो गया है।

टी20 में रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी के साथ, भारतीय टीम प्रबंधन के लिए चयन सिरदर्द बना हुआ है। सीधे शब्दों में कहें तो कोहली-रोहित ने सुनिश्चित किया है कि शीर्ष क्रम में किसी और को मौका न मिले। इसलिए, ईशान किशन और संजू सैमसन का भी प्लेइंग इलेवन में जगह बनाना संदिग्ध है क्योंकि दोनों टॉप 5 में बल्लेबाजी करते हैं।

इससे फिनिशर के लिए फिनिशर के लिए विकल्प खुला रह जाता है जो फिनिशर की भूमिका बखूबी निभा सकता है। जितेश शर्मा ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, उन्होंने लगातार 20 और 30 रन नहीं बनाए हैं, लेकिन उन्होंने 20 गेंदों में 31, 19 गेंदों में 35 और 16 गेंदों में 24 रन जैसी पारियां खेली हैं।

# ऋतिक रोशन की लक्ष्य से लेकर फाइटर तक, भारतीय सेना पर आधारित बॉलीवुड फिल्में

आज मनाए जाने वाले सेना दिवस के मौके पर बॉलीवुड ने अपने देश की रक्षा के लिए भारतीय सेना और उसके वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए बेहतरीन फिल्में बनाकर देशभक्ति की ओर कदम बढ़ाया है। इन फिल्मों को देखकर हर देशवासी का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है और देशभक्ति जाग जाती है।

आज मनाए जाने वाले सेना दिवस के मौके पर बॉलीवुड ने अपने देश की रक्षा के लिए भारतीय सेना और उसके वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए बेहतरीन फिल्में बनाकर देशभक्ति की ओर कदम बढ़ाया है। इन फिल्मों को देखकर हर देशवासी का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है और देशभक्ति जाग जाती है। आइए एक नजर डालते हैं उन फिल्मों पर जो दिखाती हैं सैनिकों का जज्बा।

***लक्ष्य***

लक्ष्य 18 जून 2004 को रिलीज़ हुई थी। यह फिल्म एक किशोर करण शेरगिल की कहानी बताती है, जिसके पास कोई लक्ष्य नहीं था। लेकिन एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने उन्हें सेना में शामिल होने और अपने देश की सेवा करने के लिए दृढ़ संकल्पित कर दिया। फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा और अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में हैं।

***बॉर्डर***

इस फिल्म के गाने सुनकर आज भी लोग पुरानी यादों में खो जाते हैं। 1997 में रिलीज हुई यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। जे.पी.दत्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सनी देओल, सुनील शेट्टी, अक्षय खन्ना, जैकी श्रॉफ और कुलभूषण खरबंदा जैसे अन्य कलाकार थे।

***एलओसी : कारगिल***

2003 में रिलीज़ हुई, कारगिल, यह फिल्म भारतीय सेना पर आधारित है और इसका निर्देशन



जे.पी.दत्ता ने किया है। फिल्म में संजय दत्त, अजय देवगन और अभिषेक बच्चन ने अभिनय किया था।

***उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक***

उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक 2019 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 2016 में उरी बेस पर हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक की कहानी बताती है। भारतीय सेना ने उरी घटना का बदला लेने के लिए पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक भी की थी। आदित्य धर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं।

***शेरशाह***

शेरशाह 12 अगस्त 2021 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की बायोपिक पर आधारित है। यह फिल्म कारगिल युद्ध के दौरान लड़ने वाले भारतीय सैनिकों की बहादुरी का जश्न मनाती है। इसमें विक्रम बत्रा के अलावा कई वीरों की वीरता को प्रस्तुत किया गया है. फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में हैं।

***फाइटर***

फाइटर एक आगामी फिल्म है जो 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर भी हैं, फिल्म में करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय, तलत अजीज और आमिर नाइक भी हैं। दूसरों के बीच में। फाइटर एक योजनाबद्ध हवाई एक्शन फ्रेंचाइजी में पहली फिल्म के रूप में काम करती है।

# राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह से पहले अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में 14.5 करोड़ रुपये का खरीदा प्लॉट

अमिताभ बच्चन उन प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं जिन्होंने अपने अभिनय कौशल और आकर्षण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। कई प्रतिष्ठित फिल्मों में अभिनय कर चुके दिग्गज अभिनेता ने कथित तौर पर अयोध्या में 14.5 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी है।



अमिताभ बच्चन उन प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं जिन्होंने अपने अभिनय कौशल और आकर्षण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। कई प्रतिष्ठित फिल्मों में अभिनय कर चुके दिग्गज अभिनेता ने कथित तौर पर अयोध्या में 14.5 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी है। मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या दुनिया के सबसे बड़े पर्यटन स्थलों में से एक बनकर उभरने जा रही है। सरकार और जनता को यहां बड़ी आर्थिक गतिविधियों की उम्मीद है। इसके चलते यहां जमीन की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, अमिताभ बच्चन ने मुंबई स्थित डेवलपर कंपनी द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के जरिए अयोध्या में एक प्लॉट खरीदा है। यह प्लॉट द सरयू नामक 7 सितारा बहुउद्देश्यीय एक्सक्लेव में स्थित है। अयोध्या में प्लॉट खरीदने को लेकर अमिताभ बच्चन का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या एक ऐसा शहर है जो मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। अयोध्या की शाश्वत आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समृद्धि ने एक भावनात्मक संबंध बनाया है जो भौगोलिक सीमाओं से परे है। यह अयोध्या की आत्मा में एक हार्दिक यात्रा की शुरुआत है, जहां परंपरा और आधुनिकता मूल रूप से सह-अस्तित्व में हैं। उन्होंने कहा कि वह वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी अयोध्या में अपना घर बनाने के लिए उत्सुक हैं। द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा द्वारा साझा किए गए ब्रोशर के अनुसार, अयोध्या शहर में 1250 वर्ग फुट जमीन की कीमत 1.80 करोड़ रुपये, 1500 वर्ग फुट जमीन की कीमत 2.35 करोड़ रुपये और 1750 वर्ग फुट जमीन की कीमत है। 2.50 करोड़ रुपये है। अमिताभ बच्चन ने जहां प्लॉट खरीदा है वहां से राम मंदिर 10 मिनट की दूरी पर है, अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट 20 मिनट की दूरी पर है और सरयू नदी 2 मिनट की दूरी पर है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। इसी तारीख को राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

# एनिमल ओटीटी रिलीज में होगी देरी होगी? इस कारण से रणबीर कपूर की फिल्म की स्ट्रीमिंग पर लगी सेंध, निर्माता पहुंचे कोर्ट



संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित रणबीर कपूर और बॉबी देओल की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही। यह 1 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में पहुंची और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की।

संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित रणबीर कपूर और बॉबी देओल की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही। यह 1 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में पहुंची और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। अब फैंस इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनिमल के नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने की उम्मीद है। खबर है कि रणबीर कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, अनिल कपूर और अन्य अभिनीत एनिमल 26 जनवरी, 2024 से स्ट्रीमिंग शुरू कर देगी। हालांकि, अब इसमें एक अदालती मामला शामिल है। रिपोर्टों से पता चलता है कि कथित सह-निर्माता सिने1 स्टूडियोज ने भुगतान न करने पर टी-सीरीज़ पर मुकदमा दायर किया है और एनिमल की ओटीटी रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है।

डीएनए की एक रिपोर्ट के अनुसार, सिने1 स्टूडियोज ने दिल्ली उच्च न्यायालय में टी-सीरीज़ के खिलाफ मामला दायर किया है और दावा किया है कि प्रोडक्शन हाउस ने एनिमल के बौद्धिक संपदा अधिकारों में अपना हिस्सा नहीं चुकाया है। शिकायतकर्ता ने कथित तौर पर तर्क दिया है कि प्रोडक्शन हाउस ने एक अनुबंध में प्रवेश किया था जिसके तहत सिने1 स्टूडियोज के पास 35 प्रतिशत लाभ हिस्सेदारी थी, साथ ही यह भी दावा किया कि वह बौद्धिक संपदा अधिकारों के माध्यम से 35 प्रतिशत हिस्सेदारी का हकदार है। यह कहते हुए कि हस्ताक्षरित अधिग्रहण समझौते का उल्लंघन हुआ है, सिने1 स्टूडियोज ने मांग की है कि एनिमल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ नहीं किया जाना चाहिए।

रिपोर्ट में सिने1 की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने कहा, वे (टी-सीरीज़) सारा पैसा इकट्ठा कर रहे हैं लेकिन मुझे एक पैसा भी नहीं दिया गया... मेरा उनके साथ एक लंबा रिश्ता है लेकिन वे इसका सम्मान नहीं करते हैं। समझौता। मेरे मन में रिश्ते और अनुबंध की पवित्रता का सम्मान था, इसलिए, मैंने अदालत में जल्दबाजी नहीं की।

दूसरी ओर, टी-सीरीज़ की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अमित सिब्बल ने दावा किया कि सिने1 स्टूडियोज़ ने फिल्म में पैसा नहीं लगाया और 2.6 करोड़ रुपये में सभी बौद्धिक संपदा अधिकार छोड़ दिए। 2 अगस्त 2022 को कॉन्ट्रैक्ट में संशोधन किया गया और उसके मुताबिक 2.6 करोड़ रुपये दिए गए। इस मामले में अगली सुनवाई 18 जनवरी 2024 को होने वाली है। देखना होगा कि इस कोर्ट केस के कारण रणबीर कपूर की एनिमल की ओटीटी रिलीज में देरी होती है या नहीं।

# आमिर खान की बेटी आयरा खान के रिसेप्शन की तस्वीरें सामने आयी



टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने आखिरकार अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन करण शर्मा के साथ अपनी शादी की घोषणा कर दी है। उनकी शादी की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। लेकिन आखरिकार इस जोड़े ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर दी है।

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने उड़ान में देरी के दौरान एयरलाइन क्रू का बचाव करने के लिए अपने ट्विटर प्रोफाइल का सहारा लिया। सर्द मौसम और कोहरे के कारण देशभर में कई उड़ानें देरी से चल रही हैं। कई टीवी और फिल्म अभिनेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कई एयरलाइनों की उनके कुप्रबंधन के लिए आलोचना की। लेकिन इन सबके उलट सूद एयरलाइन के समर्थन में आ गए और लोगों से केबिन के साथ शांति से निपटने का अनुरोध किया। इसके अलावा टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने आखिरकार अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन करण शर्मा के साथ अपनी शादी की घोषणा कर दी है। उनकी शादी की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। लेकिन आखरिकार इस जोड़े ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर दी है। बता दें, चंदना को स्टार प्लस के लंबे समय से चल रहे शो इश्कबाज और एकता कपूर के नागिन में उनके काम के लिए जाना जाता है।

# बिग बॉस 17 ग्रान्ट फिनाल से पहले मृणाल ठाकुर ने अंकिता को दी बधाई, एक्ट्रेस के लिए दिया खास मैसेज

बिग बॉस 17 अपने सीजन के फिनाले से बस कुछ ही दिन दूर है। लोकप्रिय रियलिटी टीवी शो के प्रशंसक सीजन के विजेता का पता लगाने के लिए फिनाले एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। न केवल दर्शक बल्कि कई बी-टाउन हस्तियां अपने पसंदीदा गृहिणी को अपना समर्थन देने के लिए आगे आई हैं। बिग बॉस 17 अपने सीजन के फिनाले से बस कुछ ही दिन दूर है। लोकप्रिय रियलिटी टीवी शो के प्रशंसक सीजन के विजेता का पता लगाने के लिए फिनाले एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। न केवल दर्शक बल्कि कई बी-टाउन हस्तियां अपने पसंदीदा गृहिणी को अपना समर्थन देने के लिए आगे आई हैं। इससे पहले, कंगना रनौत ने अंकिता लोखंडे की वकालत की और शो जीतने के लिए अपना समर्थन दिया। अब, मृणाल ठाकुर ने सीज़न की अपनी पसंदीदा प्रतियोगी और एक बार फिर अंकिता को बधाई दी है। मृणाल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अंकिता की तस्वीर और उसके साथ एक विशेष संदेश के साथ एक स्टोरी साझा की। उन्होंने लिखा मेरी लड़की सबसे मजबूत। उन्होंने लिखा, आपको



ताकत और प्यार भेज रही हूं। मृणाल और अंकिता ने लोकप्रिय टीवी शो पवित्र रिश्ता में एक साथ काम किया है, जिसमें उन्होंने बहनों की भूमिका निभाई थी।

इससे पहले, कंगना अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर गई, जहां उन्होंने अंकिता की सास के साक्षात्कार से एक स्निपेट साझा किया, जिसमें वह इस बारे में बात करती नजर आ रही हैं कि उन्हें ट्रॉफी क्यों उठानी चाहिए।

तेजस अभिनेत्री ने लिखा, मीडिया उनके परिवार को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रहा है, वे अंकिता लोखंडे की सासुमा को उनके पक्ष में नहीं दिखाएंगे, अंत में वह हंसी भी पसंद है हा हा बहुत प्यारी चाची, रियलिटी शो आते हैं और जाते हैं लेकिन परिवार हमेशा के लिए है, मुझे उम्मीद है कि मेरी दोस्त अंकिता लोखंडे जीतेगी लेकिन अपनी शादी की कीमत पर नहीं।

पिछले हफ्ते, बिग बॉस ने बीबी हाउस के अंदर प्रत्येक सदस्य के परिवार के एक सदस्य को उनके साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शो में प्रवेश करने की अनुमति दी थी। अंकिता लोखंडे की मां बिग बॉस 17 के घर में प्रवेश करने वाली पहली व्यक्ति थीं। अंकिता को उम्मीद थी कि उसकी सास उसके व्यवहार के बारे में शिकायत करेगी लेकिन इसके बजाय, जब वह घर में दाखिल हुई तो शुरुआत में उसने उसे बहुत लाड़-प्यार दिया।

# अब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर टिप्पणी नहीं होनी चाहिए

## विपक्षी दलों के बयान पर अनुराग ठाकुर ने कसा तंज

**समारोह**

**ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद, राम मंदिर के दरवाजे भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे।**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों को अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह पर टिप्पणी करना बंद करना चाहिए, क्योंकि संरचना 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद बनाई गई है।

अनुराग ठाकुर ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किए गए एक अभियान के तहत मंगलवार को



कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर परिसर की सफाई में भाग लिया।

मीडिया ने विपक्षी दलों ने इस आरोप लगाया है कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक राजनीतिक कार्यक्रम में बदल दिया है, तो इसके जवाब में अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि कुछ लोग अभी भी मंदिर के निर्माण से खुश नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ÷कुछ लोग हैं, जो मंदिर के निर्माण से दुखी हैं, कुछ ऐसे हैं जो प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दुखी हैं और फिर कुछ ऐसे हैं, जिन्हें अपनी राजनीति के लिए इस पर बयान देना पड़ता है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि उन्हें इस पर टिप्पणी करना और बयान देना बंद कर देना चाहिए। अयोध्या में राम मंदिर 500 साल के इंतजार के बाद बना है और आने वाले दिनों में देश और दुनिया भर से करोड़ों लोग इसे देखने आएंगे।

ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद, राम मंदिर के दरवाजे भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। और उनके दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। मालूम हो कि आज (16 जनवरी) से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू हो चुका है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा करेंगे और फिर 23 जनवरी से मंदिर सभी भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा।

## मथुरा में नहीं होगा शाही ईदगाह का सर्वे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के शाही ईदगाह में सर्वे पर रोक लगा दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह में कमिश्नर सर्वे का आदेश दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के संबंध में मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए आयुक्त नियुक्त करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। जज संजीव खन्ना और जज दीपांकर दत्ता की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा 14 दिसंबर, 2023 को दिए आदेश पर रोक लगाई है। पीठ ने कहा कि कुछ कानूनी मुद्दे हैं, जो उत्पन्न हुए हैं। पीठ ने सर्वेक्षण के लिए एक आयुक्त की नियुक्ति के हाई कोर्ट के समक्ष किए गए अस्पष्ट आवेदन पर भी सवाल उठाया है। पीठ ने कहा कि आप कमिश्नर की नियुक्ति के लिए एक अस्पष्ट आवेदन दायर नहीं कर सकते। यह इस उद्देश्य के लिए बहुत विशिष्ट होना चाहिए। कोर्ट ने भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और अन्य हिंदू संस्थाओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान से कहा आप इसकी जांच के लिए सब कुछ अदालत पर नहीं छोड़ सकते।पीठ ने कहा कि वह हिंदू संस्थाओं को नोटिस जारी कर रही है और उनका जवाब मांगा है। साथ ही पीठ ने यह स्पष्ट किया कि इस विवाद में उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह के सर्वेक्षण पर हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर हिंदू संगठन, भगवान श्रीकृष्ण विराजमन और अन्य से जवाब मांगा है। बता दें कि इस मामले में अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी। मस्जिद समिति ने अपनी याचिका में कहा है कि हाई कोर्ट को मुकदमे में निर्णय लेने से पहले वादी की अस्वीकृति के लिए उसकी याचिका पर विचार करना चाहिए था।


# संजय सिंह को सांसदी छीने जाने का डर, सुप्रीम कोर्ट ने AAP नेता को दी राहत

**नई दिल्ली।** गुजरात यूनिवर्सिटी मानहानि मामले में आप सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से आज अंतरिम राहत मिली है। सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात हाई कोर्ट से सांसद के लिए जारी समन को चार हफ्ते के लिए रोक लगा दी है।

वहीं, सांसद के खिलाफ ट्रायल पर भी फिलहाल रोक लगा दी गई है। कोर्ट ने कहा कि संजय सिंह की अंतरिम राहत वाली अपील पर चार सप्ताह के भीतर फैसला किया जाए। हालांकि, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मुकदमे को गुजरात से बाहर स्थानांतरित करने के सिंह के अनुरोध पर विचार करने से इनकार कर दिया।

पीएम मोदी की डिग्री से जुड़े विवाद पर गुजरात यूनिवर्सिटी की ओर से सांसद संजय सिंह के खिलाफ आपराधिक मानहानि केस दायर किया गया है। बता दें कि मानहानि मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को भी आरोपी बनाया गया है।

संजय सिंह की ओर से कोर्ट में पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि दरअसल मंशा



यह है कि संजय सिंह को दोषी करार देकर उन्हें राज्यसभा के सांसदी से अयोग्य घोषित की जाए, जबकि सांसद की स्टे की अपील गुजरात हाई कोर्ट के समक्ष लंबित है।

अभिषेक मनु सिंघवी ने आगे कहा, यूनिवर्सिटी राज्य सरकार की ओर से वित्त पोषित है और केंद्र सरकार के नियंत्रण में है। मनु सिंघवी के इस दलील पर अदालत ने कहा, आपको जज (न्याय) पर आशंका क्यों होनी चाहिए। इस पर अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह पूरे सिस्टम की बात है। बता दें कि कुछ दिनों पहले संजय सिंह, स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता निर्विरोध चुनाव जीत गए।

# इंडिगो और मुंबई एयरपोर्ट को मिला कारण बताओ नोटिस



**नई दिल्ली।** आज नागरिक उड्डयन मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने इंडिगो और मुंबई एयरपोर्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया। दोनों नोटिस के मामले में MoCA ने 16 जनवरी यानि आज ही जवाब मांगा है। अगर तय समय में जवाब नहीं दिया गया तो आर्थिक दंड समेत प्रवर्तन कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी गई है। दरअसल, मुंबई हवाईअड्डे पर यात्रियों के टरमैक पर खाना खाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल आधी रात को मंत्रालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की जिसके बाद ही यह एक्शन लिया गया। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, इंडिगो और स्क्रू दोनों ही हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए उचित सुविधा व्यवस्था करने में सक्रिय नहीं थे। बता दें कि मुंबई हवाई अड्डे का संचालन मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा किया जाता है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में यात्री हवाई अड्डे के रनवे पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सभी यात्री रनवे (जमीन) पर बैठकर खाना खाते हुए नजर आ रहे थे। दरअसल, इंडिगो की गोवा-दिल्ली उड़ान के 12 घंटे लेट होने के बाद मुंबई के हवाई अड्डे पर यात्री रनवे पर बैठकर खाना-खाने को मजबूर हुए।

# चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के जजों में मतभेद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी प्रमुख एन

**हाईकोर्ट**

**फैसला सुनाते हुए जस्टिस त्रिवेदी ने कहा कि धारा 17ए पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं होगी और एफआईआर को रद्द करने से इनकार करने वाले हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।**

चंद्रबाबू नायडू की उस याचिका पर खंडित फैसला सुनाया, जिसमें कौशल विकास निगम घोटाला मामले में उनके खिलाफ एफआईआर को रद्द करने से इनकार करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए



की व्याख्या और प्रयोज्यता पर मतभेद व्यक्त किया। धारा 17ए को 26 जुलाई, 2018 से एक संशोधन द्वारा पेश किया गया था और प्रावधान एक पुलिस अधिकारी के लिए किसी भी कथित अपराध की जांच या जांच करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमोदन लेने की अनिवार्य आवश्यकता निर्धारित करता है। न्यायमूर्ति बोस ने कहा कि नायडू के खिलाफ पीसी अधिनियम के तहत कथित अपराधों की जांच करने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता है। जस्टिस बोस ने राज्य को ऐसी मंजूरी लेने की स्वतंत्रता देते हुए कहा, हालांकि, मैं रिमांड आदेश को रद्द करने से इनकार करता हूं। मंजूरी की कमी से रिमांड आदेश बेकार नहीं हो जाएगा।

फैसला सुनाते हुए जस्टिस त्रिवेदी ने कहा कि धारा 17ए पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं होगी और एफआईआर को रद्द करने से इनकार करने वाले हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। जस्टिस त्रिवेदी ने नायडू की अपील को खारिज करते हुए कहा, ÷रिमांड का विवादित आदेश और हाईकोर्ट का विवादित फैसला किसी भी अवैधता से ग्रस्त नहीं है।

पीठ ने कहा कि अलग-अलग राय को देखते हुए मामले को उचित निर्देश के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष रखा जाना चाहिए। नायडू को पिछले साल 9 सितंबर को कौशल विकास निगम से कथित तौर पर धन का दुरुपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## वाईएस शर्मिला रेड्डी 4 बनीं आंध्र प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** वाईएस शर्मिला रेड्डी को तत्काल प्रभाव से आंध्र प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष गिदिगु रुद्र राजू कांग्रेस कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। 4 जनवरी को शर्मिला रेड्डी ने कांग्रेस की कमान संभाली थी, जिसके बाद से ही चर्चा हो रही थी कि पार्टी जल्द ही इन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वाईएस शर्मिला रेड्डी को तत्काल प्रभाव से आंध्र प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष गिदिगु रुद्र राजू कांग्रेस कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। चुनाव के दौरान शर्मिला रेड्डी ने कांग्रेस का समर्थन किया था और अपने पार्टी से किसी भी उम्मीदवार को चुनावी मैदान में नहीं उतारा था। इसके बाद से ही चर्चा थी कि वाई.एस. शर्मिला को कांग्रेस इसके बदले में कुछ बड़ा इनाम दे सकती है।

## हनीमून मनाने गोवा जा रहा था साहिल, हालात कुछ ऐसे हुए कि मुक्काकांड का आरोपी पहुंचा हवालात

**नई दिल्ली।** घना कोहरा और खराब मौसम की वजह से पिछले कुछ दिनों में कई विमानों की संचालन मे दिक्कतें आई है। यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सोमवार को इंडिगो विमान (एयरबस ए20एन) के जरिए दिल्ली से गोवा जा रहे साहिल कटारिया में विमान के संचालन में देरी की वजह से गुस्से में आकर को-पायलट को मुक्का मार दिया। इस घटना का



वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। आरोपी साहिल को लेकर एक जानकारी सामने आई है। दरअसल, साहिल अपनी पत्नी के साथ विमान में बैठ कर हनीमून मनाने गोवा जा रहा था। हालांकि, पुलिस ने साहिल कटारिया के दावे को झूठा करार दिया है। पुलिस ने कहा कि साहिल की शादी के पांच महीने पूरे हो चुके हैं। 28 वर्षीय साहिल दिल्ली में खिलौना की दुकान चलाते हैं। साहिल के इस हरकत पर एयरोपोर्ट प्रशासन ने कार्रवाई भी की। साहिल कटारिया को अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत पुलिस ने मामला दर्ज किया, जिसमें स्वेच्छा से चोट पहुंचाना और आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41 शामिल है, जो पुलिस को बिना वारंट के गिरफ्तारी करने की अनुमति देती है।

# अमेरिकी चुनाव में बाइडन और ट्रंप को कड़ी टक्कर देगी भारतीय मूल की निक्की हेली

**वाशिगंटन।** इस साल नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसी कड़ी में भारतीय मूल की निक्की हेली एकमात्र रिपब्लिकन उम्मीदवार



हैं जो अग्रणी डोनाल्ड ट्रंप और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन को टक्कर दे सकती हैं। सोमवार को आयोजित की गई आयोवा कॉकस में ट्रंप ने जीत हासिल कर ली है।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 50 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ कॉकस जीता, जबकि फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस 21 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत हेली लगभग 20 प्रतिशत वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। बात करें भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी को उन्हें कुल मतदान का 7.7 प्रतिशत वोट ही मिले जिसके कारण उनका राष्ट्रपति अभियान लंबित कर दिया गया।

दक्षिण कैरोलिना की दो बार की गवर्नर ने कहा कि उनका राष्ट्रपति चुनाव अभियान में ट्रंप और मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन के बीच दोबारा मुकाबले को रोकने की सबसे अच्छी उम्मीद है। 51 वर्षीय निक्की ने सोमवार देर रात वेस्ट डेस मोइनेस, आयोवा में अपने उत्साही समर्थकों से कहा, %हमारा अभियान ट्रम्प-बाइडन को रोकने की आखिरी सबसे अच्छी उम्मीद है।

अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी सबूत कहते हैं कि यह एक और टॉसअप चुनाव होगा। कुछ भी हो सकता था। चुनाव में हस्तक्षेप को लेकर हमारे बीच और भी विवाद हो सकते हैं।

ट्रंप और बाइडन की उम्र पर निशाना साधते हुए हेली ने कहा कि ट्रंप 77 वर्ष के हैं और बिडेन 81 वर्ष के हैं। बहुमत उन दोनों को अस्वीकार करता है। ट्रंप और बाइडन दोनों ने हमारे देश को कर्ज में डुबो दिया है और हमारे बच्चे उन्हें इसके लिए कभी माफ नहीं करेंगे। दोनों के पास हमारे देश के भविष्य के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है क्योंकि दोनों ही अतीत में डूबे हुए हैं।

हेली ने कहा, हम नए रूढ़िवादी नेतृत्व के तहत एक नई दिशा के हकदार हैं। हम एक ऐसे राष्ट्रपति के लायक हैं जो हमारे लोगों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करेगा, न कि खुद पर।

## राष्ट्रपति पद की रेस से विवेक रामास्वामी ने खुद को किया बाहर, डोनाल्ड ट्रंप को दिया अपना समर्थन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। आज पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राज्य आयोवा कॉकस में बाजी मार ली है। दरअसल, रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया की शुरुआत करने वाले आयोवा कॉकस में हुई वोटिंग में ट्रंप आगे चल रहे हैं। माना जा रहा है कि आयोवा कॉकस में मिली जीत और रिपब्लिकन पार्टी में डोनाल्ड ट्रंप के बढ़ते प्रभुत्व की वजह से उन्होंने राष्ट्रपति पद की रेस से अपना नाम वापस ले लिया है। करोड़पति पूर्व बायोटेक कार्यकारी विवेक रामास्वामी ने राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप को समर्थन दे दिया है। बता दें कि आयोवा कॉकस में दूसरे स्थान के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर आर डीसैंटिस और पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल इकलौती महिला निक्की हेली के बीच मुकाबला है।

# चीन के शिनजियांग में हिमस्खलन के बाद करीब 1,000 पर्यटक फंसे, 10 दिनों से लगातार हो रही बर्फबारी

**बीजिंग।** चीन के उत्तर-पश्चिमी शिनजियांग क्षेत्र में हिमस्खलन के कारण लगभग 1,000 पर्यटक एक दूरदराज के छुट्टी वाले गांव में फंसे हुए हैं, जहां मीटर ऊंची बर्फबारी और अस्थिर मौसम के कारण निकासी में बाधा आ रही है। कजाकिस्तान, रूस और मंगोलिया की सीमाओं के पास एक सुंदर स्थल हेमू गांव तक सड़क पहुंच, कई दिनों से हिमस्खलन के कारण कटा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि यह गांव झिंजियांग के अल्ताई प्रीफेक्चर में स्थित है जहां कुछ इलाकों में 10 दिनों तक लगातार बर्फबारी हुई है। चीनी राज्य मीडिया आउटलेट्स ने सप्ताहांत में बताया कि भारी बर्फबारी के कारण अल्ताय पहाड़ों में कनास दर्शनीय क्षेत्र की ओर जाने वाले राजमार्गों के बड़े हिस्से में दर्जनों हिमस्खलन हुए और कुछ पर्यटकों को हेलीकॉप्टर से

**रिपोर्ट**

**मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि यह गांव झिंजियांग के अल्ताई प्रीफेक्चर में स्थित है जहां कुछ इलाकों में 10 दिनों तक लगातार बर्फबारी हुई है।**

सुरक्षित निकाल लिया गया। सीसीटीवी के अनुसार, हिमस्खलन के कारण आई बर्फ कुछ हिस्सों में सात मीटर तक ऊंची थी और कई जगहों पर बर्फ हटाने वाले उपकरणों से भी अधिक ऊंची थी। 50 किमी (31 मील) की दबी हुई सड़क को साफ करने का काम एक सप्ताह पहले शुरू हुआ था। बचाव और बर्फ हटाने के काम में चट्टानें, मलबा



और पेड़ की शाखाएं बर्फ में मिली हुई थीं, जो हिमस्खलन के कारण टूट गईं और चीड़ और बर्च जंगल की ढलानों से नदी घाटी की ओर बह गईं, जिससे रोटरी स्नोप्लो वाहन बेकार हो गए। बचावकर्मियों ने फावड़े और उत्खनन यंत्रों का सहारा लिया है। जैसे-जैसे पर्वतीय क्षेत्र में मौसम तेजी से बदलता है, आपूर्ति मिशन संचालित करने की खिड़कियां भी संकीर्ण हो गई हैं। सीसीटीवी के अनुसार, हेमू गांव में आटा और ईंधन जैसी आपूर्ति भेजने के लिए निर्धारित एक सैन्य हेलीकॉप्टर में मंगलवार सुबह देरी हो गई। अल्ताई में राजमार्ग प्रबंधन अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने बचाव और राहत कार्य के लिए 53 कर्मियों और मशीनरी और उपकरणों के 31 सेट की व्यवस्था की है। राजमार्ग प्रबंधन ब्यूरो के प्रमुख झाओ जिनशेंग ने सीसीटीवी को बताया, ÷हिमस्खलन की यह स्थिति अपेक्षाकृत विशेष है, हमने पहले भी इतनी भारी बर्फबारी देखी है, लेकिन हमने हिमस्खलन की इतनी उच्च आवृत्ति नहीं देखी है।

## नेपाल में त्रिशुली नदी के अंदर भारतीय नंबर प्लेट वाली मिली जीप, हादसे में 12 लोगों की मौत

**चितवन (नेपाल)।** नेपाल के चितवन जिले में मंगलवार को त्रिशुली नदी में भारतीय नंबर प्लेट वाली एक जीप मिली है। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। चितवन जिले के पुलिस उपाधीक्षक श्रीराम भंडारी ने बताया कि गोताखोरों ने नदी के भीतर एक जीप होने की पुष्टि की है। भंडारी ने एएनआई को बताया, गोताखोरों ने नदी के अंदर जीप का पता लगा लिया है और पुष्टि की है। इससे पहले आज सुबह इक्ष्यकामना ग्राम परिषद -5 में स्थानीय लोगों ने हमें फोन किया कि एक वाहन नदी में शायद गिर गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, जीप सड़क से उतरकर 85 मीटर नीचे नदी में जा गिरी। पुलिस के मुताबिक, डूबे वाहन में सवार यात्रियों की स्थिति के बारे में अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस बीच, शुक्रवार रात मध्य-पश्चिमी नेपाल के डांग जिले में एक सड़क दुर्घटना में दो भारतीय नागरिकों सहित कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई।

# ट्रंप ने आयोवा कॉकस जीता

## बाइडन से दोबारा मुकाबले के लिए पेश किया शुरुआती दावा

**आयोजन**

**आयोवा चुनाव को कॉकस चुनाव के रूप में भी जाना जाता है। कॉकस का आयोजन स्कूल जिम, टाउन हॉल समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर होता है।**

रॉयटर्स, आयोवा। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के आगामी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार चुनने की लंबी प्रक्रिया की शुरुआत करने वाले आयोवा कॉकस में सोमवार को जीत हासिल कर ली। आयोवा कॉकस में दूसरे स्थान के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर आर डीसैंटिस और पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल



इकलौती महिला एवं संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली के बीच मुकाबला है। डीसैंटिस और हेली पूर्व राष्ट्रपति के शीर्ष विकल्प के तौर पर एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं। आयोवा कॉकस के लिए मतदाताओं ने हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच मतदान किया। ट्रंप राष्ट्रपति पद के चुनाव में लगातार तीसरी बार रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। आयोवा कॉकस की बैठक स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू हुई। कॉकस के भागीदार अपने विचार रखने के लिए 1,500 से अधिक स्कूलों, गिरजाघरों और सामुदायिक केंद्रों में एकजुट हुए और उन्होंने गुप्त मतदान किया।

आयोवा चुनाव को कॉकस चुनाव के रूप में भी जाना जाता है। कॉकस का आयोजन स्कूल जिम, टाउन हॉल समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर होता है। कॉकस एक तरह की स्थानीय बैठक है। इनका आयोजन दोनों प्रमुख (रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक) पार्टियां करती हैं। आयोजन में होने वाले खर्च भी दोनों पार्टियां करती हैं। बैठक में राष्ट्रपति उम्मीदवारों के चयन को लेकर रजिस्टर्ड पार्टी मेंबर्स जुटते हैं और समर्थन देने पर बात करते हैं। डेमोक्रेटिक प्रत्याशी को डेलिगेट्स हासिल करने के लिए कुल आए लोगों का खास फीसदी समर्थन पाना जरूरी है। कॉकस में हिस्सा लेने वाले लोग तकनीकी रूप से राष्ट्रपति प्रत्याशी नहीं चुनते हैं बल्कि वे डेलिगेट्स का चुनाव करते हैं। ये डेलिगेट्स फिर कन्वेंशन स्तर पर अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करते हैं। डेलिगेट्स नेशनल कन्वेंशन के लिए राज्य से और कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट कन्वेंशन से चुने जाते हैं। अयोवा जैसे राज्य में हर दूसरे साल पर कॉकस का आयोजन होता है। एडिसन ने अनुमान लगाया कि फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजदूत निक्की हेली दूसरे स्थान के लिए लड़ाई में थे, क्योंकि वे 2017-2021 तक राष्ट्रपति ट्रंप के मुख्य विकल्प के रूप में उभरने की कोशिश कर रहे थे।

महीनों की बहस, रैलियों और विज्ञापनों के बाद 2024 के राष्ट्रपति अभियान के आधिकारिक तौर पर शुरू होने के बाद आयोवावासियों ने राज्य के पहले राष्ट्र कॉकस के लिए 1,600 से अधिक स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य साइटों पर इकट्ठा होने के लिए हाड़ कंपाने वाली ठंड का सामना किया।

# नक्शे से मिटा देंगे अगर..., किम जोंग ने दी दक्षिण कोरिया को धमकी

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया को धमकी दी है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य



अभियान से आक्रोशित तानाशाह किम जोंग उन ने उत्तर कोरिया के संविधान को संशोधित करने का भी फैसला कर लिया है। दरअसल, उत्तर कोरिया के संविधान में जिक्र है कि दुश्मन देशों के साथ भी बेहतर रिश्ते बनाए जाए। सोमवार को प्योंगयांग में आयोजित 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली (एसपीए) के 10वें सत्र के दौरान किम जोंग उन ने कहा कि सरकार उन एजेंसी को भी निरस्त कर रही है जिसे दक्षिण कोरिया के साथ बेहतर संबंध बनाने का काम दिया गया था। यह एजेंसी अंतर-कोरियाई संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अस्तित्व में थी। किम जोंग उन ने कहा कि दोनों देश युद्ध में फंसे हुए हैं। वहीं, दक्षिण कोरिया को कूटनीति में भागीदार मानना एक गंभीर गलती होगी। संसद में भाषण के दौरान किम ने इस बात को दोहराया कि उत्तर कोरिया का एकतरफा युद्ध शुरू करने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन युद्ध से बचने का भी कोई इरादा नहीं है। किम जोंग उन ने आगे कहा कि कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु संघर्ष दक्षिण कोरिया के अस्तित्व को समाप्त कर देगा और अमेरिका को हार का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले रविवार को उत्तर कोरिया ने रविवार को एक इंटरमीडिएट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की जो कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में जाकर गिरी।

यह मिसाइल क्षेत्र में अमेरिका के दूरस्थ बेस को निशाना बना सकने में सक्षम है। इस वर्ष उत्तर कोरिया का यह पहला मिसाइल परीक्षण है। इस बीच, उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री सोमवार को रूस की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं।

# डॉ. राजकुमार बने पीयू के चीफ प्राक्टर

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलानुशासक (चीफ प्राक्टर) पद पर इंजीनियरिंग संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजकुमार को नामित किया गया है। यह नियुक्ति पत्र निर्गत तिथि से एक वर्ष के लिए होगी। इस आशय का पत्र कुलसचिव कार्यालय से जारी किया गया है। इसके पूर्व इस पद पर भौतिक विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रो. संतोष कुमार थे। उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद डॉ. राजकुमार को बनाया गया है। डॉ. राजकुमार इसके पूर्व चीफ वार्डेन, मीडिया प्रभारी समेत कई



महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वर्तमान में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के नोडल अधिकारी का भी प्रभार उनके पास है। विश्वविद्यालय के कार्य परिषद और विद्या परिषद के भी सदस्य रह चुके हैं। बच्चों के उत्थान के विश्वविद्यालय से सटे गांव के बच्चों के लिए वह निःशुल्क प्रेरणा कोचिंग भी चलाते है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं हो। वह विश्वविद्यालय में 2004 से सेवारत हैं। डा. राजकुमार के चीफ प्राक्टर बनने पर प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. सौरभ पाल, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर आदि शिक्षकों ने बधाई दी।

## पीड़ित को नहीं मिल रहा न्याय, एसपी से गुहार

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के संदहाँ गांव मे 25 नवंबर को रात्रि के समय पीड़ित बाबूलाल के घर पर दबँगो द्वारा घर मे घुस कर महिला को मारा पीटा गया। मारपीट की घटना की जानकारी लिखित रूप से थाने को दी गयी और कई धाराओं मे मुकदमा भी पुलिस ने दर्ज कर लिया लेकिन घटना की जाँच के नाम पर आरोप है की विवेचक ने कई अपराधियों के नाम और धारायें निकाल दी, अपितु पीड़ित बाबूलाल से ही दो हजार रूपये जाँच सही करने के आधार पर अवैध रूप से लिए! ऐसा आरोप पीड़ित द्वारा लगाया जारहा है! जबकि मार पीट की उक्त घटना को महीने गुजर जाने के उपरांत भी किसी अपराधी को सरायख्वाजा पुलिस नहीं पकड़ सकी।

# तापमान में गिरावट से बीमार पड़ने लगे लोग

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिले में ठंड का कहर जारी है। इसमें कोहरा कोढ़ में खाज साबित हो रहा है। मंगलवार को ठण्ड इतनी थी कि लोग अपने हाथों को जेब में समेटे नजर आए। खासकर सुबह और शाम के बाद पछुआ हवा के कारण तापमान में गिरावट आ रही है। जिससे सामान्य जनजीवन ठंड से परेशान है। खासकर फुटपाथी दुकानदारों, रिक्शा ठेला चालकों, गरीब गुरबों के लिए सर्द रात काटना बड़ी कष्टदायक बन गई है। शहरी क्षेत्र में अलाव राम भरोसे और लकड़ियां गीली है। तापमान में आई गिरावट से बिगड़ने लगी तबीयत तापमान में आई गिरावट के कारण लोग बीमार पड़ने लगे हैं। शाम में अचानक तापमान में गिरावट और पछुआ हवा के झोंके के कारण वातावरण में गलन बढ़ जाती है। जिससे बाहर कामकाज करने वाले लोग बीमार पड़ जाते हैं। वहीं सर्दी, जुकाम और बदन दर्द की समस्या भी बढ़ने लगी है। छोटे-छोटे बच्चे ठंड से बीमार पड़ने लगे हैं। जिा अस्पताल में ठंड के कारण मरीजों की संख्या में इजाफा देखा गया। डाक्टर ठंड को देखते हुए छोटे बच्चों, बुजुर्गो और



बीमार लोगों की अच्छी से देखभाल करने की सलाह दी है। छोटे बच्चों को गर्म कपड़ा पहना कर रखने को कहा है। सर्दी के मौसम में कई इंफेक्शन के साथ हड्डियों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। खास तौर पर उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में यह दिक्कत आम हो जाती है। जैसे-जैसे कंपकंपाने वाली ठंड बढ़ती है, वैसे वैसे लोगों में जोड़ों के दर्द की परेशानियां भी बढ़ने लगती है। ठंड के मौसम में लोग फिजिकल एक्टिविटी गर्मियों के मुकाबले कम करते हैं। जिससे हड्डियां अकड़ने के साथ कमजोर हो जाती है। ऐसे में विटामिन डी हड्डियों की सेहत के लिए लाभदायक हो सकता है। साथ ही अगर बाहर नहीं निकल सकते तो घर के अंदर ही नियमित व्यायाम करें। साथ ही अकड़न वाले जगह को गर्म पानी से सेकें। पशुपालक की बढ़ी परेशानियां पछुआ हवा और तापमान में आई गिरावट के कारण पशुपालक भी परेशान हैं। क्योंकि उन्हें सुबह-सबह पशुओं को भोजन खिलाने के लिए उठना पड़ता है। सुबह के समय कनकनी अधिक रहने से पशुपालक भी परेशान हैं। वहीं यह चिता भी सता रही है कि कहीं उनके मवेशी भी ना ठंड के शिकार हो जाए। इसलिए पशुओं को लेकर भी वह सचेत हैं।

# नेताजी की जयंती को लेकर सम्पर्क अभियान चला

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** छात्र संगठन ए आई डी एस ओ, युवा संगठन ए आई डी वाई ओ, किसान संगठन - ए आई के के एम एस तथा किशोर संगठन - कॉमसोमोल के संयुक्त तत्वावधान में देश के आजादी आंदोलन की गैर समझौतावादी धारा के महानायक व महान क्रांतिकारी योद्धा नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को बदलापुर सब्जी मंडी परिसर में जन सभा होगी। इसके पहले 11 बजे से बदलापुर पुरानी बाजार बाग से सब्जी मंडी तक सुसज्जित जुलूस भी निकाला जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता - कॉ. अशोक मिश्र (भूतपूर्व महासचिव, होंगे। उपरोक्त कार्यक्रम की तैयारी हेतु विभीन्न स्कूल कॉलेजों, गावों कस्बों व बाजारों में जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में



मंगलवार को बदलापुर बाजार में पर्चा बांटकर जन संपर्क किया गया। इस दौरान संगठन के नेताओं ने कहा कि, जन जीवन की असली समस्याओं- महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा, अपसंस्कृति, अपराध से ध्यान हटाने के लिए जाति, धर्म, क्षेत्र व भाषा के आधार पर लोगों की एकता को तोड़कर उन्हें आपस में लड़ाने का काम किया जा रहा है, ताकि देश में बढ़ रहे शोषण- जुल्म व अन्याय-अत्याचार के खिलाफ जनशक्ति के निर्माण को रोका जा सके। देश की इस विकट परिस्थिति में नेताजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि हमें क्या करने को कहती है ? नेताजी ने कहा था - ष् बचपन में अंग्रेजों को देश से बाहर खदेड़ना ही मैं अपना परम कर्तव्य समझता था, बाद में गंभीरता से सोचने पर मैंने समझा कि अंग्रेजों को भगा देने से ही हमारे कर्तव्यों की इतिश्री नहीं हो जाती। एक नई सामाजिक व्यवस्था कायम करने के लिए हिंदुस्तान में एक और क्रांति की जरूरत है। ।नेताजी के सपनों के इस नए सामाजिक व्यवस्था को लागू करने के लिए पूंजीवाद विरोधी समाजवादी क्रांति की जरूरत है। साथ ही जरूरत है इस युग के श्रेष्ठ क्रांतिकारी विचारों से लैस हजारों खुदीराम बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, मास्टर दा सूर्यसेन, प्रीतिलता की य जो जनता को सचेत संगठित और नैतिक ताकत से बलिष्ठ बनाकर क्रांतिकारी संघर्षों में शामिल करवाएंगे। इस काम में लगना ही है महान क्रांतिकारी योद्धा नेताजी सुभाषचंद्र बोस के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि। अतः आप सभी आजादी पसंद लोगों से अपील है कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम में शामिल हों और हर तरह से सहयोग करें। मिथिलेश मौर्य, दिलीप कुमार, दिनीशकांत मौर्य, इंदुकूमार शुक्ल, विजयप्रकाश, संतोष कुमार, राजबहादुर विश्वकर्मा, अनीता, पूनम, शिवप्रसाद, राधेश्याम चैबे, देवव्रत, मनोज कुमार, राकेश निषाद व अन्य मौजूद रहे।

## विधायक संग कार्यकर्ताओं ने मन्दिर में चलाया स्वच्छता अभियान

**जौनपुर(महराजगंज)।** अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 14 से 22 जनवरी तक जारी वृहद मंदिर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बदलापुर विधानसभा के महराजगंज हनुमान मन्दिर सवंसा व श्रीराम जानकी मंदिर सरोखनपुर में विधायक रमेश चन्द्र मिश्रा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान में सहभागिता करके साफ-सफाई की और झाड़ू लगाकर कूड़े को कूड़ेदान में डाला। विधायक ने कहा कि 14 से 22 जनवरी तक अपने आस–पास, गांव तथा मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रभु श्रीराम के आगमन की तैयारी करें। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह, लव कुश, शनि शुक्ला, सिकन्दर मौर्य, चेयरमैन प्रतिनिधि वैभव सिंह, साहब लाल चौधरी, अम्बुज तिवारी, सुरेश चौहान, पवन उपाध्याय, सूरज सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रबंध अध्यन संकाय में सख्त निगरानी में परीक्षा शुरू

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में सोमवार से विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं आईबीएम केंद्र में शुरू हो गई है। सत्र 2023-24 की परीक्षा में एम.बी.ए., एम.बी.ए.(एग्री बिजनेस), एम.बी.ए.(ई-कॉमर्स), एम.बी.ए.(बिजनेस इकोनॉमिक्स), एम.बी.ए.(फाइनेंस और कंट्रोल), एम.बी.ए.(एचआरडी) तथा बीकॉम (ऑनर्स) के लगभग 378 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा 05 फरवरी तक दोनों पालियों में संपादित की जाएगी। प्रथम पाली पूर्वाह्न दस बजे से एक बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराहन दो से पांच तक कराई जाएगी। आईबीएम केंद्र केन्द्राध्यक्ष प्रो. अजय द्विवेदी ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षा की समय-सारणी पहले ही छात्र-छात्राओं में सर्कुलेट (जारी) कर दी गई थी तथा विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गयी है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रबंध अध्ययन संकाय की समस्त परीक्षा की आईबीएम केंद्र पर ही है जिसमें पजीकृत छात्राएं अपने-अपने संकाय में परीक्षा देंगे।

सहायक केन्द्राध्यक्ष डॉ0 परमेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि परीक्षाओं को नकल विहीन कराने की समुचित व्यवस्था की गयी है। प्रवेश के समय छात्र-छात्राओं की गहन तलाशी ली जा रही है तथा यह हिदायत दी गई है कि किसी भी प्रकार नकल सामग्री व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पूर्णतया प्रतिबंधित है। साथ ही साथ उड़ाका दल की भी व्यवस्था की गयी है।

## 22 जनवरी को सभी मंदिरा की दुकान बंद रहेगी डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा अवगत कराया गया है कि 22 जनवरी 2024 को आयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मन्दिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। उक्त अवसर पर दिनांक 22 जनवरी 2024 को प्रदेश की सभी मदिरा की दुकानें बन्द रहेगी। अतः संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों एवं अधिकारों का प्रयोग करते हुए कानून-व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के निमित्त जनपद जौनपुर की समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री की देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडल शाप, भांग, ताड़ी एवं बार आदि मादक पदार्थो के अनुज्ञापनों को 22 जनवरी 2024 को बन्द रखने का आदेश दिया है। बन्दी के लिए लाइसेंसधारी कोई प्रतिकर या दावे का हकदार नहीं होगा।

# कड़ाके की ठंड में सभासदों ने जरूरतमंदों को बांटा कंबल

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुरकी नगरपालिका परिषद मुबारकपुर सभासदों ने सोमवार को नगरपालिका प्रांगण में ज़रूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। दरअसल उत्तरप्रदेश के सभी ज़िलों में लगातार कड़ाके की ठंड और शीतलहर का सितम जारी है वहीं बात करें आज़मगढ़ ज़िले के मुबारकपुर की तो यहाँ भी लगातार पारा गिर रहा है ,जिससे गरीब असहाय लोगों को ठंड से बचने के लिए कोई खास इंतेज़ाम न होने के कारण उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में नगरपालिका सभासदों का कहना है इस कड़ाके की ठंड के बीच भी नगरपालिका मुबारकपुर चेयरपर्सन ने ज़रूरतमंदों को कंबल वितरण नहीं किया गया। इसीलिए हम 16 सभासदों ने लगभग 80 ज़रूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया। कंबल वितरण समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व सभासद इस्तेयाज़ हुसैन शामिल रहे।इस दौरान सभासदों ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि जो भी लोग ठंड को देखते हुए गरीबों को कंबल उपलब्ध करा रहे हैं, बहुत ही सराहनीय कदम है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। इस मौके पर मो.नाज़िर , इरशाद अहमद ,इरफान अहमद गुड्डु, सनी भाई, बेलाल हाशिम, नुरूलहोदा, बशीर अहमद, धर्मेंद्र राजभर , अरविंद कुमार, नईमुद्दीन, अमीरुद्दीन, अनिल सागर, सुधीर कुमार आदि लोग मौजूद थे ।

## स्थित हज़रत मोहम्मद सैयद अली बाबा के उर्स ए पाक पर हुई चादर पोशी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** नगर के मोहल्ला कोट किला स्थित हज़रत मोहम्मद सैयद अली बाबा का उर्स ए पाक बडे ही अकीदत व मोहब्बत के साथ मनाया गया। हज़रत मोहम्मद सैयद अली बाबा की मज़ार के आस-पास दुकाने सजी हुई थी ।लोग पूरी कचौड़ी खिलौना आदि खरीदते हुए दिखाई दिए। हज़रत मोहम्मद सैयद अली बाबा की मजार को दुल्हन की तरह सजाया गया था ।सुबह में कुरानखानी हुई। सायं 4 बजे से मोहल्ला गुलामी का पूरा स्थित वकील अहमद के आवास से उर्स के मोतवल्ली वकील अहमद एवं मोहम्मद खालिद खान उर्फ (नन्हू)के नेतृत्व में संयुक्त रूप से चादर व गाकर का जुलूस निकाला गया।

# केराकत बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** केराकत बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कमेटी का मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । जिसमें बार के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र शंकर पाण्डेय ने नव निर्वाचित अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह और महामंत्री मुकेश शुक्ल सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। मुख्य अतिथि एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू और विशिष्ट अतिथि केराकत की एसडीएम नेहा मिश्रा ने संयुक्त रूप से नव निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया । मुख्य अतिथि ने कहा कि अधिवक्ता से बड़ा कोई समाजसेवी नहीं होता। आगे उन्होंने कहा कि वे अधिवक्ताओं के हित के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। विशिष्ट



अतिथि एसडीएम नेहा मिश्रा ने नव निर्वाचित कमेटी से बेंच का सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर दोनों पदाधिकारियों ने बार हित के लिए काम करने का आश्वासन दिया। सभा को तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष नमः नाथ शर्मा, शारदा प्रसाद बादल, सुरेश राम ने भी सम्बोधित किया। तहसीलदार मूसाराम, बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, अजय सिंह, चंद्रजीत पहलवान, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पप्पू सरोज, डॉ नरसिंह बहादुर, डॉ शारदा प्रसाद सिंह आदि रहे। समारोह की अध्यक्षता महेन्द्र शंकर पाण्डेय और संचालन राजेश पाण्डेय ने किया ।

## संक्षिप्त समाचार

### विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को पूरे अंक

**प्रयागराज।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'ए' को छह रन से हराकर मनीष देब/स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। केपी कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने 39.3 ओवर में 207 रन (नितेश पाल 55, मोहम्मद शावेज़ 24, प्रतीक राज 4/44, अनमोल यादव 3/32, श्रेयांश अग्रहरि 2/34) बनाकर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'ए' को 40 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन (अनमोल यादव 64, कौशल 58, मयंक पटेल 22, आदर्श तिवारी 3/38) पर समेट दिया। मैच में सुधीर सोनकर व हितेश श्रीवास्तव अंपायर और प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

### अमृत लाल भारतीय टी-20 क्रिकेट 21 से

**प्रयागराज।** स्वर्गीय अमृत लाल भारतीय स्मृति थर्टी प्लस टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 21 जनवरी से ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक टीमें आयोजन सचिव श्यामू भारतीय (9889243648) से संपर्क कर सकती हैं।

### सेंट पीटर्स कप अंडर-12 क्रिकेट आज से

**प्रयागराज।** तृतीय सेंट पीटर्स कप अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता बुधवार से ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। उद्घाटन मुकाबला भवम क्लब और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के बीच सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। यह जानकारी आयोजन सचिव श्यामू भारतीय ने दी है।

### अखिल भारतीय जीरो रोड उद्योग व्यापार मंडल का गठन



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने मंडल प्रभारी विपिन गुप्ता की सहमति से जीरो रोड उद्योग व्यापार मंडल का गठन किया। लालू मित्तल ने बताया की जीरो रोड महत्वपूर्ण प्रमुख बाजार है। इस बाजार में स्टेशनरी,खोवा मंडी, कपड़े के विशाल शोरूम, गैस चूल्हा बर्तन जूता चप्पल,की दुकानों के अलावा जीरो रोड का पुराना बस अड्डा भी है। नए सिरे से हुए गठन में रतन दीप केसरवानी को अध्यक्ष, सुशील केसरवानी, शुभमगोपाल अग्रवाल, जयगम वकार, अनूप, उमेश केसरवानी, कौशल सिंह मेट्रो शूज संरक्षक बनाए गए! सभी नए पदाधिकारी को जिला अध्यक्ष मंडल प्रभारी ने माला पहनकर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। जिले एवं महानगर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें प्रमुख रूप से राजेंद्र केसरवानी पप्पू भैया, रमन गुप्ता जय हिंद,चौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्याम जी केसरवानी, महामंत्री अंकित के, अरकान युसूफ ओम जी सचदेवा, काशिफ अमान आदि रहे।

# आदर्श गुणों के कारण दिलों में समाए हैं राम: प्रो. सीमा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की व्यावसायिक अध्ययन विद्या शाखा के तत्वावधान में मंगलवार को गंगा परिसर में हनुमान मंदिर के समीप मुक्तांगन में सामाजिक समरसता और राष्ट्र नायक श्री राम विषय पर संगोष्ठी एवं सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि श्री राम प्रकृति के साथ भी समरस थे। वन में निवास करते हुए 14 वर्ष तक प्रकृति की गोद में रहे। जहां पशु पक्षी वनस्पति आदि से उनके साक्षात्कार होते रहते थे। उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग का



- राष्ट्रनायक श्री राम पर मुक्त विश्वविद्यालय में संगोष्ठी एवं सुंदर काण्ड का आयोजन

अनुसरण करते हुए संसार के सामने विनम्रता, धैर्य, मर्यादा और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम अपने आदर्श गुणों की वजह से जनमानस के दिलों में समाए हुए हैं।

मुख्य वक्ता डॉ आर बी लाल श्रीवास्तव, सी एम पी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज ने कहा कि भगवान राम का संदेश समरसता का संदेश है। सामाजिक समरसता आत्म विश्लेषण और व्यवहार परिवर्तन का विषय है। भगवान राम त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने राजपाट छोड़ दिया। हमें राम के पदचिन्हों पर चलकर फैसले लेने पड़ेंगे। हमें हर व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए यह श्री राम के जीवन से सीखने को मिलता है।

मानविकी विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने कहा कि श्री राम ने लोक मंगल की अवधारणा तैयार की। उन्होंने कहा राम जी का व्यक्तित्व अलौकिक है। सामाजिक समरसता उनके जीवन दर्शन में परिलक्षित होती है। प्रारम्भ में व्यावसायिक अध्ययन विद्या शाखा के प्रभारी प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने संगोष्ठी के रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ बाल गोविंद सिंह ने तथा कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके उपरांत गंगा परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया तत्पश्चात समरसता भोज का आयोजन किया गया।

# आजमगढ़ खेल महोत्सव का शानदार आगाज

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद में पहली बार आयोजित होने वाले आजमगढ़ खेल महोत्सव के पहले चरण के अभियान का आगाज आज जनपद के विभिन्न विद्यालयों द्वारा रैली निकालकर हुआ। जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पूरे जनपद में रैली निकालने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्य कार्यक्रम हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में संपन्न हुआ। जिसमें शहर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों जैसे प्रतिभा निकेतन स्कूल सर्वोदय पब्लिक स्कूल महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल एस.के.पी. इंटर कॉलेज, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, शिब्ली नेशनल इंटर कॉलेज आजमगढ के लगभग 1000 छात्र व छात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जोश उत्साह और उमंग के साथ रैली में प्रतिभाग किए। रैली का समापन हरिऔध कला केंद्र में संपन्न हुआ। जहां पर तपस्या क्रिएटिव ग्रुप तथा आजमगढ़ योग एवं सपोर्ट एसोसिएशन द्वारा बड़ा ही मनमोहक नृत्य एवं खेलों में जोश पैदा करने वाले अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मेंआजमगढ़ खेल महोत्सव के नोडलअधिकारी आजाद भगत सिंह अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उपस्थित रहे।

# भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक रूप से आयोजित होगा रामोत्सव कार्यक्रम

- रामोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर शहर को विशेष लाइटिंग से किया जायेगा सुसज्जित
- बाजारों को सिमेट्रिकल लाइटिंग से किया जायेगा सुसज्जित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** 22 जनवरी तक आयोजित होने वाले रामोत्सव कार्यक्रम को जनपद में भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित किए जाने हेतु मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत व पुलिस आयुक्त रमित शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में अधिकारियों, व्यापारियों, उद्यमियों, रामलीला कमेटियों, दधिकांदों मेला समिति, सिविल डिफेंस व अन्य संस्थाओं के



पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में रामोत्सव कार्यक्रम को जनपद में भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक रूप से आयोजित किए जाने हेतु व्यापार मण्डल, उद्योग मण्डल, रामलीला कमेटियों, दधिकांदों मेला समिति, सिविल डिफेंस व अन्य संस्थाओं के प्रत्येक पदाधिकारी द्वारा इस अवसर पर उनके द्वारा आयोजित कराये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बतायी गयी। बैठक में रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों द्वारा इस अवसर पर आयोजित कराये जाने वाले धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन, शोभायात्रा, कलशयात्रा, रामदल, साज-सज्जा, प्रसाद वितरण, भण्डारा, भण्डारा स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्था के बारे में बताया गया। व्यापार व उद्योग मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा बाजारों, चौराहों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों व उनके भवनों में साफ-सफाई, साज-सज्जा, सिमेट्रिकल लाइटिंग कराये जाने की व्यवस्था, साउण्ड सिस्टम ध्वनि प्रदूषण मानक के अनुरूप ही बजाने के बारे में बताया गया। बैठक में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि यह हम सभी के लिए ऐतिहासिक क्षण है। प्रभु श्रीराम वन जाते समय व आते समय यहीं से होकर गए थे और उनका संगम नगरी से विशेष जुड़ाव रहा है, इसलिए हमारा दायित्व बनता है कि इस अवसर को भव्य, दिव्य व ऐतिहासिक बनाये।

# किआ शोरूम में सोनेट फेसलिफ्ट कार की हुई लॉन्चिग

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** रानी की सराय क्षेत्र के चकखैरूल्लाह में स्थित किआ शोरूम में सोमवार को सोनेट फेसलिफ्ट कार लॉन्चिग कर दिया है। लांचिग भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण पाल व शोरूम के संस्थापक हाजी इसरार अहमद ने संयुक्त रूप से किया। आगंतुकों के प्रति एमडी मो हाशिम ने बताया कि आज का दिन बहुत खास है क्योंकि आज ही हमारे यहां सोनेट फेसलिफ्ट कार लांच हुई है। जो काफी अलग डिजाइन को स्पोर्ट करता है और लगभग दो दर्जन से अधिक फीचर्स है। नई सोनेट में कस्टमर्स को एडवांस सेफ्टी फीचर्स मिलेंग। कंपनी ने नई किया सोनेट में 25 सेफ्टी फीचर्स दिए हैं। 6 एयर बैग्स और 10 एडीएएस फीचर शामिल हैं। कंपनी ने नई सोनेट में 10.25 इंच का एलसीडी डिजिटल कलस्टर दिया है। फ्रंट में वेंटिलेटेड शीट होगी। इनबिल्ड एयर प्यूरीफायर है। इसके अलावा 7 स्पीकर बोस सिस्टम सहित कार में कई प्रकार खूबियां है। इस दौरान पहले बुक कराये सोनेट कार को ग्राहकों मुख्य अतिथि के द्वारा दिलाया गया एवं अधिकत्तर ग्राहकों द्वारा 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर गाड़ी लेने की इच्छा जाहिर की।इस दौरान मोहम्मद जफर, मोहम्मद नोमान, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद हातिम, निजामुद्दीन, लक्ष्मी सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अरविन्द सिंह, चन्दन, सचिन सिंह, नूर आलम, मिस्टर साहब, मंसूर प्रधान, शाहिद प्रधान, हाफिज इफरान आदि मौजूद रहे।

# राजेन्द्र प्रसाद यादव प्रदेश उपाध्यक्ष व शिव गोविंद सिंह मंडल उपाध्यक्ष मनोनीत

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** लखनऊ में आयोजित सीबीएसई स्कूल मैनेजर्स एसोसिएशन की बैठक में राजेन्द्र प्रसाद यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष व शिव गोविंद सिंह को मंडल उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। लखनऊ में आयोजित सीबीएसई स्कूल मैनेजर्स एसोशियेशन की बैठक में स्कूलों की समस्याओं पर मंथन करते हुवे सीबीएसई बोर्ड से संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूलों के संचालन में आने वाली कठिनाईयों व स्कूल संचालकों की समस्याओं को उठाने व उनकी समस्याओं का निराकरण कराने हेतु संकल्पित सीबीएसई स्कूल्स मैनेजर्स एसोशियेशन भारत द्वारा संगठन को मजबूती देने से उद्देश्य से आज़मगढ़ के राजेन्द्र प्रसाद यादव सर्वोदय ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन को प्रदेश उपाध्यक्ष व शिव गोविंद सिंह चेयरमैन वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल को मण्डल उपाध्यक्ष बनाया गया



है। स्कूल मैनेजर एसोसिएशन भारत के अध्यक्ष श्याम पचौरी की अध्यक्षता में ग्रैंड जे.बी.आर. होटल गोमती नगर, लखनऊ में अपनी कोर कमेटी की बैठक आहूत की गयी। जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से अपने-अपने जिलों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे प्रतिनिधियों को शामिल किया गया तथा संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के सभी मंडलो में अपने पदाधिकारी मनोनीत करते हुए एसोसिएशन का विस्तार इस उद्देश्य से किया गया कि स्कूल संचालकों के समस्याओं का समाधान आसानी से सुगमता पूर्वक हो सके तथा इसके साथ ही स्कूलों में सभी बच्चों को नई शिक्षा नीति के तहत उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान की जा सके। सीबीएसई स्कूल मैनेजर्स एसोशियेसन के आज़मगढ़ मण्डल के उपाध्यक्ष शिव गोविंद सिंह ने कहा कि हमारी एसोसिएशन दुगनी ऊर्जा के साथ बच्चों,अभिभावकों व स्कूल संचालकों के हित में बड़ी ईमानदारी के साथ कार्य करेगी जिससे शिक्षा के स्तर को और ऊपर उठाया जा सके इसके साथ ही सभी बच्चों को उच्च कोटि की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके तथा स्कूल संचालकों को आने वाली समस्याओं से भी निजात मिल सके। संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर सीबीएसई स्कूल मैनेजर्स कृष्ण मोहन त्रिपाठी, आलोक पांडेय, सीताराम पाण्डेय, विजय बहादुर सिंह, आलोक जायसवाल, अमित वर्मा, डी पी मौर्या, डॉ सुरेंद्र नाथ चौबे, रमाकांत वर्मा, अभिषेक सिंह,अशोक श्रीवास्तव सहित सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दिया।


# बाजार में तूफान लाने के लिए तैयार है नई ह्युंडई CRETA

**गुरुग्राम** ह्युंडई मोटर इंडिया ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित नई ह्युंडई ष्टक्रश्चञ् को लॉन्च कर दिया है।



CRETA ब्रांड की सफलता एवं विरासत पर तैयार नई ह्युंडई CRETA अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की तरफ कदम बढ़ाने, सेगमेंट को नई परिभाषा देने वाली सुरक्षा, शानदार परफॉर्मेंस और आराम एवं सहूलियत भरे फीचर्स का वादा करती है। नई ह्युंडई CRETA का कोई जोड़ नहीं है, जिससे इसके अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट होने की झलक दिखती है। नई ह्युंडई CRETA की लॉन्चिंग के मौके पर ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ श्री उनसू किम ने कहा, ह्युंडई CRETA भारत के पसंदीदा ब्रांड में से है, जिसे 9 लाख से ज्यादा ग्राहकों ने खरीदा है और यह गिनती अभी भी बढ़ रही है। इसने भारत को लाइव द एसयूवी लाइफ बनाया है। नई ह्युंडई CRETA सड़क पर अपनी जबर्दस्त प्रजेंस, एडवांस्ड लेवल 2 एडीएएस सेफ्टी, पावरफुल 1.5 लीटर टर्बो जीडीआई इंजन जैसे सेगमेंट के अग्रणी फीचर्स और सहूलियत एवं एक्टिव व पैसिव सेफ्टी फीचर्स साथ भारत में एक बार फिर एसयूवी की दुनिया को नई परिभाषा देने के लिए तैयार है। हमें भरोसा है कि नई ह्युंडई CRETA न केवल CRETA ब्रांड की विरासत को कायम रखेगी, बल्कि इसे और ऊपर लेकर जाएगी, और देश की अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट एसयूवी बनी रहेगी। इस अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट एसयूवी के ब्रांड एंबेसडर भी इसी की तरह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट सितारे हैं। एक्शन से भरपूर टीजर के माध्यम से एचएमआईएल ने अपनी इस ब्लॉकबस्टर एसयूवी के लिए शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण को ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। यह शानदार पार्टनरशिप एचएमआईएल की अत्याधुनिक ऑटोमोबाइल और युवाओं की महत्वाकांक्षाओं के बीच के गैप को भरने वाले परफेक्ट कैटलिस्ट के रूप में पेश करेगी। ग्लोबल डिजाइन लैंग्वेज में विकास के साथ नई ह्युंडई CRETA कुछ नया तलाशने की चाहत रखने वाली नई पीढ़ी के टेक सैवी ग्राहकों की चाहत के अनुरूप बोल्ड डिजाइन के साथ तैयार की गई है।

# नई मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट को मिलने वाली आयकर छूट अवधि बढ़ सकती है




**नई दिल्ली।** निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अंतरिम बजट में कई रियायतों का एलान किया जा सकता है। सरकार नई मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने वाली कंपनियों के लिए लागू रियायती 15 प्रतिशत आयकर दर को एक साल के लिए बढ़ा सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। परामर्श कंपनी ईवाई ने अपनी बजट अपेक्षा रिपोर्ट में यह भी कहा है कि अंतरिम बजट में सरकार कर भुगतान को आसान बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी जबकि विधायी सुधार भी जारी रहेंगे। ईवाई ने कहा कि अंतरिम बजट में मैन्यूफैक्चरिंग और निर्यात में अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 15 प्रतिशत रियायती आयकर दर का लाभ उठाने वाली कंपनियों के लिए मैन्यूफैक्चरिंग शुरू करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2024 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2025 की जा सकती है। सरकार ने 2019 में एलान किया था कि एक अक्टूबर, 2019 को या उसके बाद मैन्यूफैक्चरिंग में नया निवेश करने वाली किसी भी नई घरेलू कंपनी को 31 मार्च, 2023 या उससे पहले अपना उत्पादन शुरू करने पर 15 प्रतिशत की रियायती दर से आयकर का भुगतान करने का विकल्प मिलेगा। पिछले साल पेश बजट में सरकार ने यह अवधि बढ़ाकर मार्च, 2024 कर दी थी। ईवाई रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वैश्विक विकास की संभावनाएं कमजोर बनी हुई हैं, लेकिन भारत को अपनी लचीली घरेलू मांग के कारण चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने की उम्मीद है। मध्यम अवधि में भारत की विकास दर इसकी बचत और निवेश दरों पर निर्भर है।

# फायरस्टोन ने 5 साल की वारंटी के साथ अपना अत्याधुनिक रोडहॉक 2 5 टायर लॉन्च

**पुणे।** फ़ायरस्टोन, एक वैश्विक ब्रांड, जिसकी 120 साल पुरानी विरासत है, ने आज अपना - फ़ायरस्टोन रोडहॉक 25 पेश किया है, जो अगली पीढ़ी का टायर है और इसे शानदार स्थानीय और उन्नत तकनीकी विशेषताओं के साथ बनाया गया है। 5 वर्ष की वारंटी के साथ समर्थित, यह टायर नई उद्योग मानकों को स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, इस टायर में अपूर्व प्रदर्शन, बेहतर सुरक्षा, श्रेष्ठ माइलेज और उत्कृष्ट ब्रेकिंग क्षमताएँ मिलती हैं। फायरस्टोन का रोडहॉक 25 टायर हैचबैक, सेडान और ष्ट्रङ्क बाजार की मांग को पूरा करेगा। फायरस्टोन का रोडहॉक 25 टायर 12 से 16-इंच रिम आकार की अनुकूलता के साथ बनाया गया है। हमारे लिए यह एक गर्व का क्षण है कि हमने अमेरिका के प्रतिष्ठित टायर ब्रैंड को पेश करने का निर्णय लिया है और हमारे उत्पादों में रोडहॉक 2जेड को शामिल किया गया है। टायर उद्योग में फ़ायरस्टोन का 1900 के दशक से चली आ रही एक समृद्ध विरासत है। हम यकीन




रखते हैं कि रोडहॉक 2जेड ग्राहकों और हमारे चैनल पार्टनर्स के बीच अच्छी स्वीकार्यता प्राप्त करेगा,÷ मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी श्री राजर्षि मोइत्रा ने कहा। ज्यादा माइलेज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इस टायर में एक अद्वितीय कम्पाउंड शामिल किया गया है, जिसमें उच्च कार्बन ब्लैक अनुपात होता है, जो बेहतर रोलिंग प्रतिरोध प्रदान करता है और टायर पर घर्षण को कम करता है। इसको मजबूत मटेरियल के साथ सुदृढ़ किया गया है, जिससे ब्रेकिंग प्रदर्शन में सुधार होता है और साथ ही सड़कों पर मजबूत ग्रिप भी सुनिश्चित होती है।

# भगवान राम के स्वागत के लिए श्रीमंदिर अयोध्या में करने जा रहा है भव्य आयोजन, प्रत्येक भारतीय परिवार मनाएगा उद्घाटन का उत्सव

**अयोध्या।** भारत के माननीय प्रधानमंत्री अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन करने जा रहे हैं। इस शुभ अवसर पर, देश की अग्रणी भक्ति ऐप श्रीमंदिर की ओर से रामोत्सव बाय श्रीमंदिर की पेशकश की गई है। श्रीमंदिर, स्टार्टअप समर्थित द्वारा पीक

**आयोजन**

**श्रीमंदिर, स्टार्टअप समर्थित द्वारा पीक ङ्कङ्क पार्टनर्स और एलिवेशन कैपिटल, 18 से 24 जनवरी 2024 के बीच एक खास आयोजन करने जा रहा है।**

XV पार्टनर्स और एलिवेशन कैपिटल, 18 से 24 जनवरी 2024 के बीच एक खास आयोजन करने जा रहा है। इसके तहत एक सप्ताह तक चलने वाले उत्सव के दौरान, अयोध्या के राज द्वार मंदिर में 100,000 से अधिक दीयों की चमक से शहर को रोशन किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 22 जनवरी '24 को 4,000 से अधिक संतों (पुजारियों) और 2,500 प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। श्रीमंदिर की यह अपनी तरह की पहली पहल, भारत में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का जश्न मनाने वाले प्रत्येक भक्त को एक बेहद खास और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करेगी। उत्सव की इस रौनक के बीच, श्रीमंदिर अयोध्या में पूजा और पाठ का भी आयोजन करेगा। श्रीमंदिर के इस प्रयास से दुनिया भर के प्रतिभागियों को अपने घर पर आराम से बैठकर आध्यात्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने में मदद मिलेगी। ऐप पर दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत, दुनिया भर के भक्त भगवान राम के स्वागत में उनके नाम पर 1, 5, 11 या 21 दीयों से अयोध्या को रोशन करते हुए दीप प्रज्जवलित कर सकते हैं।

दुनिया भर में बहुत से वरिष्ठ नागरिक इस क्षण का दशकों से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन वे खुद व्यक्तिगत रूप से अभिषेक को देखने के लिए अयोध्या पहुंचने में असमर्थ हैं; इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए श्रीमंदिर 60 वर्ष से अधिक आयु के यूजर्स के लिए निःशुल्क दीप प्रज्वलन की पेशकश कर रहा है। श्रीमंदिर की टीम इन क्षणों को कैद करेगी और भाग लेने वाले भक्तों के साथ जलाए गए दीयों के पर्सनलाइज्ड वीडियो साझा करेगी। इस खास अवसर के बारे में बात करते हुए, श्रीमंदिर के संस्थापक और सीईओ, प्रशांत सचान ने कहा, ÷मैं भक्ति और विश्वास के प्रतीक इस भव्य राम मंदिर के उद्घाटन का गवाह बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

# ग्रीन हाइड्रोजन भारत की शुद्ध-शून्य उत्सर्जन यात्रा के लिए महत्वपूर्णः अदाणी

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन भारत के शुद्ध-शून्य उत्सर्जन की दिशा में सफर की कुंजी




है और इस पर आने वाली उच्च लागत को सौर ऊर्जा के माडल का अनुकरण करके नीचे लाया जा सकता है। सौर ऊर्जा की उत्पादन लागत पिछले कुछ वर्षों में तेजी से घटी है। वर्ष 2011 में सौर पैनल से बिजली पैदा करने पर 15 रुपये प्रति यूनिट की लागत आती थी लेकिन अब यह घटकर 1.99 रुपये प्रति यूनिट पर आ गई है। यह पूरी दुनिया में सौर ऊर्जा की सबसे कम उत्पादन लागत है। अदाणी समूह के मुखिया ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के लिए लिखे एक ब्लाग में कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन की दिशा में छलांग लगाने से भारत को ऊर्जा सुरक्षा हासिल करने और शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलेगी। नवीकरणीय बिजली के इस्तेमाल से पानी को विभाजित करके ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है। यह एक स्वच्छ ईंधन है और इससे कार्बन उत्सर्जन नहीं होता है। इसका इस्तेमाल इस्पात और तेल रिफाइनरी जैसे उद्योगों में कच्चे माल और वाहनों में ईंधन के रूप में किया जा सकता है। नवीकरणीय ऊर्जा के साथ ग्रीन हाइड्रोजन कारोबार में भी सक्रिय गौतम अदाणी ने कहा कि ऊर्ध्वाधर एकीकरण से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन लागत को काफी कम किया जा सकता है। %ऊर्ध्वाधर एकीकरण में एक कंपनी अपनी मुख्य उत्पाद से जुड़ी सभी गतिविधियों को अंजाम देती है। उन्होंने कहा कि भारत में ग्रीन हाइड्रोजन कई क्षेत्रों के लिए शुद्ध-शून्य उत्सर्जन की दिशा में आखिरी मुकाम हो सकता है।

# शीतल डायमंड्स के बोर्ड ने 49.95 करोड़ रुपये के प्रेफरेंशियल इश्यू को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** शीतल डायमंड्स लिमिटेड (बीएसईः 530525), एक तेजी से बढ़ती हीरा निर्माता, आपूर्तिकर्ता और रियल नेचुरल लूज़ डायमंड और डायमंड ज्वैलरी की एक विशेष श्रृंखला की निर्यातक ने 49.95 करोड़ रुपये तक के प्रेफरेंशियल इश्यू की घोषणा की है। इस इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग रिटेल क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए किया जाएगा, जिसके तहत कंपनी देश भर में रिटेल स्टोर स्थापित करने की योजना बना रही है।कंपनी ने 27 दिसंबर 2023 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में अधिकृत पूंजी को रु. 15,50,00,000 तक बढ़ाने का निश्चय किया, जिसमे रु. 5 प्रत्येक के 3,10,00,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। यह वृद्धि रु. 5 प्रत्येक के 83,25,000 इक्विटी शेयर (60 रुपये के इश्यू मूल्य, 55 रु. प्रीमियम सहित, कुल 49.95 करोड़ रुपये) पात्र आवंटियों को प्रेफरेंशियल इश्यू के माध्यम से आवंटित और जारी करने के लिए की गयी है। इस निर्णय पर पहुँचने हेतु कंपनी ने पोस्टल बैलट का उपयोग करने का निश्चय किया। कंपनी का नाम बदलकर %रजनीश रिटेल लिमिटेड% करना भी निश्चित हुआ।प्रस्तावित आवंटियों में प्रमोटर और गैर-प्रमोटर समूह की विभिन्न संस्थाएं शामिल हैं। प्रमोटर, रजनीशकुमार सिंह, 18,00,000 शेयरों की सदस्यता लेंगे, जबकि अन्य गैर-प्रवर्तक समूह संस्थाएं 60 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 65,25,000 शेयरों की सदस्यता लेंगे। दावा डिस्काउंट स्टोर्स के साथ रजनीश वेलनेस लिमिटेड की सफलता के दूरदर्शी श्री रजनीशकुमार सिंह ने पहले शीतल डायमंड्स लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा कर लिया था। खुली पेशकश की शर्तों और प्रबंधन के नियंत्रण में बदलाव के परिणामस्वरूप, नए बोर्ड का नेतृत्व अब रजनीशकुमार सिंह (प्रमोटर और अध्यक्ष), और अपरा शाह, लविश कटारिया और रेनू कौर करेंगे, जो सभी अतिरिक्त गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में काम करेंगे। विजय कुमार चोपड़ा सीईओ और कार्यकारी निदेशक के रूप में काम करेंगे।

रजनीश वेलनेस लिमिटेड (एक कंपनी जो वर्ष 2018 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हुई थी) के प्रमोटर, संस्थापक और प्रबंध निदेशक हैं। इससे पहले कंपनी का बाजार पूंजीकरण 900 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। उनके पास रिटेल क्षेत्र में व्यापक अनुभव है, और उनके पिछले प्रयासों में उन्हें सफलता मिली है। उन्होंने लगातार एक दृढ़ दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया है और नवीन और अद्वितीय उत्पादों के विकास में गणना जोखिम लेने की इच्छा प्रदर्शित की है।नवीन विचारों वाले सभी रिटेल व्यवसाय रजनीश रिटेल लिमिटेड के बैनर तले लॉन्च किए।

# सैमसंग ने गैलेक्सी ए05एस, ए54 5जी और ए34 5जी फोन की खरीदारी पर रोमांचक ऑफर्स की घोषणा की

**गुरुग्राम।** भारत 15 जनवरी 2024-भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने बेहद लोकप्रिय गैलेक्सी ए05एस (05ह्य), ए54 5जी (54 5द्द), और गैलेक्सी ए34 5जी (34 5द्द) स्मार्टफोन्स पर रोमांचक ऑफर्स की घोषणा की है। स्पेशल ऑफर के तौर पर उपभोक्ता अब गैलेक्सी ए05एस पर 2000 रुपये की तत्काल छूट हासिल कर सकते हैं। 4 जीबी+128 जीबी के इस फोन का वास्तविक मूल्य 13,499 रुपये है, जबकि 6 जीबी+128 जीबी के वैरिएंट की मूल कीमत 14,999 रुपये है। ऑफर्स के तहत उपभोक्ता इसे क्रमशः11,499 रुपये और 12,999 रुपये की कीमत पर खरीद सकते है। इसमें जबरदस्त परफॉरमेंस के लिए क्वॉलकॉम स्नैपड्रेगन 680 और 6.71 इंच में फुल एचडी+80 हटर्ज का विशालकाय डिस्प्ले लगाए गए हैं। गैलेक्सी ए05 एस एक साथ कई काम करने के लिए और शानदार तरीके से मोबाइल देखने के लिए एकदम परफेक्ट है। इसके 50 एमपी के मेन कैमरे से आप शानदार तस्वीरें खींच सकते है। इसमें आपको 25




वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करने वाली लंबे समय तक चलने वाली 5000 एमएएच की बैटरी मिलती है, जिससे फोन लम्बे समय तक काम करता है। गैलेक्सी ए05 एस चार साल के सिक्योरिटी अपडेट्स और दो जेनरेशन के ओएस अपग्रेड के साथ भविष्य के लिये तैयार स्मार्टफोन है। गैलेक्सी ए05 एस अब रिटेल स्टोर्स, सैमसंग डॉट कॉम और दूसरे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। गैलेक्सी ए34 5जी की वास्तविक कीमत 30,999 रुपये से शुरू होती है। उपभोक्ता अब इसे केवल 25,999 रुपये की प्रभावी कीमत पर खरीद सकते हैं, जिसमें उन्हें 3,500 रुपये का कैशबैक और ऐक्सिस बैंक का कार्ड इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को 1500 रुपये का अतिरिक्त कैशबैक मिलता है। शानदार गैलेक्सी ए54 5जी फोन खरीदने के इच्छुक लोग इस फोन का 8 जीबी+128 जीबी का वैरिएंट अब 33,499 रुपये की कम कीमत में खरीद सकते हैं। इस फोन का शुरुआती मूल्य 38,999 रुपये रखा गया है। इस ऑफर में 3500 रुपये के कैशबैक के साथ ऐक्सिस बैंक का कार्ड यूज करने वाले उपभोक्ताओं को 2000 रुपये का अतिरिक्त कैशबैक भी मिलता है। इसके साथ ही जो लोग बेहतर सुविधा चाहते हैं, वह इसे आसान मासिक किस्तों में भी खरीद सकते हैं। गैलेक्सी ए54 5जी और गैलेक्सी ए34 5जी बेहद मजबूत स्मार्टफोन हैं। इस पर पानी के छींटें पड़ने का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। ये आईपी 67 की रेटिंग के साथ जल प्रतिरोधक क्षमता से भी लैस हैं। 1 मीटर गहरे ताजा पानी में 30 मिनट तक पड़े रहने से भी इन पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। इसके अलावा यह धूल मिट्टी प्रतिरोधक क्षमता से लैस हैं, जो इन्हें किसी भी रोमांचक गतिविधि के लिए बेहतरीन फोन बनाते हैं। इस फोन में बेहद ताकतवर कैमरे हैं, जिसमें ए54 में 50 एमपी ओआईएस प्राइमरी लेंस और और गैलेक्सी ए34 में 48 एमपी का ओआईएस प्राइमरी लेंस शामिल हैं। इसमें 5 एमपी का एक मैक्रो लेंस भी दिया गया है और बेहद यूजर्स को लोकप्रिय नाइटोग्राफी का फीचर भी मिलता है।

# ग्रीनसेल मोबिलिटी ने अयोध्या में 2 मिलियन से ज्यादा भक्तों की यात्रा के लिये 150 इलेक्ट्रिक बसें चलाईं

**अयोध्या।** ग्रीनसेल मोबिलिटी एक अग्रणी इलेक्ट्रिक यातायात समाधान प्रदाता कंपनी है। कंपनी को यह घोषणा करते हुये गर्व हो रहा है




कि डायरेक्टर ऑफ अर्बन ट्रांसपोर्ट ने उसे राम मंदिर के महत्वपूर्ण प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिये अयोध्या में 150 इंट्रा-सिटी इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिये एक भागीदार के तौर पर चुना है। बसों का यह फ्लीट जनवरी के मध्य से लेकर फरवरी के अंत तक अयोध्या के भीतर लगभग 2 मिलियन भक्तों को अंतःशहरी परिवहन सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसमें समारोह का दिन और उसके आस-पास के दिन शामिल हैं। यह तीर्थयात्रियों और भक्तों के लिये एक महत्वपूर्ण समय होगा। ग्रीनसेल मोबिलिटी एक कंपनी के तौर पर संवहनीय परिवहन में आगे है। इस आयोजन के दौरान सार्वजनिक परिवहन की आवश्यकता में लाखों यात्रियों को अपनी बसें प्रदान करने पर कंपनी सम्मानित महसूस कर रही है। आयोजन में मार्च 2024 तक शहर में 2.5 करोड़ से ज्यादा भक्तों के आने की उम्मीद है। इस प्रकार अयोध्या एक इको-फ्रैंडली टूरिस्ट हब बनेगा! इन 150 इलेक्ट्रिक बसों का इस्तेमाल पर्यावरण के अनुकूल समाधानों के लिये प्रतिबद्धता दिखाता है। इस प्रकार हर महीने टेलपाइप से होने वाले लगभग 600 टन उत्सर्जन से बचकर कार्बन फुटप्रिंट को बेहद कम किया जा सकेगा। 14 जनवरी, 2024 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने इन बसों को अयोध्या में हरी झंडी दिखाई। ग्रीनसेल मोबिलिटी के सीईओ एवं एमडी देवेन्द्र चावला ने कहा, ''अयोध्या को इको-फ्रैंडली पर्यटन केन्द्र बनाने में अपनी भागीदारी से हम विनम्र एवं रोमांचित हैं, क्योंकि वहाँ हमारी बसें चलेंगी।

# पूज्य मोरारी बापू ने नाथद्वारा में भगवान शिव की 369 फीट ऊंची प्रतिमा के दर्शन किये

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु एवं रामचरित मानस के प्रचारक पूज्य मोरारी बापू ने नाथद्वारा में श्रीनाथ जी तथा भगवान शिव की 369 फीट ऊंची स्टैच्यू ऑफ बिलीफ के दर्शन किये।स्टैच्यू ऑफ बिलीफ को विश्वास स्वरूपम के नाम से भी जाना जाता है, यह दुनिया में भगवान शिव की सबसे ऊंची मूर्तियों में से एक है और दुनिया की पांच सबसे ऊंची मूर्तियों में से एक है। भगवान राम और रामायण की शिक्षाओं के प्रसार के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले मोरारी बापू ने श्रावस्ती में अपनी रामकथा शुरू करने से एक दिन पहले स्टैच्यू ऑफ बिलीफ के सामने प्रार्थना की। श्रावस्ती में भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त करने के बाद समय व्यतीत किया था ।स्टैच्यू ऑफ बिलीफ परियोजना की कल्पना मिराज ग्रुप के अध्यक्ष मदन पालीवाल ने की थी। प्रतिमा में 34 मीटर का पेडस्टल शामिल है, जिसे शापूरजी पालोनजी ने बनाया था। 369 फीट ऊंची इस प्रतिमा को 20 किलोमीटर की दूरी से देखा जा सकता है। ऋह्लद्धप्रतिमा का निर्माण वर्ष 2012 में शुरू हुआ और 29 अक्टूबर, 2022 को इसका अनावरण किया गया। तब से यह आध्यात्मिक श्रद्धा का प्रतीक बन गया है। स्टैच्यू ऑफ बिलीफ क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय धार्मिक स्थलों में से एक बन गया है।

# अत्याधुनिक इमेजिंग तकनीक का प्रयोग से प्रोस्टेट कैंसर की जल्द पहचान संभव

**लखनऊ।** दुनिया भर के पुरुषों के बीच प्रोस्टेट कैंसर एक प्रमुख स्वास्थ्य चिंता बनी हुई है। यही वजह है कि इस तरह के कैंसर का पता लगाने के लिए और उसका इलाज करने के लिए समय पर बीमारी का पता लगाना बहुत जरूरी है। पिछले कुछ सालों में यूरोलॉजी में प्रोस्टेट कैंसर की जांच में काफी उन्नति हुई है, इससे इस कैंसर का जल्दी पता चलने और बेहतर इलाज़ के लिए संभावनाएं बढ़ गई हैं। पारंपरिक रूप से प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन टेस्टिंग प्रोस्टेट कैंसर का पता लगाने के लिए प्राइमरी तरीके के रूप में कार्य करता है। हालाँकि स्क्रीनिंग तकनीकों में अविष्कार होने से टेस्टिंग में आसानी हुई है। मल्टीपैरामीट्रिक मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग जैसे एडवांस डायग्नोस्टिक टूल ने ज्यादा सटीकता के साथ प्रोस्टेट के अंदर संदिग्ध क्षेत्रों की पहचान करने में क्रांति ला दी है। यह नॉन-इनवेसिव



इमेजिंग तकनीक मूत्र रोग विशेषज्ञों को संभावित कैंसर घावों को पहचानने में काफी मदद की है। इससे डॉक्टरों को ज्यादा टारगेटेड बायोप्सी की सुविधा मिली है। इसके अलावा इस तकनीक की वजह से अनावश्यक चीरफाड़ की प्रक्रिया नही होती है। हाल ही में हुए रिसर्च ने प्रोस्टेट कैंसर डायग्नोसिस में हुए बड़े बदलावों पर प्रकाश डाला है, जो दर्शाता है कि बायोप्सी से पहले मल्टीपैरामीट्रिक MRI स्कैन ज्यादा असरदार हैं। PRECISION ट्रायल्स सहित प्रमुख अध्ययनों ने इंग्लैंड और उत्तरी यूरोपीय देशों में बायोप्सी से पहले द्वश्चरूक्रढ्ढ को डायग्नोसिस के लिए देखभाल का नया स्टैंडर्ड बनाते हुए ठोस सबूत प्रदान किए हैं। यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ यूरोलॉजी इन सिफारिशों के अनुसार अपने डायग्नोस्टिक गाइडलाइंस को संशोधित कर रहा है। इमेजिंग डेटा के विश्लेषण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (द्बढ्ढ) के इस्तेमाल से काफी सुधार देखने को मिला है।(द्बढ्ढ एल्गोरिदम के साथ ह्यूमन एक्सपर्टीज (मानव विशेषज्ञता) का सहयोग इमेजिंग परिणामों की सावधानीपूर्वक जांच सुनिश्चित करता है, जिससे डायग्नोस्टिक आत्मविश्वास और सटीकता में वृद्धि होती है। इनोवेशन के क्षेत्र में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के रिसर्चर ने निर्देशित बायोप्सी के लिए MRI/अल्ट्रासाउंड फ्यूजन की उपयोगिता को बढ़ाया है। इस टीम द्वारा विकसित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल ट्यूमर का आसानी पता लगाने की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे यह अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक पद्धति बहुत सारे डॉक्टरों द्वारा उपयोग की जा सकती है।

# आने वाले वर्षों में निजी पूंजीगत निवेश में आएगी तेजीः आरबीआई

**नई दिल्ली।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा है कि स्थापित क्षमता का उपयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में निजी पूंजीगत व्यय भी जोर पकड़ेगा। वर्मा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने ही निवेश का बोझ उठाया है जबकि निजी पूंजीगत व्यय बहुत कम रहा है। उन्होंने कहा कि क्षमता उपयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है और यह उस स्तर के करीब पहुंच रहा है जो निजी क्षेत्र को कम-से-कम कुछ क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय करने के लिए प्रेरित करता है। भारतीय प्रबंध संस्थान , अहमदाबाद में प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि हाल के वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में हुए बड़े निवेश में निजी क्षेत्र के निवेश को भी आकर्षित करने की गुंजाइश बरकरार है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में निजी पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी होगी और यह सार्वजनिक क्षेत्र से निवेश की कमान संभाल लेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत मध्यम-आय के जाल में फंसने से बच सकता है, वर्मा ने कहा कि भारत के लिए इस बदलाव को अंजाम देना जरूरी है, क्योंकि इसमें मिली नाकामी देश की विशाल आबादी के लिए बेहद नुकसान पहुंचाने वाली होगी। हालांकि, प्रोफेसर वर्मा ने यह माना कि ऐसा करना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए कई दशकों तक सात-आठ प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखने की जरूरत होगी। और इस काम को ज्यादा देश नहीं पूरा कर पाए हैं। उन्होंने आशावादी नजरिया जाहिर करते हुए कहा कि भारत एक राष्ट्र के तौर पर इस चुनौती से पार पा सकता है। मध्यम-आय का जाल एक ऐसी स्थिति है जिसमें मध्यम-आय वाला देश ज्यादा मजदूरी होने से मानकीकृत, श्रम-बहुल उत्पादों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता है। इसके साथ ही यह देश तुलनात्मक रूप से बहुत कम उत्पादकता होने से उच्च मूल्य-वर्धित कार्यों में भी बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाता है।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने मुंबई में आईईईएमए के प्रमुख कार्यक्रम बीआईडी 2024 का उद्घाटन किया

**लखनऊ।** आईईईएमए, भारतीय इलेक्ट्रिकल उपकरण विनिर्माण उद्योग का शीर्ष संघ, इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, ने BuildELEC 2024 के तीसरे संस्करण के साथ फ्लैगशिप इवेंट डिस्ट्रीब्यूईएलईसी और इंटेलईसी का छठा संस्करण लॉन्च किया। 16 से 18 जनवरी तक निर्धारित तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर.के. सिंह द्वारा किया गया। भारत की, मुंबई में. बीआईडी 2024 को भारत सरकार द्वारा देश को बिजली की कमी से बिजली आपूर्ति वाले देश में बदलने में सहायता के लिए मजबूत बिजली सुधारों की पृष्ठभूमि में लॉन्च किया गया है। हाई-टेक बिजली वितरण पर भारत की प्रमुख प्रदर्शनी के रूप में, इस वर्ष का संस्करण 33KV तक के पूरे स्पेक्ट्रम को कवर करने वाले उत्पादों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का एक विस्तृत प्रदर्शन प्रदान करता है। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, श्री आर.के. सिंह, माननीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री,



भारत सरकार। भारत सरकार ने कहा मैं आईईईएमए को बिल्डईएलईसी इंटेलईसी डिस्ट्रीब्यूईएलईसी 2024 के लिए कार्यवाही शुरू करने के लिए बधाई देता हूं। पिछले 9 वर्षों में हमने अपने उद्योग में महान परिवर्तनकारी बदलाव लाए हैं, बिजली क्षेत्र को बिजली की कमी से बिजली में बदल दिया है। -पर्याप्त। पिछले 9 वर्षों में, 1,90,700 सीकेएम (जो लगभग 65% की वृद्धि है) के साथ, 4,79,185 सीकेएम का ट्रांसमिशन नेटवर्क दुनिया में सबसे बड़े राष्ट्रीय सिंक्रोनस ग्रिड के रूप में विकसित हुआ है। कुल अंतर-क्षेत्रीय विद्युत पारेषण क्षमता 1,16,540 मेगावाट तक बढ़ गई है, जो 9 वर्षों में दोगुनी से अधिक है। हमने ऊर्जा परिवर्तन में एक बड़ी महत्वाकांक्षा निर्धारित की है और 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म आधारित बिजली स्थापित करने की योजना बनाई है। हमने नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित की है 1,79,570 मेगावाट (हमारी कुल क्षमता का 43%) की क्षमता और अन्य 99,000 मेगावाट की स्थापना चल रही है। मेरे मंत्रालय ने इस बिजली की निकासी के लिए 500 गीगावॉट उत्पादन के साथ-साथ पारेषण प्रणाली की योजना शुरू की है। आईईईएमए के अध्यक्ष श्री हमजा अरसीवाला ने कहा, ÷यह तथ्य कि बीआईडी 2024 का आकार पिछले संस्करण से दोगुना से भी अधिक हो गया है, बिजली सुधारों और तेजी के परिणामस्वरूप भारतीय विद्युत उपकरण उद्योग में हो रही वृद्धि का प्रमाण है। पिछले 9 वर्षों से बिजली क्षेत्र जिस परिवर्तन की गति से गुजर रहा है। उद्योग के विकास के बारे में बात करते हुए, आईईईएमए की महानिदेशक, सुश्री चारू माथुर, ÷बीआईडी 2024 में पहली बार, 200+ अंतर्राष्ट्रीय खरीदार और 100+ घरेलू खरीदार अगले तीन दिनों में 3,000 से अधिक बी2बी बैठकों में 250+ प्रदर्शकों से मिलेंगे। हमें 50,000 से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है।

अवधनामा



# संयुक्त सचिव ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपद में सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी शैलेंद्र सिंह संयुक्त सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक भारत सरकार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 15 नवंबर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया था। यह यात्रा 26 जनवरी 2024 को समाप्त होगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाना एवं छूटे हुए लाभार्थियों को योजनाओं से अच्छादित किया जाना है। बैठक में उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की अब तक की प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं कहा कि इस यात्रा के दौरान गांव में केंद्र सरकार की योजनाओं उपलब्धियों को ग्रामीणों तक पहुंचाया जाए एवं मौके पर ही छूटे हुए लाभार्थियों का पंजीकरण भी कराया जाए साथ ही विकसित भारत पोर्टल पर सभी सूचनाओं अपलोड की जाए। लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से उनके जीवन में हुए परिवर्तनों को जन सामान्य के बीच साझा किया जाए तथा उसकी वीडियो बनाकर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। किसानों के मध्य इफको द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन किया जाए किसानों को अपने खेतों में ड्रोन के माध्यम से फ़र्टिलाइज़र के छिड़काव के संबंध में प्रोत्साहित किया जाए।

# फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार: सीएम

अवधनामा संवाददाता




- दीवार पर कमल का फूल बनाकर मुख्यमंत्री योगी ने लिखे स्लोगन
- लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रदेश में होंगी तीन बड़ी रैलियां

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कार्यकर्ता में खूब जोश का संचार किया। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शुरू दीवार लेखन अभियान के तहत उन्होंने मंगलवार को जटाशंकर स्थित श्री विश्वकर्मा भगवान पंचायत मंदिर की दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया। इसके नीचे स्लोगन लिखे, फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार।

भाजपा महानगर इकाई की ओर से आयोजित दीवार लेखन अभियान में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस अभियान को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं से संवाद के कार्यक्रम होने हैं। चुनाव से पूर्व प्रदेश में तीन बड़ी रैलियां होनी है। इन आगामी कार्यक्रमों की दिशा में दीवार लेखन अभियान बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, सभी पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों को इसमें पूरी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। जहां भी स्पेस दिखे वहां कमल का फूल बनाकर दोनों स्लोगन (फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार लक्ष्य चार सौ पार) लिखे जाने चाहिए। किसी की निजी संपत्ति पर लिखने से पूर्व उसकी अनुमति जरूर ले ली जाए। प्रयास हो कि कोई भी स्पेस स्लोगन से खाली न रहे। मुख्यमंत्री ने चुनाव में सफलता के लिए मतदाताओं से बूथ प्रबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद जितना बेहतरीन होगा, हमारे प्रत्याशी उतने ही भारी मतों से विजयश्री प्राप्त करेंगे। 2024 में हम सबका एक ही संकल्प होना चाहिए, एक बार फिर मोदी सरकार और भाजपा की सीटों की संख्या चार सौ पार। सीएम योगी ने कहा कि दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ कल राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली से कर देश को एक नया संकल्प दिया है। विकसित भारत यात्रा की तरह ही यह अभियान फलीभूत हो, इसके लिए सभी को प्राणपण से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें अपनी बात कहने में संकोच नहीं करना चाहिए। बीते करीब दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किए हैं, उन्हें जनता करीब से महसूस कर रही है।

## सहजनवा कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल ने की प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष से मुलाक़ात



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव श्रवण पांडेय एवं नगर अध्यक्ष संजय सिंह की नेतृत्व में कॉंग्रेस का प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्व सांसद अविनाश पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मिला और सहजनवां विधान सभा क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया और साथ ही सहजनवां विधान सभा क्षेत्र में बने कांग्रेस कार्यालय के जर्जर भवन को लेकर अवगत कराकर एक पत्रक दे कर कहा कि 37 वर्ष पहले बने भवन में लोक सभा, विधानसभा क्षेत्र के चुनाव का संचालन का एवं मीटिंग का कार्यालय हैं। आज यह भवन बिल्कुल जर्जर हो गया है इस जर्जर भवन में इसमें कोई बैठक नहीं हो पाती हैं। प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा भवन निर्माण की व्यस्था की जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस पूर्व महासचिव श्रवण कुमार पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष गब्बू लाल प्रजापति पीसीसी सदस्य मनोज यादव, डॉ. पीएन भट्ट, डॉ. द्वारिका नाथ गुप्त, बद्रीनाथ शुक्ला, छेदी चौबे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मानव सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है इसके दृष्टिगत कड़ाके की सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। सोमवार को मकरसंक्रांति के पावन पर्व पर अखिल भारतीय ब्राह्मण परिवार संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा बूढ़े बाबा धाम स्थित भगवान परशुराम के मंदिर पर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक रविंद्र प्रताप द्विवेदी अजित मिश्र विवेक तिवारी राजकुमार तिवारी प्रमोद तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।



## संतोष बने जिला प्रभारी



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार कप्तानगंज विकास खण्ड के जगदीशपुर निवासी संतोष पाण्डेय को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा.का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बता दें कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी के सहमति जिलाध्यक्ष पंडित महेंद्र नाथ पांडेय द्वारा सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा.की नवीन कमेटी की घोषणा की गई। नई जिला कार्यकारिणी में जिला संरक्षक सदाशिव मणि त्रिपाठी संतोष पाण्डेय जिला प्रभारी विपीन बिहारी मणि त्रिपाठी जिला संयोजक महेंद्र दुबे जिला सह संयोजक दुर्गेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य लोगों को उनके पदों और कर्तव्यों का दायित्व सौंपा गया। संतोष पाण्डेय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन ने मुझे जिला प्रभारी कुशीनगर के पद पर नियुक्त किया है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने पदों पर रहकर अपने दायित्वो का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत प्रदान करते हुए अपने समाज के लोगों का यथा संभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहुंगा। उनके जिला प्रभारी नियुक्त होने पर ढूनमुन उपाध्याय उर्फ त्यागी बाबा, नवीन प्रकाश मिश्रा आदित्य, शुक्ला टिंकू तिवारी, मनोज पाण्डेय, गौरव त्रिपाठी, धीरज पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय सहित ब्राह्मण समाज के अन्य लोगों ने बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के हर जाति व धर्म के लोगों का विकास हो रहा: विजयलक्ष्मी गौतम

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



सलेमपुर के मधवापुर में किया गया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य है कि गरीब तबके के पात्र हितग्राही जो लाभ लेने से वंचित रह गए है, उन्हें शासन की योजना का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से हर क्षेत्र में देश को ऊंचाई तक ले जा रहे हैं। हर पात्र को और हर वर्ग को सभी योजनाओं का लाभ उनकी गारंटी है। भाजपा सरकार में बिना भेद भाव के हर जाति व धर्म के लोगों का विकास हो रहा है। भाजपा नेता अशोक पाण्डेय ने कहा कि ने कहा कि अधिकारी इस यात्रा के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर पात्रों को लाभान्वित कर रहे हैं। अन्य सरकारों में लोगों को कार्यालयों का चक्कर काटना पड़ता था। कार्यक्रम को अमरेश सिंह बबलू, राजीव सिंह पहाड़ी, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, अमरदत्त यादव, अजय दूबे वत्स, अशोक तिवारी, प्रकाश पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में विनय पाण्डेय, धनन्जय चतुर्वेदी, रमाकांत मिश्र, अनूप उपाध्याय, अजय गौतम, नागेन्द्र गुप्ता, अमित सिंह, अंकित मिश्र, अमित यादव आदि मौजूद रहे।

# भोजपुरी फ़िल्म अभिनेता और सांसद रविकिशन ने किया भारत-आटा की लांचिंग

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** भारत सरकार के उपक्रम केन्द्रीय भण्डार द्वारा सस्ते दरों पर उपभोक्ताओं के लिए %भारत आटा÷ की बिक्री गोरखपुर में भी सुनिश्चित करने हेतु आज भारत आटा लांचिंग कार्यक्रम अधिकृत गैलेन्ट ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला ने भारत आटा लांचिंग करते हुये कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी समाज के निम्न व मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए बाजार मूल्य से कम कीमत पर रोजमर्रा की बस्तुओं की बिक्री सुनिष्चित कर रहें है जिसमे आटा, चावल, दाल, प्याज इत्यादि की बिक्री सरकारी एजेंसियों के माध्यम से पुरे भारत वर्ष में की जा रही है, जिसके क्रम में आज गोरखपुर में केन्द्रीय भण्डार, दिल्ली द्वारा गैलेन्ट ग्रुप को भारत आटा की बिक्री के लिए अधिकृत किया गया है, गैलेन्ट ग्रुप आटे का निर्माण कर स्टाल लगाकर व फुटकर विक्रेताओं के माध्यम से बिक्री सुनिश्चित करेगा।

इस स्कीम की जानकारी व प्रचार प्रसार हेतु मोबाईल वैन के द्वारा भी बिक्री सुनिश्चित की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोगो को इस योजना का लाभ मिल सकें। यह आटा लोगो को रु0 27.50 प्रति किलो के हिसाब से 10 किलो की पैकिंग में उपलब्ध कराया जायेगा जिसका मूल्य रु0 275/- निर्धारित होगा। आज के दिन बाजार में खुदरा आटा का मूल्य 35-40 रुपया प्रति किलो है। लोगो को बाजार भाव से कम मूल्य पर आटा मिलने से राहत होगा। इस मौके पर उपस्थित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गैलेन्ट समूह के प्रबन्ध निदेशक चन्द्र प्रकाश अग्रवाल ने आशा व्यक्त किया की सरकार की मंशा के अनुसार ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना से जोड़ते हुए उन्हें लाभ पहुंचाया जायेगा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में गैलेन्ट समूह की तरफ से निदेशक संतोष कुमार अग्रवाल ने माननीय सांसद श्री रवि किशन शुक्ला जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, कार्यक्रम में निदेशक प्रेम कुमार अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अनुराग खेतान, भास्कर तिवारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भजन-कीर्तन सांस्कृतिक कार्यक्रम का हो रहा आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश के क्रम में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामोत्सव-2024 के तीसरे दिन जनपद के प्रमुख राम मन्दिरों हनुमान मन्दिरो शिव मंदिरों दुर्गा मंदिरों बाल्मीकी मंदिरों आदि में रामकथा रामायण पाठ भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहा। उपरोक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन कीर्तन रामायण पाठ रामकथा के माध्यम से भगवान श्रीराम जी के नैतिक सामाजिक एवं मानव मूल्यो की स्थापना का आर्दश प्रस्तुत कर लोगो को जानकारी दी गई। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में आज जनपद के 40 मन्दिरों पर स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर सभी मन्दिरों पर भव्य सजावट प्रकाश व्यवस्था भी करायी गई। सभी मंदिरों पर विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत लगातार सफाई की व्यवस्था भी कराई जा रही है।

# मंदिरो में किया गया भजन-कीर्तन

अवधनामा ब्यूरो

- नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने की साफ-सफाई
- श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सजाया जायेगा पूरा नगर: मनीष





**कुशीनगर।** अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मंदिरों में भजन-कीर्तन के चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत मंगलवार की तीसरे नगरपालिका पडरौना के जलकल भवन मे स्थित श्री हनुमान मंदिर मे भजन कीर्तन व अखण्ड सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम नपाध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन मे उनके प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल की मौजूदगी में संपन्न हुई। तत्पश्चात अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा नगर के महाराजा अग्रसेन नगर में दुर्गा मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में वृहद साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल ने कहा कि श्रीराम नगरी अयोध्या मे 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर क्षेत्र के सभी मठ-मंदिरों की साफ-सफाई कर सजाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्य को भाजपा कार्यकर्ता तन मन धन के साथ पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहे है। उन्होंने कहा कि नगरक्षेत्र में स्थित श्री रामजानकी मंदिर, श्री हनुमान मंदिर और श्री वाल्मीकि मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाना है। नपाध्यक्ष ने कहा कि 496 वर्ष बाद यह शुभ घड़ी आयी है कि हमारे आराध्य राजाराम पुनः अपने महल में विराजने वाले हैं जिसे लेकर सम्पूर्ण विश्व राममय हो चुका है। पीएम मोदी और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में पूरे नगर की दीवारें भगवान राम के नाम से रंग दी गयी हैं और प्राणप्रतिष्ठा के दिन नगर को सजाने का कार्य चल रहा है।

पीएम मोदी के विजन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आज अमेरिका की सड़कें भी भगवान राम नाम के बैनरों से पट चुकी हैं साथ ही भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास के लिए नपाध्यक्ष ने पीएम मोदी की नीतियों सराहा।

## अराजक तत्वों ने दूसरी बार तोड़ी अमृत सरोवर की पिलर



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चियुरापाली टोला रानीकाफ में अमृत सरोवर का पिलर अराजक तत्वों ने दूसरी बार तोड़ दिया। इस संबंध में ग्राम प्रधान संतोष सिंह ने तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया है।

तहरीर के माध्यम से ग्राम प्रधान ने जिक्र किया है कि ग्राम पंचायत चियुरापाली टोला रानीकाफ में अमृत सरोवर का कार्य चल रहा है। कुछ दिन पूर्व पोखरी के चारों तरफ से दो मीटर ऊंचे पिलर बनाकर तार लगवाया गया था जिसे अराजक तत्वों ने आठ पिलर गिरा दिया था। सोमवार की रात पुन¬छः पिलर गिरा दिया गया है। प्रधान संतोष सिंह ने बताया कि पिलर एक ही तरफ श्याम बिहारी पुत्र टुन्नु के खेत की तरफ गिराया जा रहा है। इसी व्यक्ति पर शंका हो रही है। उक्त प्रकरण में नामजद तहरीर देकर जांच करते हुए कार्यवाई की मांग किया है।

# जिला समिति ने बोर्ड को भेजी 150 परीक्षा केंद्रों की सूची

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला परीक्षा समिति की जांच में पांच परीक्षा केंद्र मानक पर खरे नहीं उतरे हैं। इन्हें परीक्षा केंद्र की सूची से हटाते हुए जिला समिति ने 150 परीक्षा केंद्रों की सूची बोर्ड को भेजी है। जिले में कुल आठ परीक्षा केंद्र बढ़ाए गए हैं। बोर्ड की तरफ से स्वीकृति मिलती है, तो कुल 150 केंद्रों में जिले में 1,12,760 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्रों के निर्धारण में अधिकारियों की लापरवाही व कर्मचारियों की मनमानी सामने आई है। इसका अंदाजा इस से लगाया जा सकता है कि दावे व आपत्तियों की जांच में पांच केंद्र मानक पर खरे ही नहीं उतरे मिले हैं। ऐसे में अब जिला स्तरीय कमेटी ने निरस्त करने की रिपोर्ट बोर्ड को भेजी है। साथ ही नए केंद्र बनाने के दावे पर परीक्षण के बाद कमेटी ने आठ केंद्र बढ़ाने की संस्तुति भी की है। अब 150 केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की होगी।

**तहसील स्तर पर सभी केंद्रों का हुआ था सत्यापन-** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जिले में कुल 361 विद्यालय संचालित हैं। इसमें 22 राजकीय व 55 एडेड समेत कुल 361 विद्यालय शामिल हैं। इन स्कूल संचालकों ने पिछले अगस्त व सितंबर महीने में बोर्ड की वेबसाइट पर निर्धारित 32 बिंदुओं से संबंधित प्रोफार्मा को भरकर अपलोड किया था। इसके बाद अक्तूबर में दोस्तर से इन स्कूलों की जांच कराई गई। डीएम के निर्देश पर सभी एसडीएम को नोडल बनाकर राजस्व कर्मियों से 32 बिंदु पर सुविधाओं की जांच कर आनलाइन रिपोर्ट विभाग के माध्यम से बोर्ड के वेबसाइट पर अपलोड कराया गया था। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग ने भी राजकीय स्कूलों के प्रधानाचार्य व शिक्षकों की टीम लगाकर इन स्कूलों की जांच कराई थी तो संयुक्त शिक्षा निदेशक ने स्वयं जिले में पहुंच कर स्कूलों में सुविधाओं की जांच की थी। इसके बाद बोर्ड ने 147 परीक्षा केंद्रों की आनलाइन सूची जारी की थी। जिले में 1,12,760 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल में 61,496 व इंटर में 51,264 परीक्षार्थी शामिल हैं।

### ये केंद्र किए शामिल

जनता इंटर कॉलेज हाटा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सेवरही, पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय लक्ष्मीपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय माडल स्कूल मिश्रौली, डॉ. अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज ढोलहां में संसाधन न होने के कारण निरस्त करने की संस्तुति की गई है।

**इन्हें बनाया गया नया केंद्र-** त्रिवेणी इंटर कॉलेज बेदूपार, रामसकल इंटर कॉलेज रामचंद्रपुर, चंद्रावती देवी कन्या इंटर कॉलेज पकड़ी बांगर, रघुनाथ त्रिपाठी उमावि कुबेरस्थान, जीडी इंटर कॉलेज असना, प्रताप नारायण इंटर कॉलेज बांसगांव जमुआन, त्रियुगी नारायण दामोदर दास इंटर कॉलेज देवतहा बाली, बाबू छकौड़ी सिंह इंटर कॉलेज इंदरपुर

### 147 की सूची हुई थी जारी

बोर्ड परीक्षा को लेकर 147 केंद्रों की सूची आनलाइन जारी की गई थी, जिसमें 30 नवंबर तक प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों से दावे व आपत्तियां मांगी गई थी। जिसमें 117 आवेदन आनलाइन जमा हुए। इसमें संचालकों ने 67 नए केंद्र बनाने, 34 ने 10 किलोमीटर से अधिक की दूरी व 12 ने क्षमता से अधिक परीक्षार्थियों की संख्या होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसका परीक्षण डीएम की अध्यक्षता वाली सात सदस्यता वाली कमेटी ने किया।

दावे व आपत्तियों की जांच में पांच केंद्र निरस्त किए गए हैं। इसके अलावा आठ विद्यालयों को नए परीक्षा केंद्र बनाने के लिए संस्तुति की गई गई हैं। जिला स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट बोर्ड को भेज दी गई है। यदि बोर्ड अनुमति देता है तो कुल 150 केंद्रों पर परीक्षा होगी।

**रविंद्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, कुशीनगर**

- जांच में 5 केंद्र मानक पर खरे नहीं

# प्राण प्रतिष्ठा का दिन गौरव व ऐतिहासिक

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भाजपा द्वारा रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर चलाये जा रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत सदर सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने गरुलपार स्थित काली मन्दिर पर,नपाध्यक्ष अलका सिंह ने पंचमुखी हनुमान मन्दिर पर तथा सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी ने कचहरी चौराहा स्थित शिव मन्दिर पर साफ-सफाई किया। इस दौरान सदर सांसद डा.रमापति ने कहा कि हमारे मंदिर, हमारी आस्था के केंद्र हैं। ऐसे में उन्हें स्वच्छ व सुंदर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अब पूरे देवरिया के हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाया जा रहा है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण दिवस को ऐतिहासिक व गौरव का दिन बताया,साथ ही कहा कि भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देशवासियों में बड़ा उत्साह है। यही वजह है कि हर व्यक्ति अपने स्तर पर तैयारियों में जुटा है। नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि कहा कि देवरिया को साफसुथरा बनाने में सबको आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी। मन्दिर हम सभी के पूज्य स्थल है,इसको साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि 14 से 22 जनवरी तक पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंदिरों की साफ-सफाई की जाएगी और 22 जनवरी को सभी मंदिरों को सजाया जाएगा।देवरिया जनपद के सभी लोग इस दुर्लभ क्षण में सहभागी बने यही सबसे आग्रह है। इस दौरान हरेन्द्र जायसवाल,रमेश वर्मा,संजू सोनी,दिनेश गुप्ता, संतोष साहिल, मिथिलेश मिश्रा, हंसनाथ यादव, दीपक वर्मा, रवि पाण्डेय, अमित कुमार दूबे, रविशंकर आदि रहे।

# योजनाएं पहुंच रही जनता के द्वार: शलभ मणि

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** गौरी बाजार विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बसडिला और चिलौना में विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन पहुंचने पर क्षेत्र की जनता ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारत में विकास का नया कीर्तिमान बन रहा है। गांव से लेकर शहर तक एक समान विकास को रफ्तार दी जा रही है। किसानों के हित को देखते हुए उनके खाते में सम्मान निधि भेजने के साथ ही खाद, बीज की उपलब्धता पर्याप्त रूप से की जा रही है, पूर्व की सरकारों में किसानों को खाद बीज के लिए आंदोलन करना पड़ता था। अब सुविधा और स्वास्थ्य जरूरतमंदों को घर तक पहुंचाया जा रहा है। मूलभूत सुविधाओं के साथ भारत के गौरवशाली संस्कृति को सरकार संवारने का काम कर रही है। इस दौरान वहां उपस्थित गर्भवती महिला का गोदभराई कार्यक्रम भी किया गया तथा छोटे मासूम बच्चे का अन्नप्राशन भी किया गया। विधायक ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया तथा उपस्थित जनता से ये वादा भी किया कि 22 जनवरी के बाद सबको अयोध्या में भगवान राम का दर्शन भी कराया जायेगा इसके लिए हम लोग तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज तक ऐसी कोई सरकार नहीं है जिसने सरकारी योजनाओं को आम नागरिकों के दरवाजे तक लाई हो इसके पहले जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए महीनो तहसीलों और सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ता था लेकिन मोदी और योगी की सरकार में अधिकारी खुद जनता के दरवाजे तक योजनाओं को लेकर पहुंच रहे हैं, ये मोदी सरकार की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में हर धर्म के लोगों का सहयोग मिल रहा है, प्राण प्रतिष्ठा का सबसे पहला निमंत्रण बाबरी मसजिद के मुद्दई इकबाल अंसारी को दिया गया और उन्होंने कहा कि हम जरूर आएंगे क्योंकि राम हमारे पूर्वज थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक संजय तिवारी, राजेश मिश्रा, बृजेश गुप्ता और सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# उद्योग व्यापार मंडल ने जताया सांसद का आभार

अवधनामा संवाददाता




**भाटपार रानी, देवरिया।** तहसील उद्योग व्यापार मंडल तथा जेपी मूवमेंट की एक संयुक्त बैठक संगठन के कैंप कार्यालय पर हुई ,जिसकी अध्यक्षता जिला उद्योग व्यापार मंडल देवरिया के जिला उपाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रामदरश गुप्त ने किया बैठक में सर्व सहमति से रेलवे स्टेशन भाटपार रानी में विगत वर्षों से चली आ रही थी तीन एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव लॉकडाउन के कारण बंद हो गया था, जैसे ग्वालियर बरौनी अवध आसाम लखनऊ बरौनी उपयुक्त तीनों ट्रेनों का ठहराव सलेमपुर संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कर्मठसील सांसद के अथक प्रयास भाटपार रानी रेलवे स्टेशन पर हो जाने पर सलेमपुर लोकसभा सांसद रवींद्र कुशवाहा को भाटपार रानी नगर की जनता सहित क्षेत्रीय जनता ने हृदय से बधाई दी है, बैठक में सलेमपुर के कर्मठ सील लोकप्रिय सांसद रवींद्र कुशवाहा व भारत सरकार के रेल मंत्री से मांग की गई है कि लखनऊ से पटना के बीच सप्ताह में 5 दिन चलने वाली पाटलिपुत्र जिसका नंबर 12 529 व डॉउन 12530, सहरसा से अमृतसर के बीच प्रतिदिन चलने 14617 वोट डाउन 14618 जन सेवा एक्सप्रेस छपरा से गोदान के बीच वाया भटनी होकर सप्ताह में 3 दिन चलने वाले गोदान एक्सप्रेस तथा कटिहार से दिल्ली के बीच प्रतिदिन चलने वाली अमरपाली एक्सप्रेस इसका नंबर 15707 व 15 708 है उपरोक्त चारों एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव भाटपार रानी रेलवे स्टेशन पर जनहित में सुनिश्चित किया जाए।

# जनपद के लिए आवंटित हुआ 330 सोलर पम्प का लक्ष्य

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में जनपद बहराइच में विभिन्न क्षमता के 330 सोलर पम्पों की स्थापना कृषकों के प्रक्षेत्र पर कराये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनान्तर्गत सोलर पम्पों की स्थापना पर कृषकों को 60 प्रतिशत अनुदान देय है। श्री शाही ने बताया कि विभागीय वेबसाइट यूपीएग्रीकल्चर डाट कॉम पर 20 जनवरी 2024 से पूर्व टोकन की ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। डी.डी. एग्री श्री शाही ने बताया कि 02 एच.पी.ए.सी. व डी.सी. सरफेस पम्प का मूल्य रू. 1,71,716=00 व सबमर्सिबल पम्प का मूल्य रू. 1,74,073=00 तथा डी.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 1,74,541=00, 3 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 2,30,445=00 व डी.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 2,32,721=00, 5 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 3,27,498=00, 7.5 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प मूल्य रू. 4,44,094=00 एवं 10 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प के मूल्य रू. 5,57,620=00 के सापेक्ष 60 प्रतिशत अनुदान देय होगा। शेष धनराशि कृषक अंश होगा। श्री शाही ने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर योजना के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

श्री शाही ने बताया कि 02 एच.पी.ए.सी. सरफेस पम्प के लिए 42, सबमर्सिबल पम्प 08, डी.सी. सरफेस पम्प 20 व सबमर्सिबल पम्प 05, 3 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प 80 व डी.सी. सबमर्सिबल पम्प 50, 5 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प 75, 7.5 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल 40 तथा 10 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल पम्प हेतु 10 कुल 330 का लक्ष्य आवंटित हुआ है। श्री शाही ने बताया कि 02 से 05 हार्सपावर हेतु बोरिंग 06 इंच तथा 7.5 व 10 हार्सपावर हेतु 08 इंच बोरिंग की आवश्यकता होगी। ऑनलाइन टोकन जनरेट करते समय कृषक को रू. 5000=00 टोकन मनी के रूप में जमा करनी होगी।

## उच्चतर न्यायिक सेवा के लिए आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 29 फरवरी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा-2023 अन्तर्गत सीधी भर्ती की 83 रिक्तियों (एससी-17, एसटी-01, ओबीसी-22, ईडब्ल्यूएस - 08 और अनारक्षित-35) को भरने के लिए पात्र अधिवक्ताओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। पद की अर्हता रखने वाले इच्छुक अधिवक्ता अधिकारिक वेबसाइट इलाहाबाद हाईकोर्ट डाट इन पर 29 फरवरी 2024 की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं होंगे। आनलाइन भरे गये आवेदन की हार्ड कापी जमा करने तथा प्रारम्भिक परीक्षा की तिथि की जानकारी बाद में दी जायेगी। उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 35 से 45 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अधिवक्ता जिनके पास 07 वर्ष के न्यायिक कार्य का अनुभव है।

# मकर संक्रान्ति पर गर्म वस्त्रों का किया वितरण

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर जहां एक ओर मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हुये और लोगों ने तिल, खिचड़ी इत्यादि का दान किया। तो वहीं दूसरी ओर ग्राम सिरसी स्थित सहरिया बस्ती में जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। धार्मिक माहौल में भगवानदास साद्य की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी सुषमा भगवानदास साद्य द्वारा जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र रजक की अध्यक्षता में आयोजित गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम के दौरान शिक्षा संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सहरिया समूह के लोगों का उत्थान करने के लिए शासन की ओर से कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं का लाभ पात्रता के आधार पर लोगों को मिल भी रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सहरिया समुदाय के लोग अब जागरूक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग होते जा रहे हैं, जो कि एक अच्छी बात है। इस दौरान वक्ताओं ने महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज एकजुट होकर विकास की मुख्य धारा से जुड़ने का प्रयास करे, इसमें जो भी सहयोग होगा सदैव किया जायेगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रविन्द रजक, जन कल्याण समिति के अध्यक्ष चन्दन अहिरवार, बालाजी विद्यालय के प्रबंधक अरूण ताम्रकार, उमाकांत सोनी पत्रकार, प्राचार्य मां जागेश्वरी आईटीआई अभय राजपूत, पत्रकार नीरज जैन, ग्राम प्रतिनिधि रोहित जैन, आदर्श साद्य, साक्षी साद्य के अलावा गांव के अनेकों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समचार

### लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित किया गया आई.टी. सेल

**बहराइच।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर ज्यौति चौरसिया की अध्यक्षता में आई.टी. सेल का गठन कर दिया गया है। जिले में गठित आई.टी. सेल विभिन्न पोर्टल/ऐप यथा एनकोर, सी. विजिल एवं सुविधा का संचालन सुनिश्चित कराएगी। जिले में गठित आई.टी. सेल में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी, राजकीय पालीटेक्निक के प्रवक्ता अनुभव अस्थाना, सागर प्रसाद व विनोद कुमार त्रिपाठी, कम्प्यूटर प्रोग्रामर अम्बिका प्रसाद, राजकीय बालिका पालीटेक्निक की प्रवक्ता सुश्री कीर्ति श्रीवास्तव, उ.प्रा.वि. शंकरपुर विजय कुमार व राजकीय आई.टी.आई. महसी की अनुदेशक श्रीमती अंजली को सदस्य नामित किया गया है।

### विकास कार्यो की समीक्षा बैठक 18 जनवरी को

**बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने बताया कि 18 जनवरी 2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सी.एम. डैशबोर्ड, आईजीआरएस, विकास कार्य तथा 50 लाख से अधिक एवं 50 लाख से कम निर्माण कार्यो/परियोजनाओं की कार्यदायर संस्थाओं के साथ विगत 03 माह के तुल्नात्मक कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### जिला पंचायत की बैठक 20 जनवरी को

**बहराइच।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह की अध्यक्षता में 20 जनवरी 2024 को अपरान्ह 12:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिला पंचायत की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत डॉ. वीरेन्द्र बहादुर ने समस्त मा. सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, क्षेत्र पंचायत प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य तथा सभी सम्बन्धित अधिकारियों से निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### निर्वाचन व्यय दर निर्धारण हेतु गठित हुई समिति

**बहराइच।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में चुनाव की घोषणा से पूर्व राजनैतिक दलों के साथ विचार-विमर्श कर निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित विभिन्न मदों/सामग्रियों की दर निर्धारित करने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समिति की गठन किया है। जिसमें वरिष्ठ कोषाधिकारी, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख., एआरटीओ, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है।

### प्रकाशोत्सव पर आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**ललितपुर।** जिला बार एसोसिएशन की सार्वजनिक सभा आहूत की गयी, जिसमें श्रीगुरूसिंह सभा गुरूद्वारा के मंत्री मनजीत सिंह सलूजा एड. व आर.एस.छतवाल एड. ने उपस्थित होकर अपने विचार रखे। सिख पंथ के दसवें गुरूश्री गोविंदसिंह साहिब के त्याग व बलिदान पर प्रकाश डाला उनका एवं उनके परिवार का बलिदान हम सभी भारत वासियों के लिए गर्व का विषय एवं अविस्मरणीय है।

इस पर्व पर गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने अपनी भागीदारी व उपस्थिति का अनुरोध किया एवं राज्य सरकार द्वारा भी 17 जनवरी 2024 का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया गया कि अधिवक्तागण 17 जनवरी 2024 को श्रीगुरु गोविंदसिंह साहिब के प्रकाशोत्सव पर भागीदारी करेंगे तथा जनपद के सभी न्यायालयों में कार्य से विरत रहेंगे। न्यायालयों से जिला बार आह्वान करती है कि उक्त प्रस्ताव के क्रम में सहयोग प्रदान करें।

# सुपर मार्केट में फिर से बहाल न हो देशी शराब की दुकान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** शहर के मध्य स्थित सुपर मार्केट में देशी शराब का ठेका फिर से न दिये जाने की मांग को लेकर व्यापारी नेताओं ने लामबंद होकर जिलाधिकारी व ईओ नगर पालिका को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि डीएम कार्यालय से जारी पत्र का हवाला देते हुये व्यापारियों ने बताया कि देशी शराब की दुकानों के ऑन लाइन नवीनीकरण एवं ई-लाटरी के माध्यम से दुकानें, ठेका आवंटित किया जाना है। व्यापारियों ने बताया कि विगत दो वर्षो से सुपर मार्केट में देशी दुकान हटाये जाने के सम्बन्ध में व्यापारी एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा कहा गया है किन्तु अभी तक देशी शराब के ठेके को बन्द नही किया गया है। देशी शराब का ठेका बाजार में होने के कारण आराजक तत्वों व शराबियों का जमाबड़ा बाजार में होता है। बाजार में आने वाली महिलाओं बच्चो राहगीरों के साथ आये दिन घटनायें होती रहती है। जिससे बाजार में ग्राहकों का आना जाना बन्द होता जा रहा है। जिससे व्यापारियों के व्यापार प्रभावित हो रहे है। बताया कि सुपर मार्केट में जो देशी शराब का ठेका संचालित किया जा रहा है। वह दुकान किसी अन्य नाम से आवंटित है और ठेका किसी अन्य नाम से आवंटित है जो कि सिकमी किरायेदारी के अन्तर्गत आती है, जो कि अनुचित एवं विधि विरूद्ध है।

## मानव मात्र की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य

**सुल्तानपुर।** गरीबों सहयोग की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य है, मानव मात्र की सेवा करने से जो सुखद अनुभूति होती है, उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है।यह बातें वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व डीएफओ रामदुलार पाठक ने अपने सम्बोधन में कही।श्री पाठक मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अपने पैतृक आवास पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी क्षेत्र के सैकड़ों असहाय व गरीबों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के अलावा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन की सहभागिता रही। श्री पाठक ने न सिर्फ अपने हाथों से परोसकर भोजन कराया बल्कि सभी को यथोचित दक्षिणा व कम्बल वस्त्रादि का वितरण किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि मानव मात्र की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य है। कहा कि सेवा करने से उन्हें बड़ी आत्मसंतुष्टि मिलती है।

# भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में निकली शोभा यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** वर्षो से प्रतीक्षारत भगवान राम के मंदिर निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जाना के हिंदू संगठनों ने जिला मुख्यालय पर भव्य शोभा यात्रा निकाली।जिसमे भक्ति गीतों को धुन पर लोग जमकर थिरकते दिखे।शोभा यात्रा के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से पूरा शहर गूंज उठा। जिला पंचायत के सामने से डाकघर चौराहे के बीच छात्र-छात्राओं की अद्भुत शोभायात्रा निकाली गई। बीजेपी जिलाध्यक्ष आरए वर्मा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ वीडा पाण्डेय, विधायक सीताराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, शहर विधायक प्रतिनिधि राजेश पांडे समेत विद्या मंदिर और शिशु मंदिर विद्यालय के सैकड़ो बच्चे सड़क पर भगवा झंडा लहराते हुए शोभा यात्रा में शामिल हुए। जय श्री राम के उद्घोष से कुशभवनपुर भगवामय हो गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग शोभायात्रा देखने के लिए पहुंचे। नगर में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भाजपा जिलाध्यक्ष डा0आर ए वर्मा, लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा, सुल्तानपुर विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय, चेयरमैन नगर पालिका प्रवीन अग्रवाल, वा जंप के वरिष्ठ भाजपा नेता शोभा यात्रा में शामिल रहे।नगर के तिकोनिया पार्क से प्रारंभ हुई शोभायात्रा डाकखाना चौराहा, शाहगंज चौराहा, दरियापुर तिराहा, पंचरस्ता, सब्जी मंडी, जिला अस्पताल, गल्ला मंडी, गंदानाला, डाकखाना चौराहे से होते हुए तिकोनिया पार्क पहुंचकर सम्पूर्ण हुई। शोभायात्रा में शामिल लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# जिलाधिकारी की अनूठी पहल, कलैक्ट्रेट में मातृत्व कक्ष की हुई शुरुआत

- आगंतुक महिलाओं व कर्मचारी महिलाओं को मिलेगा लाभ
- बच्चों के लिए नि:शुल्क खेलकूद की व्यवस्था



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के द्वारा कलैक्ट्रेट कार्यालय के जन-प्रतीक्षालय में नव-निर्मित मातृत्व कक्ष का लोकार्पण रिबन काटकर किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मातृत्व कक्ष बन जाने से कार्यालय में आने वाली आंगतुक महिलाएं एवं कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारी जिनके छोटे शिशु हों, को निश्शुल्क निजतापूर्वक अपने शिशु को पालन एवं स्तनपान कराने की सुविधा प्राप्त होगी, वहीं मातृत्व कक्ष में उपलब्ध खिलौनों से छोटे बच्चों को भी निश्शुल्क खेलकूद की सुविधा प्राप्त होगी। मौके पर बताया गया कि उपरोक्त मातृत्व कक्ष का निर्माण एवं लोकार्पण, कार्यालय जिलाधिकारी के प्रशासनिक सुधार एवं 9001 प्रमाणन परियोजना का ही एक अंश है, पिछले कुछ माह से जिलाधिकारी कार्यालय में प्रमाणन हेतु विभिन्न तरह की तैयारियाँ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चल रही थी, जिनमे प्रमुखत:- पूरे कार्यालय भवन का पुनरुद्धार, सौंदर्गीकरण, रंगरोगन, आंगतुकों हेतु स्वागत कक्ष का निर्माण, पेयजल की उचित व्यवस्था, कार्यालयों में अभिलेखों का बेहतर प्रबंधन इत्यादि शामिल हैं। मातृत्व कक्ष के लोकार्पण के उपरोक्त आयोजन के समय अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) लवकुश कुमार त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अंकुर श्रीवास्तव, जिला पंचायती राज अधिकारी नवीन मिश्रा, नाजिर सदर राजेश रजक, सहायक नाजिर देवेंद्र राठौर, राजस्व सहायक नरेंद्र कुमार जैन, प्रशासनिक अधिकारी मंजूषा खरे, जिला आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह, शस्त्र लिपिक नेहा शुक्ला, रश्मि खरे, पर्यटन पुरुष रवीन्द्र दिवाकर पत्रकार, सूचना विभाग से सुमित कुमार, पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल एवं अपैक्स अस्सेस्मेंट प्रा.लि.के प्रतिनिधि आशीष श्रीवास्तव एवं विपिन तथा कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज मनेगा गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व

**ललितपुर।** श्रीगुरुसिंह सभा के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रीगुरु गोविंद सिंह जी महाराज का पवन प्रकाश पर्व मनाया जायेगा। सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिबजी की समाप्ति। अमृतसर से पधारे कीर्तन जत्था करनजीत सिंह द्वारा गुरबाणी के मनोहर कीर्तन उपरांत 12.30 बजे से गुरुजी के लंगर सहभोज का आयोजन होगा। रात्रि के कार्यक्रम में रेहरास साहिब के पाठ की समाप्ति उपरांत बच्चों के कार्यक्रम भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जायेगा। अमृतसर से पधारे कीर्तन जत्था द्वारा मनोहर कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। गुरुजी के लंगर की सहभोज की सेवा होगी। लंगर की सेवा सरदार सतवंत सिंह भोगल, पर्सन सिंह परमार की ओर से हुई। बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या नगरी में श्रीरामललाजी की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में सुबह 10 से 12 बजे तक गुरुद्वारा लक्ष्मीपुरा में मुख्य ग्रंथि ज्ञानी युवराज सिंह व मनप्रीत सिंह गुरुवाणी के मनोहर कीर्तन वा अरदास उपरांत गुरुजी के लंगर की सेवा (सहभोज) होगे।

# शिव शक्ति फाउंडेशन की तरफ से किया गया कंबल वितरण



- कंपकंपा देने वाली ठंड में गरीब असहायों को कंबल वितरण कर समाजसेवी राकेश अग्रहरि ने उठाया साहसिक कदम

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जनपद के अलीगंज बाजार में शिव शक्ति फाउंडेशन की तरफ से शिव मंदिर के सामने गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किया गया। समाजसेवी राकेश अग्रहरि ने बहार निकल गरीबों का दर्द समझ सैकड़ों गरीबों व असहायों के बीच कंबल बांटे। कंबल वितरण के दौरान समाजसेवी ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से मरने से बचाऊंगा। जरूरतमंद असहायों को कंबल का वितरण कर रहा हूं।कंबल वितरण को लोगों ने बताया सराहनीय कदम 7 कहा जाता है कि जिसका कोई सहारा नहीं होता उसका भगवान ही सहारा होता है।एक ओर जहा ठिठुरती ठंढ मे रजाई एवं कम्बल के सहारे घरों में लोग सो जाते है ।लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंढी रात गुजारते है।असहायो पर सबकी दया नही होती बल्कि भगवान की जिसपर कृपा होती है वही इस तरह के पुन्य कार्य करते हैं। समाजसेवी ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। लोगों द्वारा सराहनीय कदम बताया जा रहा है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **08.02.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00402024 दिनांक 16.01.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 44Sr.DEN-III-LKO/2023-24, 45Sr.DEN-III-LKO/2023-24 |
| 3 | कार्य का नाम : 1. वरि० मण्डल इंजीनियर लखनऊ/उत्तर रेलवे/(तृतीय)– के अधिकार क्षेत्र में लखनऊ मण्डल में दीन दयाल उपाध्याय वाराणसी सेक्शन में ब्रिज नंबर – 11 ब्रिज के लिये ब्रिज के आर0 ओ0 बी0 द्वारा जल (परीक्षण आइटम) निरीक्षण के तहत का कार्य 2. वरि० मण्डल इंजीनियर /उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर रेलवे/वाराणसी और जौनपुर के अनुभाग में विभिन्न स्थानों सेस मरम्मत और तटबंध को सुदृढ़ीकरण करना। | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 25,44,815.00 2. Rs. 3,45,55,491.17 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 50,900.00 2. Rs. 3,22,800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 60 माह। 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 25.01.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 08.02.2024 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 190/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज), जनपद- अयोध्या

पत्रांकः- 20/न0पं0खि0/रा0वि0आ0 2023-24/गौशाला-1/2023 दिनांकः 15 जनवरी 2024

### अत्यल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग 2023-24 के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्नांकित कार्य हेतु दिनांकः 23 जनवरी 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द निविदाऐं कार्यालय नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज) में रखे सीलबंद निविदा बॉक्स में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 03:30 बजे निविदा दाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति/अनुपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री न0पं0 कार्यालय में दिनांकः 20 जनवरी 2024 तक नगद मूल्य पर की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत खिरौनी में वार्ड संख्या 11 में गौशाला परचरही व टिन शेड का निर्माण कार्य। | 9,48,790.00 | 1000.00 | 94,879.00 | 15 दिवस |

**मुख्य शर्तें :-**

1. निविदादाता का किसी अन्य विभाग (स्थानीय निकाय, पी0डब्लू0डी0 आर0ई0एस0, सिंचाई विभाग आदि) में पंजीयन होना अनिवार्य है, इस हेतु पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, लेबर पंजीयन, जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति तथा नोटरी द्वारा सत्यापित 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर 1/-रू0 का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदा के साथ आगणन धनराशि का 10 प्रतिशत की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0, जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज) के पदनाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
4. बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
5. अन्य शर्तो व प्राक्कलन सम्बन्धित जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है।

(सचिन कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिरौनी
(सुचित्तागंज) अयोध्या

(रेशमा भारती)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खिरौनी
(सुचित्तागंज) अयोध्या



## कार्यालय नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज), जनपद- अयोध्या

पत्रांकः- 18/न0पं0खि0/रा0वि0आ0 2023-24/सूखी लकड़ी-2/2023 दिनांकः 15 जनवरी 2024

### अत्यल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण एवं जी0एस0टी0 पंजीयनधारक लकड़ी आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग 2023.24 के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्नांकित कार्य हेतु दिनांकः 23 जनवरी 2024 को अपरान्ह 03: 00 बजे तक सीलबन्द निविदाऐं कार्यालय नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज) में रखे सीलबंद निविदा बॉक्स में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 03: 30 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति/अनुपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री न0पं0 कार्यालय में दिनांकः 20 जनवरी 2024 तक नगद मूल्य पर की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत खिरौनी (सुचित्तागंज), जनपद-अयोध्या के विभिन्न वार्डो एवं स्थलों में भिन्न-भिन्न जगहों पर जलावनी लकड़ी डालकर अलाव जलाने का कार्य। | 3,91,400.00 | 400.00 | 39,140.00 | 01 माह |

**मुख्य शर्तें :-**

1. निविदा के साथ नोटरी द्वारा सत्यापित 100/- रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100/- रू0 के स्टाम्प पेपर पर 1/- रू0 का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निविदा के साथ आगणन धनराशि का 10 प्रतिशत की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य है।
3. उपरोक्त आपूर्ति कार्य नियत समय में ही करना अनिवार्य है।
4. क्र0 1 पर अंकित कार्य में सूखी लकड़ी की आपूर्ति की मात्रा घट अथवा बढ़ सकती है तथा यदि आपूर्तिकर्ता सूखी लकड़ी की आपूर्ति नहीं करता है, तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित आपूर्तिकर्त्ता/ठेकेदार की होगी तथा जमा जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. कार्य संतोषजनक होने तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरान्त तथा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा।
7. अन्य शर्तो व प्राक्कलन सम्बन्धित जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है।

(सचिन कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिरौनी
(सुचित्तागंज) अयोध्या

(रेशमा भारती)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खिरौनी
(सुचित्तागंज) अयोध्या

# ईवीएम के खिलाफ संगठन ने निकाला जुलूस किया विरोध प्रदर्शन

- प्रदेश के 567 जिलों के डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन
- तीसरा चरण: 16 जनवरी, 2024 को 567 जिलों के जिलाधिकारी कार्यालय पर रैली प्रदर्शन

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर से जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में अपनी मांगों को लेकर ईवीएम के विरोध में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन करते हुए चरणबद्ध आंदोलन तथा दिनांक 31 जनवरी, 2024 को केन्द्रीय चुनाव आयोग कार्यालय, नई दिल्ली पर विशाल महामोर्चा किया जाएगा।

भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष, नई दिल्ली इनके आह्वान पर भारत मुक्ति मोर्चा के संयोजक लक्ष्मी नारायण ने बताया कि ईवीएम के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन के तहत ईवीएम हटाओ, बॅलेट पेपर लाओ, और लोकतंत्र बचाओ÷ अभियान के अंतर्गत भारत के 567 जिलों के मुख्यालयों पर भारत मुक्ति मोर्चा के द्वारा भारत का लोकतंत्र बचाने के लिए, ईवीएम के विरोध में उपरोक्त रूप से चरणबद्ध आंदोलन आयोजित किया जा रहा है।




भारत की सर्वोच्च न्यायपालिका ने दि. 8 अक्टूबर 2013 को एक ऐतिहासिक जजमेंट देकर कहा कि केवल ईवीएम मशीन से मुक्त निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव नहीं हो सकता है इसलिए ईवीएम मशीन के साथ वीवीपीएटी मशीन लगाना अनिवार्य होगा इसमें वीवीपीएटी के पर्चियां का 100 प्रतिशत मिलान करने से ही मुक्त, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव हो सकता है।

मशीन वीवीपीएटी मशीन के संदर्भ में और एक महत्वपूर्ण मुद्दा, हमारे द्वारा ईवीएम मशीन के साथ वीवीपीएटी से निकलने वाली पर्चीयों का 100 प्रतिशत मिलान करने की बात कही थी मगर कांग्रेस ने अभिषेक मनु सिंघवी के माध्यम से 50 प्रतिशत मिलान करने की केस को सुप्रीम कोर्ट में लाया गया और हमारे केस को क्लब करते हुए ईवीएम के साथ वीवीपीएटी का 1 प्रतिशत मिलान करने का जजमेंट दिया गया। केवल 1 प्रतिशत मिलान करने का निर्णय देने से देश में फिर से मुक्त, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव न होने का खतरा कायम रहा। यह असंवैधानिक एवं अलोकतांत्रिक निर्णय है। यह बहुत गंभीर बात है। यही वजह है की, ईवीएम मशीन के उपर से जनता का विश्वास खत्म हो गया है।

मशीन में वोटर्स के वोटों का सत्यापन करने का प्रावधान ना होने की वजह से, अर्थात पारदर्शीता ना होने के कारण नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने के साथ साथ लोकतंत्र की भी हत्या हो रही है। अभी तक देश के प्रमुख राजनैतिक दलों ने, सामाजिक संगठनाओं ने विविध संस्थाओं ने ईवीएम मशीन पर अविश्वास जताया है और सुप्रीम कोर्ट भी इस बात को मानता है। हाल ही में पांच राज्यों के चुनाव हुए उसमें ईवीएम के घोटाले से संबंधित 15,000 से 20,000 केसेस इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया के पोर्टल पर दर्ज है- (22 नवंबर 2023)। चुनाव आयोग ने अभी तक इन सवालों के जवाब नहीं दिए है।

# मोबाइल फोन ने ली एक और छात्र की जान

**सुमेरपुर हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के बांकी गांव में सोमवार को देर शाम मोबाइल में गेम खेलने के बाद कक्षा 11वीं के छात्र ने फंदा लगा लिया। फंदे पर झूलता देखकर परिजनों ने इसको इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बांकी गांव निवासी लेखराम साहू का पुत्र नितिन साहू (17) कस्बे के एक कालेज में कक्षा ग्यारह में पढ़ता था। तीन भाइयों में यह दूसरे नंबर का था। सोमवार की शाम यह मोबाइल पर गेम खेलता रहा। इसके बाद इसने घर पर ही फंदा लगा लिया। फंदे पर झूलता देखकर परिजन इसको फंदे से उतार कर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक छात्र के पिता लेखराम साहू ने बताया कि यह शाम को मोबाइल पर गेम खेल रहा था।वह पत्नी के साथ दूसरे घर में पिता के पास चला गया था। तभी इसने फंदा लगा लिया। जब वह वापस आएं तो उसको फंदे में लटकता पाया।

# पर्व हमें अनेकता में एकता का सन्देश देते है

- दिशिता महिला मंडल का अन्नदान व कम्बल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल रेनूसागर हमेशा सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहा है इसी क्रम में मकर संक्राति के अवसर पर अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन कर 121 गृह सहायक कर्मी महिलाओं को अन्नदान व कड़कड़ाती ठण्ड में कम्बल वितरण किया गया है। इसके पूर्व दिशिता महिला मंडल रेनूसागर के कार्यालय पर अन्नदान व कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इन्दू सिंह ने सभी लाभार्थियों कों मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाऐं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि खुशियाँ बाटने से ही बढ़ती है, किसी भी त्यौहार को मिलजुल कर मनाने की भारतीय परम्परा रही है। भारतीय परम्परा एंव संस्कृति से जुड़े पर्व हमेसा अनेकता में एकता का सन्देश देते है और इस सन्देश से पर्व का महत्व व आनन्द दोनो ही बढ़ जाता है। कार्यक्रम का संचालन दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की सहसचिव तुलिका श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याऐं सपना तिवारी, मेनका अरोड़ा, आशा सैनी, विभा सिंह, रमा सिंह, सविता चौबे, लीना आनन्द, रजनी रूंगटा सहित अन्य सदस्याऐं उपस्थित थी। इस कड़कड़ाती ठण्ड में उपहार पाकर सभी सहायक कर्मी महिलाओं के चहरे खुशी से खिल गये और उन्होने आत्मविभोर होते हुए ह्रदय से दिशिता महिला मंडल रेनूसागर के प्रति आभार व्यक्त किया।



# युवा, नौजवान, बेरोजगारों के हक की लड़ाई लड़ेगा युवा कांग्रेस: अजीत

- कल-कारखानों में स्थानीय लोगों को मिले वरीयता
- कांग्रेस के सरकार में बनी कंपनियां भूल गई है अपना दायित्व
- देश/प्रदेश के अंदर नौजवानों की स्थिति बहुत ही खराब

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** मंगलवार को भारतीय युवा कांग्रेस उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अजीत खरवार जी के द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस राबर्ट्सगंज के वार्ड नम्बर 17 में की गई । अजीत खरवार ने कहा कि कि देश-प्रदेश का युवा आज दर-दर की ठोकरे खाने को विवश है सोनभद्र के अंदर जहां एक तरफ कांग्रेस के समय में इतनी कंपनियों का शिलान्यास हुआ वह अपने दायित्व को भूल चुकी हैं क्योंकि यहां का स्थानीय नौजवान भी दर-2 के ठोकर खाने को विवश है उसको वहां वरीयता नहीं मिल रही है उनके हक की लड़ाई हम सभी लोग मिलकर लड़ेंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व- लोकसभा अध्यक्ष/वर्तमान प्रदेश कार्य समिति के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) भी उपस्थित रहे, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार 2014 के चुनावी घोषणा में कहा कि हर साल 2 करोड युवाओ को रोजगार मिलेगा, आज 10 साल पूरे होने को है अगर देखा जाए तो शायद 10 साल में भी 2 करोड युवाओ को रोजगार प्राप्त नहीं है, यह कहा गया है कि ÷ जिस ओर जवानी चलती है- उस ओर जमाना चलता है÷ आज देश का नौजवान किस ओर जा रहा है हम सभी को ये समझने की बहुत जरूरत है और वह अपना भविष्य अंधकार में देख रहा है, हम सभी लोगों के लिए यह खुशी की बात है कि हमारे जनपद से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की रेस में उत्तर प्रदेश छात्र संघटन के पूर्व-अध्यक्ष रहे अभिषेक चौबे का भी नाम गया है, सोनभद्र के नौजवानों को प्रदेश के दो युवा नेताओं के साथ काम करने का मौका मिलेगा और उनकी आवाज आगे तक जाएगी और उनका अधिकार मिलेगा। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए बोले की हम सभी युवा साथी मिलकर उनके हक की लड़ाई लड़ेंगे सोनभद्र का नौजवान हमारे साथ आए और हम सभी लोग मिलकर नौजवानों का अधिकारों को दिलाने का काम करेंगे यह हम सभी का दायित्व है कि जिले का नौजवान कैसे मजबूत होगा ,विधानसभा अध्यक्ष घोरावल अनिल चौबे ने कहा कि जहां एक ओर रोजगार नहीं है वहीं दूसरी तरफ नौजवानों के लिए कोई भी ऐसी व्यवस्था सामने नहीं दिखती कि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके इस पर सरकार को काम करना चाहिए, विधानसभा अध्यक्ष ओबरा राय सिंह पनिका ने कहा कि ओबरा विधानसभा में स्थित कंपनिया जो कांग्रेस के समय बनी है उसमें ओबरा दुद्धी के अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओं को वरीयता नहीं मिल रही है केवल यहां के स्थानीय लोग कंपनी से निकलने वाले धुएं से बीमारी ग्रस्त हो रहे हैं लेकिन उनका लाभ निचले वर्ग के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।



# गलन भरी सर्दी व घने कोहरे से ट्रेने हो रहीं लेट

- यातायात प्रभावित अलाव की अव्यवस्था से यात्रियों को हो रही परेशानी

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** भीषण गलन भरी सर्दी का सितम बढ़ता ही जा रहा है जिससे पूरे जिले में घना कोहरा छाया हुआ है। भीषण सर्दी की वजह से ट्रेनें देर से चल रही है और घने कोहरे की वजह से वाहन हाइवे पर भी रेंगते हुए चल रहे हैं। वही नगरपालिका परिषद हमीरपुर की तरफ से इस भीषण और ठिठुरन भरी सर्दी को देखते हुए जिला मुख्यालय मे बहुत ही कम मात्रा में अलाव की व्यवस्था करने का स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है। अलाव की व्यवस्था न होने से जिला मुख्यालय के रोडवेज बस स्टेंड पर यात्रियों को भीषण गलन भरी सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह सुमेरपुर क्षेत्र के रागौल रेलवे स्टेशन पर राजस्व विभाग व नगर पालिका की तरफ से अलाव की व्यवस्था न होने से यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर भीषण सर्दी का सामना करने को मजबूर है। यात्रियों ने बताया कि लखनऊ से जबलपुर तक जाने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस आए दिन 4 से 8 घंटे तक लेट चल रही है लेकिन रागौल रेलवे स्टेशन की तरफ से शीत लहर के चलते यात्रियों के लिए अलाव की व्यवस्था न करने का आरोप लगाया है। इससे लोग स्टेशन पर ही ठिठुरते रहे। और घने कोहरे की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

# गैंगस्टर आरोपी की संपत्ति कुर्क

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** शासन के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व अपराधिक कृत्यों से चल/अचल संपत्ति के जब्तीकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जनपद हमीरपुर की चिकासी थाना क्षेत्र के बेंदा डांडा गांव के गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियुक्त की 18 लाख 11 हजार रुपए की अवैध संपत्ति कुर्क की गई। थाना चिकासी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल राजपूत निवासी ग्राम बेंदा डांडा थाना चिकासी के विरूद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी अवैध तरीके से जनता को डरा-धमकाकर धन अर्जित करता रहता है। अभियुक्त के पास जीवकोपार्जन हेतु अपराध के अलावा कोई अन्य व्यवसाय या आय का स्रोत नहीं है।



थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी अपराध कारित करने का पेशेवर अपराधी है, इसके द्वारा आपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त रहकर अपराधिक घटनाए कारित कर गांव व आसपास के क्षेत्रों में दहशत व आतंक फैलाकर, धन अर्जित करते हुए जमीन व मकान का निर्माण करवाया गया, तथा स्वयं और अपने भाई के नाम ट्रैक्टर भी खरीदा है। गैंगस्टर एक्ट का आरोपी आर्थिक और भौतिक लाभ हेतु विगत कई वर्षो से अपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहकर अवैध खनन व संपत्ति संबंधित अपराध कारित करता रहता है जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध अवैध खनन सम्बन्धी कई मुकदमें दर्ज है, उक्त अपराधी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई है। गैंगस्टर के आरोपी की 18 लाख 11 हजार रुपए की अवैध संपत्ति कुर्क की गयी है।

## सपाईयों ने किया जोरदार स्वागत

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रांतीय कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद मुख्यालय आए पूर्व चेयरमैन का सपाइयों ने सपा कार्यालय में जोरदार जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि उनके प्रांतीय सचिव बनने से पार्टी को पूरे प्रदेश में मजबूती मिलेगी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हमीरपुर के पूर्व चेयरमैन मुन्नीलाल निषाद को प्रदेश सचिव नामित किया है। मंगलवार को पार्टी कार्यालय आने पर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इनके प्रांतीय सचिव बनने में से पूरे प्रदेश में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष राज बहादुर पाल, नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण यादव, सोनिया रामप्रकाश यादव, गोपाल वर्मा, सलीम खान, गया प्रसाद अनुरागी, ज्ञानी यादव, परशुराम प्रजापति आदि सपाई मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला अध्यक्ष नंदलाल ने किया दिवाल लेखन कार्यक्रम का शुभारंभ



**सोनभद।** इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंडल के सार्वजनिक स्थानों पर स्लोगन और पार्टी के लोगों कमल का फूल बनाना है और सभी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने हाथ से दीवाल लेखन का कार्य करना है आने वाले लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने मंडल में दीवाल लेखन का कार्य करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा सांसद पकौड़ी लाल कोल, चांद प्रकाश जैन, पिपरी चेयरमैन दिग्विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष हरिराम छवि ,प्रदीप सिंह रानू, राज वर्मा, पिंटू सिंह, माया गुप्ता ,संध्या पांडे ,गीता सिंह, शिवानी जैन, कृष्ण कुमार गौड़,राकेश पांडे, रामकुमार,राजेश चौधरी, बृजेश चौहान, विष्णु गुप्ता,सुशील तिवारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चोरी के माल सहित वांछित आरोपी गिरफ्तार



**सुमेरपुर हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जिले में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा चोरी के माल सहित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम विदोखर मेदनी निवासी संदीप विश्वकर्मा पुत्र धर्मपाल को पुलिस ने विदोखर मेदनी गांव के मंडी समिति मोड़ से चोरी का माल सहित गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 2 अदद विछिया सफेत धातु, 1 गले की कंठी पीली धातु, एक हाथ की चूडी सफेद धातु, एक अदद आधार कार्ड व आई कार्ड व नगद 5000 रुपये बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।

### कोल्ड डे साबित हुआ मंगलवार

**सुमेरपुर हमीरपुर।** मंगलवार का दिन सबसे अधिक सर्द रहने से लोग दिनभर अलाव तापते नजर आए। पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन न होने से पशु पक्षी बेहाल दिखे। कोहरे के कारण फसलों में विपरीत असर पड़ने लगा है। मसूर की फसल पूरे क्षेत्र में कोहरे से प्रभावित हो रही है। बुजुर्गों के अनुसार सर्दी में पिछले 22 वर्षों का रिकॉर्ड इस वर्ष तोड़ दिया है। वर्ष 2001 में 36 दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए थे और मसूर की फसलें पूरे क्षेत्र में चौपट हो गई थी। इस वर्ष पड़ रही ठंड 2001 की ठंड से अधिक है। मंगलवार को गलन से लोग दिनभर ठिठुरते रहे। लोग दिन भर अलाव तापते को मजबूर रहे। दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से पशु पक्षी बेहाल रहे। किसानों का कहना है कि कोहरे से मसूर की फसल में विपरीत असर पड़ा है। फूल पूरी तरह से गायब होने से यह फसल खेतों में पराली की तरह खड़ी है। किसानों को आशंका है कि यह विपरीत मौसम में खराब हो सकती है। इससे नुकसान की आशंका है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बांदा।** शहर एक बाइक एजेंसी में काम करने के बाद बाइक से अपने घर जा रहे युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने कागजी कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पैलानी थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी राजेंद (35) पुत्र जगतपाल शहर में एक बाइक एजेंसी मे काम करता था। सोमवार की शाम को काम खत्म करने के बाद बाइक से राजेंद्र अपने घर जा रहा था, तभी बिजलीखेड़ा के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार जख्मी हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज भेज दिया गया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक के छोटे भाई दिनेश ने बताया कि राजेंद्र अपने पीछे एक पुत्र और पत्नी ज्ञानदेवी छोड गया है। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने किया कस्बे का दौरा

**सुमेरपुर हमीरपुर।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से अपर पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को देर रात कस्बे का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने सीओ सदर राजेश कमल व थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज के साथ कस्बे के मुख्य बाजार सहित सभी प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने थानाध्यक्ष को सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने की निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर आरके यादव, कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन की कार्यशाला आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा। हमीरपुर।** मौदहा के तहसील सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आज एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कोटेदारों की बैठक गई है।

इसमें जिला समन्वक प्रेम सिंह कटियार ने कहा कि अभियान योजना बनाकर पुर्ण तैयारी के साथ चलाया जा रहा है। यह अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलाया जायेगा। जिसमे पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, एनआरएलएम विभाग, आपूर्ति विभाग आदि , नोडल अध्यापक, राशन डीलर, प्रधान, पंचायत सहायक आशा ए0एन0एम0 आगनवाड़ी कार्यकत्री, एसएचजी समूह सदस्य के माध्यम से जागरूक करेंगे। फाइलेरिया संक्रमण से किसी भी व्यक्ति को संक्रमण के पश्चात बीमारी होने में 5 से 15 वर्ष तक समय लगता है तब तक लसीका तंत्र क्षतिग्रस्त हो जाता है। एसडीएम ने सभी कोटेदार से कहा कि 10 फरवरी को प्रधान ,सभासद ,अध्यापक, पंचायत सहायक, आशा ,आगनवाड़ी, एएनएम आदि के साथ किसी भी पब्लिक प्लेस में लोगो को बुलाकर स्वयं दवा खाकर उद्घाटन करेंगे और सभी लोगो लोगो दवा टीम के सामने दवा खिलवाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि दवा खाने से वंचित परिवारों आई.ई.सी. आई.पी.सी. आदि संचार के माध्यम से जागरूक करेंगे व ग्राम स्तर पर प्रचार प्रसार हेतु राशन दुकान पर पोस्टर चस्पा कराएंगे डुगडुगी कराएंगे जिससे कोई भी परिवार दवा खाने से वंचित न रहे। इस दौरान 44 कोटेदार बी.सी.पी.एम. अब्दुल सफीक सप्लाई इंस्पेक्टर राजेश कुमार आदि लोग मौजूद रहें हैं।



# तीमारदार की जेब से 10 हजार रुपयों से भरा पर्स गायब

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जिला अस्पताल के वार्डो में रखे मोबाइल चोरी हो जाना आम बात हो गई है। अब तो अस्पताल आने वाले लोगों के पर्स भी गायब होने लगे। मंगलवार को अपनी पत्नी का सीटी स्कैन कराने के लिए जिला अस्पताल आए एक युवक की जेब में पड़ा 10 हजार रुपयों से भरा पर्स टप्पेबाज ने गायब कर दिया। पीड़ित ने सिविल लाइन चौकी पुलिस के साथ ही जिला अस्पताल के सीएमएस से भी शिकायत की है। मप्र के अजयगढ़ थानांतर्गत खरौनी गांव निवासी संध्या को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। उपचार के बाद भी जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व उसके पति धीरेंद्र ने पत्नी को नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में उपचार के लिए दाखिल कराया। उपचार के बाद मंगलवार को सीटी स्कैन कराने के लिए संध्या को जिला अस्पताल लाया गया। पति धीरेंद्र पत्नी को लेकर जिला अस्पताल आया। सीटी स्कैन कराने के बाद उसने अपनी जेब देखी तो 10 हजार रुपयों से भरा पर्स गायब था। उसने मामले की शिकायत जिला अस्पताल के सीएमएस से की। इसके बाद सिविल लाइन चौकी पुलिस में लिखित सूचना दी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही टप्पेबाज को पकड़ा जाएगा।

# शुभाशीर्वाद के साथ 701 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का दामन

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का जीआईसी ग्राउंड में हुआ आयोजन, कैबिनेट मंत्री समेत जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जीआईसी ग्राउंड में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें 701 जोड़ों ने एक-दूजे का दामन थामा। पूरे विधि विधान के साथ सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री जलशक्ति स्वतंत्रदेव सिंह और राज्यमंत्रियों के अलावा जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह ने कहा कि उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि वह वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कहा कि सरकार ने तीन लाख से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह करवाया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की धनराशि 31 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रूपये की है। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को रोजगार में प्राथमिकता दी है। 40 हजार बेटियों की पुलिस में भर्ती की है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जो सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत तथा वैवाहिक गीतों का चयन किया गया है, वह बहुत उत्कृष्ठ श्रेणी का रहा है। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति योजना, उज्जवला योजना तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना, जननी सुरक्षा योजनाओं के बारे में भी बताया। विद्युत की पर्याप्त विद्युत आपूर्ति किये जाने के साथ प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से गरीबों को पक्के मकान, गरीब परिवारों के लिए निशुल्क राशन का वितरण तथा बेटियों को शिक्षा की व्यवस्था के साथ अनेकों महत्वपूर्ण योजनायें संचालित की जा रही हैं।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार बेटी के जन्म होने पर जननी सुरक्षा योजना से लाभ प्रदान करती है तथा कन्या सुमंगला योजना से शिक्षा तक की समुचित व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में उनके विवाह की भी जिम्मेदारी का भी निर्वहन कर रही है। बेटियों के खाते में इस योजना के अन्तर्गत 35 हजार की धनराशि भेजी जा रही है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रह सके। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि वैदिक रीति-रिवाज के साथ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन त्यौहारों के शुरू होने के पहले चरण में किया जा रहा है। इसके साथ ही 22 जनवरी को रामोत्सव का कार्यक्रम के अन्तर्गत रामजन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। इस दौरान सभी लोग पांच-पांच दीपक अपने घरों में जलाकर उत्सव मनाएंगे। सांसद बांदा-चित्रकूट आरके पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों के हितों में अनेकों योजनायें संचालित हैं, जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अत्यन्त लाभाकारी एवं महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने नव दंपतियों को बधाई दी।

# मुस्लिम मसाइल के संबंध में रक्षामंत्री ने की चर्चा

**मदारिस-ए-अरबिया पर केंद्र और राज्य सरकार तवज्जो दे**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वफ़ा अब्बास अध्यक्ष अंबर फाउन्डेशन के द्वारा फ़ैज़ान फिरंगी महली अध्यक्ष यूथ ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन यूथ की अध्यक्षता में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुस्लिम मसाइल के संबंध में शहर लखनऊ के तमाम सज्जाद नशीनो का एक वफ्ध ने मुलाकात कर निम्न बिंदुओं से अवगत कराया।

प्रधान मंत्री के एक हाथ में कुरान एवं दूसरे हाथ में कम्प्यूटर के आह्वान के अन्तर्गत हमारी बुनियादी ज़रूरतों में मदारिस ए अरबिया पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा तवज्जो दी जाए जिसमें नये मदरसों के रजिस्ट्रेशन जो पिछले कई वर्षो से बंद है वह आरम्भ किए जाएं , नये मदरसों को जिनके सभी मानक पूरे हैं उनको राज्य सरकार द्वारा एड दी जाये। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली साइंस टीचर पॉलिसी को पुनः शुरू किया जाये एवं उनके बकाया वेतन की राशि का भुगतान किया जाये।

वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आने वाली सभी प्रॉपर्टीज़ के तहफ़्फ़ुज़ के लिए शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई को और ज्यादा सशक्त एवं प्रभावी किया जाए जिससे वक़्फ़ की जायदाद में हो रहे नुक़सान को रोका जा सके। जिला प्रशासन की ढिलाई के कारण वक़्फ़ संपत्तियों का सबसे अधिक नुक़सान हो रहा है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश में उर्दू ज़बान को दूसरी राजकीय भाषा घोषित किए जाने के बावजूद भी उर्दू ज़बान को तरजीह नहीं मिल रही है जिसमें ख़ासतौर से उर्दू अख़बार प्रभावित हुए हैं। प्रधानमंत्री के नारे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा उर्दू संस्थानों को एड एवं समाचार पत्रों को ऐड/विज्ञापन बढ़ाए जाएं जिससे उर्दू ज़बान को प्रगति मिल सके।

हिंदू मुस्लिम एकता, गंगा जमुनी तहज़ीब का मरकज़, दुखियारों की आस , हमारी दरगाहों के तहफ़्फ़ुज़ और तरक्की के लिए पॉलिसी बनाकर उनकी हिफ़ाज़त और डेवलपमेंट किया जाए जिसमें खास तौर से दरगाह कैंपस में लाइट, रोड, सीवर एवं अन्य बुनियादी ज़रूरियात की व्यवस्था की जाए तथा जिला प्रशासन को निर्देशित किया जाए की दरगाहों के ज़िम्मेदारों के माध्यम से किसी पीड़ित के लिए की गई फ़रियाद पर तुरंत कार्रवाई कर उसको निस्तारित किया जाए। वफ्ध में खासतौर से शिरकत करने वालों में हजरत उमर मियां सज्जादा नशीन, दरगाह शाह अब्दुल रज़्ज़ाक़ बसवी, दरगाह सैयद शाहिद मीरा शाह, पहलवान बाबा चिनहट सज्जादानशीन सैयद मोहम्मद आतिक शाह, सैयद शहीद तुर्कमान बाबा, उपाध्यक्ष मोहम्मद जमाल सिद्दीकी शाह, सैयद कयामुद्दीन उर्फ खम्मन पीर बाबा, सदर मौलाना मोहम्मद अरशद रजा दरगाह, जनरल सेक्रेटरी हाफिज शकील निजामी, -कुर्बान अली शाह रहमतुल्ला अलेह, सज्जादानशीन कारी शम्स तबरेज, मुतावालली सलीम सिद्दीकी, आजाद मक्की मियां, कासिम शाहिद, दिलकुशा गार्डन मोहम्मद जुनेद मिया, मौलाना सिद्दीक कादरी, हकीम इक़बाल अमरोही, नजीब अहमद और वफा अब्बास साहब के सलाहकार अरशद नागरामी भी खूसूसी तौर पर मौजूद रहे।

## मदरसा आधुनिकीकरण योजना संचालित किये जाने की मांग

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर प्रदेश स्तर से मदरसा आधुनिकीकरण योजना संचालित किये जाने की मांग की है। इसी के साथ पत्र में डॉ. जावेद ने वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2020-21 तक बकाया केन्द्रांश और 2018-19 से 2020-21 तक का 40 प्रतिशत राज्यांश और अप्रैल से दिसम्बर 2023 का अतिरिक्त राज्यांश धनराशि का भुगतान भी कराने की मांग की है। डॉ. जावेद ने आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के राष्ट्रीय महामंत्री वहीदुल्लाह खान सईदी के 2 जनवरी को मुख्यमंत्री को भेजे पत्र का उल्लेख किया। पत्र में कहा कि प्रदेश के 7442 मान्यता प्राप्त मदरसों में 21,216 आधुनिक शिक्षक मदरसों में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की शिक्षा दे रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के पत्र से ज्ञात हुआ कि योजना 2021-22 तक ही अनुमोदित है और केन्द्र के पत्र के क्रम में प्रदेश सरकार की ओर से दिया जा रहा राज्यांश भी बन्द कर दिया गया।

## शायर मुनव्वर राना के निधन पर किया शोक व्यक्त

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव ओंकारनाथ सिंह सहित अन्य नेताओं ने मंगलवार को प्रसिद्ध शायर मुनव्वर राना के निधन पर उनके लालकुआं स्थित आवास पहुंच कर परिजनों से मिल संवेदना व्यक्त की। श्री तिवारी ने स्वर्गीय राना को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय राना के जाने से कलम के जरिए मां की बन्दगी करने वाला एक जांबाज बेटा हमेशा के लिए चला गया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा मुनव्वर राना को सुनने का मौका ढूंढता रहता था। उनकी आवाज में सच्चाई का अक्स था जो सच लगा वह बिना अंजाम की परवाह किये बिना कह दिया। मुनव्वर राना के निधन से अदब की दुनिया का एक शहंशाह हमेशा के लिए चला गया। श्री तिवारी ने स्वर्गीय राना के परिजनों से मिल संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया।

## उत्तर प्रदेश में बदलाव से ही देश की राजनीति में बदलाव आ सकता है: अविनाश

**तोड़ मेहनत कर पार्टी को मजबूत करें कार्यकर्ता: कांग्रेस महासचिव**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बदलाव से ही देश की राजनीति में बदलाव आ सकता है। लोकसभा चुनाव में बहुत कम वक्त बचा है। ऐसे में पार्टी पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में जी-तोड़ मेहनत कर पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम करें।

उत्तर प्रदेश से ही देश की राजनीति करवट लेगी। श्री पांडे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश समाज की आखिरी पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाएं। श्री पांडे मंगलवार को गोरखपुर में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पूर्वांचल जोन के जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों व फ्रण्टल विभागों के अध्यक्षों के साथ सांगठनिक बैठक कर रहे थे। बैठक में मणिपुर से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा के साथ पदाधिकारियों से सुझाव लिये गये। श्री पांडे ने कहा कि अगले चरण की बैठकें राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल सभी जिलों में करेंगे। उन्होंने 23 जनवरी तक सभी जिलों की बैठकें समाप्त करने का लक्ष्य दिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खड़ी है और यही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश है। कांग्रेस हर आस्था का सम्मान करती है, भाजपा आस्था का राजनीतिकरण बन्द करे। कल अयोध्या में कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ हुई अभद्रता पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऐसी ही अराजकता पूरे प्रदेश में फैला रखी है। आगामी चुनावों में जनता भाजपा को सत्ताा से बाहर करेगी। श्री राय ने कहा कि बुधवार को सभी जिला मुख्यालयों में कांग्रेसी गांधी प्रतिमा के समक्ष बैठ कर सबको सन्मति देने की राम धुन गाएंगे।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की ओर से पेश की चादर

अवधनामा संवाददाता



**अजमेर।** ख्वाजा गरीब नवाज़ के 812वें उर्स के मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ओर से सुल्तान-ए-हिंद गरीब नवाज़ की दरगाह पर चादर पेश की गई। बताते चलें कि राजधानी दिल्ली से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी यह पारंपरिक चादर लेकर राजस्थान पहुंचे। कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने सबसे पहले चादर पेश कर मुल्क की खुशहाली, अमनो अमान, भाई चारे की दुआ मांगी और जियारत के बाद दरगाह के बुलंद दरवाजा से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जायरीन के नाम भेजे संदेश को पढ़ा। अपने संदेश में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि इंतहाई अकीदत और एहतराम के साथ मैं ख्वाजा गरीब नवाज़ मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेर के 812वें उर्स मुबारक मौके पर अपनी और पूरी कांग्रेस पार्टी की जानिब से ख्वाजा की बारगाह में चादर रवाना करते हुए खुद को बेहद खुशकिस्मत पा रहा हूं। ख्याल रहे कि पुरखुलूस जज़्बात और अकीदत के साथ सुल्तान उल हिंद के आस्ताना मुबारक पर चादर चढ़ाई जाती है चादर चढ़ाने का यह हसीन मौका हमारे वतन की गंगा-जमुनी तहज़ीब, कौमी एकता, आपसी भाईचारे, प्यार और मोहब्बत, अदब और रवादारी की अलामत है। इससे पूरी दुनिया में यही पैगाम जाता है कि हिंदुस्तान में कौमी इत्तेहाद और भाईचारा की जड़े इंतहाई गहरी हैं। अजमेर में इस विश्व प्रसिद्ध दरगाह पर उर्स मुबारक के मौके पर सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के साथ चादर पेश करते समय अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आबिद काग़ज़ी, विधायकगण रफ़ीक़ ख़ान और अमीन काग़ज़ी, ज़ाकिर हुसैन, एम.डी. सह प्रभारी इक़बाल अहमद जी, इंसाफ़ आज़ाद, उत्तर प्रदेश प्रभारी शाकिर अली, मीडिया विभाग के इंचार्ज सैय्यद अदनान अशरफ, महाराष्ट्र प्रभारी अहमद खान, दिल्ली चेयरमैन वाहिद क़ुरैशी, ताबिश पटेल, महमूद खान, शमीम अल्वी, निज़ामुद्दीन क़ुरैशी, फहीम क़ुरैशी, लियाकत गद्दी मौजूद रहे।

## किसी भी दशा में बख्शे न जाएं जबरन जमीन कब्जाने वाले: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

**जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनी 150 लोगों की समस्याएं**



**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

सीएम योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। कुछ लोगों ने भू माफिया द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भू माफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## मजलिसे सैय्युम गुरुवार को

**लखनऊ।** उच्च न्यायालय के युवा अधिवक्ता शादाब वहीद रिजवी की स्वर्गीया पत्नी नसीम फातिमा के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे सैय्युम गुरुवार को आयोजित होगी। हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित रौजए हजरत अली में सुबह 10 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को फैजाबाद के वसीका अरबिक कॉलज के मौलाना प्रो. वसी हसन खां खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस स्वर्गीया के आवास पर सुबह 10 बजे होगी। स्वर्गीया का निधन रविवार रात हो गया था, जिन्हें सोमवार को हरदोई रोड स्थित कर्बला अब्बास में सुपुर्दे खाक किया गया।

## विधायिका और कार्यपालिका को सीमा में रहकर काम करना चाहिए: महाना

> संवाद कार्यक्रम में विधानसभा सदस्य शाहिद मंजूर ने कहा कि यदि आपके रहते विधायिका में सुधार नहीं हुआ तो भविष्य में फिर उम्मीद नहीं की जा सकती है। जीएस धर्मेश ने कहा कि यूपी विधानसभा में हो रही इस तरह की बैठकों ने देश की दूसरी विधानसभाओं में संदेश देने का काम किया है।



**विधायिका की छवि बदलने का प्रयास कर रहा हूं: सतीश महाना**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायक किसी का अपमान नही करना चाहते हैं लेकिन अपना सम्मान भी चाहते हैं। विधायिका और कार्यपालिका को अपनी सीमा में रहकर हमेशा अपना काम करते रहना चाहिए। श्री महाना ने सुझाव दिया कि विधायक एक दूसरे का सम्मान करें चाहे वह विपक्ष का विधायक हो अथवा सत्ता पक्ष का।श्री महाना क्षेत्रवार हो रहे 'संवाद कार्यक्रम' के तहत पश्चिमी क्षेत्र के विधायको को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने फिर दोहराया कि विधानसभा के आगामी सत्र में सदन जितने दिन भी चले सदस्यों की उसमें भागीदारी बराबर बनी रहनी चाहिए। श्री महाना ने कहा कि विधायिका की गरिमा तथा उसके अधिकारों को वापस दिलाने का प्रयास करता रहूंगा जो पिछले दो तीन दशकों से उसके हाथ से ले लिए गए।

श्री महाना ने कहा है कि विधायकों को बार बार चुनाव जीतना एक विधायक की छवि पर निर्भर रहता है। जनसामान्य में छवि के अनुरूप ही वोट मिलता है। अगर अपनी छवि के अनुरूप कार्य करते रहें तो लगातार चुनाव जीतते रहेंगे।

इस मौके पर डा मंजू शिवाच ने कहा कि हर छह महीने में विधायकों के सुझाव लिए जाने चाहिए। पंकज मलिक ने कहा कि आपने विधानसभा की गरिमा को बढ़ाने का काम किया है। तेजपाल नागर ने विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाए जाने पर जोर दिया। अनिल पाराशर ने विधानसभा वार नोडल अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की जरूरत बताया। विधायक संजय कुमार ने कहा कि पहले जब चालू सत्र में ही विधानसभा अध्यक्ष से भेंट होती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है।

## 172 यात्राओं में 96 हजार से अधिक पर्यटकों ने यात्रा की

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** 'भारत गौरव' ट्रेन श्रीराम-जानकी यात्रा, अयोध्या से जनकपुर, श्रीजगन्नाथ यात्रा, गर्वी गुजरात यात्रा, अम्बेडकर सर्किट; उत्तर-पूर्व भ्रमण जैसे प्रमुख पर्यटक सर्किटों की यात्रा को कवर करती हैं

भारतीय रेलवे ने 'भारत गौरव' पर्यटक ट्रेनों के बैनर तले थीम-आधारित सर्किट पर पर्यटक ट्रेनों के संचालन की अवधारणा प्रस्तुत की है। इन थीम-आधारित पर्यटक सर्किट ट्रेनों का उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शानदार ऐतिहासिक स्थलों का प्रदर्शन और उनकी यात्रा कराना है। वर्ष 2023 के दौरान, 96 हजार 491 पर्यटकों को लेकर भारत गौरव ट्रेनों की कुल 172 यात्राएँ संचालित की गई, जो 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले देश भर के विभिन्न पर्यटन स्थलों को कवर करती हैं। 'भारत गौरव' ट्रेन श्रीराम-जानकी यात्रा, अयोध्या से जनकपुर, श्रीजगन्नाथ यात्रा, गर्वी गुजरात यात्रा, अम्बेडकर सर्किट; उत्तर-पूर्व भ्रमण जैसे प्रमुख पर्यटक सर्किटों की यात्रा को कवर करती हैं।

इन ट्रेनों में की जाने वाली यात्रा में व्यापक टूर पैकेज की पेश की जाती है, जिनमें आरामदायक ट्रेन यात्रा और संबद्ध ऑनबोर्ड सेवाओं के साथ-साथ ऑफ-बोर्ड यात्रा और बसों द्वारा भ्रमण, होटल में रहना, टूर गाइड, भोजन, यात्रा बीमा आदि जैसी सेवाएं शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत बेहतर गुणवत्ता वाले कोचों के साथ रेल-आधारित पर्यटन के प्रावधान के माध्यम से घरेलू पर्यटन को प्रोत्सोहन देने के बारे में पूरा जोर दिया है। यह घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार की पहल एक भारत, श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश के अनुरूप है। अधिक जानकारी के लिए कृपया https://www.irctctourism.com/bhartgaurav पर जाएं ।

## रक्षामंत्री के आवास पर लोगों के मिलने का लगा तांता

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह से उनके आवास पर शहर की विभिन्न समाजसेवी संस्थानों और गणमान्य व्यक्तियों के मिलने का तांता लगा रहा। मंगलवार को अम्बर फाउण्डेशन के अध्यक्ष वफा अब्बास के साथ आल इंडिया मोहम्मदी मिशन युवा अध्यक्ष फैजान अतीक फिरंगी महली की अध्यक्षता में लखनऊ की विभिन्न मजारों के प्रमुखों के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षामंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक हाथ में कुरान और एक में कंप्यूटर के आह्वान के तहत शहर में संचालित मदरसों पर केन्द्र और प्रदेश सरकार से अधिक ध्यान देने, नये मदरसों के पंजीकरण और प्रदेश सरकार से अनुदान और आधुनिक शिक्षक योजना का पुनः संचालन कर बकाया मानदेय के भुगतान की मांग की।

## लखनऊ एक विचार का नाम: हिमांशु वाजपेई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ की मोहल्लेदारी विषय पर विख्यात युवा दास्तानगो हिमांशु वाजपेई से आलोक पराड़कर ने बातचीत की। बातचीत में हिमांशु ने कहा कि लखनऊ एक विचार का नाम है। लखनवी वो नहीं होता है जो लखनऊ में रहता है बल्कि लखनवी वो है जिसके अंदर लखनऊ रहता है। पुराने लखनऊ के मोहल्लों के अंदर मुहब्बत और तहजीब बसती है। राजकमल प्रकाशन समूह की ओर से आयोजित किताब उत्सव के आखिरी दिन विभिन्न सत्रों में साहित्यकारों ने पुस्तकों पर चर्चा की। उत्कर्ष शुक्ल की किताब रहमान खेड़ा का बाघ, के लोकार्पण पर देवेंद्र ने किताब से कुछ अंशों का रोचक पाठ किया। किताब के लेखक उत्कर्ष शुक्ल से मोहम्मद अहसन ने बातचीत की। उत्कर्ष शुक्ल ने कहा कि रहमानखेड़ा का बाघ लिखने के पहले इसे मैं न जाने कितनी बार लोगों को सुना चुका था। अगले सत्र में ओम प्रकाश वाल्मीकि की संपूर्ण कविताएं और प्रतिनिधि कविताएं तथा प्रमोद रंजन की संपादित बहुजन साहित्य की सैद्धांतिकी, का लोकार्पण प्रो.रमेश दीक्षित तथा वीरेंद्र यादव ने किया। ओम प्रकाश वाल्मीकि की किताबों के संपादक प्रो. रविकांत ने कहा कि ओम प्रकाश वाल्मीकि अपनी कविताओं में बहुत सारे कुहासों को चीरकर समता और स्वतंत्रता का संदेश देते हैं। श्रीलाल शुक्ल पर केंद्रित सत्र में युवा कवि नूर आलम ने श्रीलाल शुक्ल की चर्चित कहानी एक चोर की कहानी का पाठ किया। श्रीलाल शुक्ल के पौत्र उत्कर्ष शुक्ल ने श्रीलाल जी के निजी जीवन की बहुत सारी यादें और किस्से साझा किए। वरिष्ठ कथाकार अखिलेश ने कहा कि श्रीलाल शुक्ल अपने उपन्यास राग दरबारी पर चर्चा की।

## विद्युतीकृत रेल मार्ग के कार्य का दिनेश चंद देशवाल ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सालारपुर अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जंक्शन के 15.33 किमी रेलपथ के दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेल मार्ग के कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर परिमंडल दिनेश चंद देशवाल ने निरीक्षण किया। बाराबंकी से जौनपुर रेल खंड वाया अकबरपुर 237.65 किलोमीटर में रेलपथ के दोहरीकरण विद्युतीकरण सम्बंधी कार्यो के तहत इस दोहरीकरण विद्युतीकरण के कार्य की स्वीकृति के उपरांत बाराबंकी से जौनपुर रेलखंड पर कुल 183.22 किमी का रेल मार्ग दोहरीकृत विद्युतीकृत हो जायेगा और इस रेल मार्ग पर परिचालन संभव हो सकेगा। दिनेश चंद देशवाल ने सालारपुर एवं अयोध्या कैंट स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए स्टेशन पर पैनल रूम, संरक्षा अभिलेखों, संरक्षा सम्बंधी कार्यालयों, संरक्षा के सभी आवश्यक मानकों, संसाधनों और उपकरणों आदि का विधिवत अवलोकन किया गया। उन्होंने रेलपथ सहित अन्य समस्त आवश्यक प्रक्रियाओं का ट्राली के जरिये सालारपुर से अयोध्या कैंट एवं अयोध्या धाम जंक्शन के मध्य गहनता से निरीक्षण किया तथा मार्ग में पडने वाले समपार, रेलवे पुल, टर्न आउट, सिग्नलिंग व्यवस्था तथा रेलपथ की संरक्षा की व्यवस्थाओं का भलीभांति जायजा लेते हुए इसकी समीक्षा की। रेल संरक्षा आयुक्त ने अयोध्या धाम जंक्शनप स्टेशन पर पहुंचकर वर्तमान समय में इस स्टेशन पर किए गये तथा चल रहे विकास कार्यो व सौदर्यीकरण के कार्यो का भी अवलोकन किया। अयोध्या धाम जंक्शन से सालारपुर के मध्य स्पीड ट्रायल किया।

### कोहरे ने ट्रेनों के रफ्तार पर लगाया ब्रेक

**लखनऊ।** कोहरे ने ट्रेनों के रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। ट्रेनें दो से 13 घंटे की देरी से चल रही है। इससे रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के इंतजार में बैठे यात्री बेबस है। यहीं नहीं ट्रेनों की सटीक लोकेशन यात्रियों को नहीं मिलने से स्टेशन के प्लेटफार्म पर भटकने को मजबूर है। सोमवार को लखनऊ आने वाली ट्रेनों में 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस 13 घण्टे की देरी से लखनऊ पहुंच रही हैं। ट्रेनों के इंतजार में यात्री स्टेशनों पर ठिठुरते रहे। गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस 11 घण्टे, झांसी लखनऊ 6 घण्टे, मुम्बई एलटीटी सुल्तानपुर 4 घण्टे, उद्योग नगरी 2:30 घण्टे, हिमगिरी एक्सप्रेस 3, साबरमती एक्सप्रेस 9, नई दिल्ली न्यू जलपाईगुड़ी 10 घण्टे, मरूधर एक्सप्रेस 3 घण्टे, अरुणांचल एक्सप्रेस 6 घण्टे, राजधानी एक्सप्रेस 5:30 घण्टे, उपासना एक्सप्रेस 4 घण्टे, चंडीगढ़ लखनऊ 3 और दून एक्सप्रेस 4 घण्टे लेट रही। हेल्पलाइन के अलावा ट्रेनों का स्टेटस बताने वाले ऐप व वेबसाइट पर भी ट्रेनों की सही जानकारी न मिलने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं।

### शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ मंगलवार को उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की । बैठक में अन्य विषयों के साथ साथ गतिशीलता बढ़ाने, अन्य विकासात्मक ढांचागत कार्यों व रेलपथों पर संरक्षा बढ़ाने पर बल दिया गया। उन्होंने घने कोहरे के इस मौसम के दौरान संरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की कोताही न बरतते हुए रेल परिचालन को सुगम बनाए रखने के लिए कहा। महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा करने के साथ साथ सजग कर्मचारियों को यात्रियों और रेल सम्पत्ति की संरक्षा व सुरक्षा के लिए उच्च मानकों को अपनाकर कार्य करने के लिए संरक्षा पुरस्कार भी दिये। उन्होंने रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों और रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने मण्डलों को गतिशीलता बढ़ाने संबंधी कार्यों में तेजी लाने और कार्यों की प्रगति की जांच करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। शोभन चौधुरी ने कहा कि जब भी आवश्यक हो संबंधित कर्मचारियों को परामर्श व प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेल पटरियों की दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी की जानी चाहिए और कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए।